✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 113 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 17 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




प्रधानमंत्री के निर्देश पर बिहार पहुंचे केंद्रीय मंत्री, सीएम सम्राट चौधरी के साथ लिया बाढ़ और फसल बर्बादी का जायजा

# संकट की घड़ी में बिहार के साथ खड़ी है मोदी सरकार : शिवराज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में भीषण बाढ़ के संकट और किसानों की फसलों को पहुंचे भारी नुकसान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को स्वयं ग्राउंड जीरो पर पहुंचे। यहां आने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राज्य सरकार के मंत्रीगणों तथा केंद्र व राज्य के उच्चस्तरीय दल के साथ हाजीपुर, वैशाली, मुंगेर और भागलपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सघन दौरा किया। कहीं नाव में बैठकर, कहीं ट्रैक्टर पर सवार होकर तो कहीं हवाई सर्वेक्षण के जरिए उन्होंने बाढ़ पीड़ितों का दर्द साझा किया। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने स्पष्ट शब्दों में आश्वस्त



किया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार बिहार की जनता के साथ चट्टान की तरह खड़ी है और संकट की इस घड़ी से हर नागरिक को सुरक्षित उबारने के लिए हरसंभव वित्तीय व ढांचागत सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। बिहार के कई जिलों में गंगा और अन्य नदियों के जलस्तर में रिकॉर्ड वृद्धि से उत्पन्न बाढ़ की विभीषिका को देखते हुए केंद्र सरकार पूरी तरह संवेदनशील और सक्रिय है। बाढ़ की जमीनी हकीकत को अपनी आंखों से देखने के लिए केंद्रीय मंत्री श्री चौहान औपचारिकता से परे सीधे पानी में उतरे। हाजीपुर (वैशाली) के सर्वाधिक प्रभावित तेरसिया और सरायपुर गांवों में उन्होंने मोटरबोट और देशी नाव में सवार होकर जलमग्न रिहायशी इलाकों व खेतों का मुआयना किया। कई दुर्गम स्थानों पर उन्होंने ट्रैक्टर में बैठकर स्थिति देखी। राघोपुर सिक्स लेन ब्रिज से भी उन्होंने बाढ़ के फैलाव और जलस्तर का अवलोकन किया। इसके अलावा मुंगेर में नवागढ़ी राहत शिविर तथा कोजीकरैया बांध का निरीक्षण कर सुरक्षा व जल निकासी के प्रबंधों की समीक्षा की। इसके बाद भागलपुर पहुंचकर उन्होंने स्थापित राहत शिविरों का मुआयना किया और वहां शरण लिए हुए बाढ़ पीड़ितों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बेहद संवेदनशील और भावनात्मक शब्दों में कहा कि मुख्यमंत्री और स्थानीय नागरिकों ने बताया है कि (शेष पृष्ठ 10 पर)




# भवन निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता के ठिकानों पर निगरानी का छापा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में बिहार सरकार के सतर्कता विभाग (निगरानी अन्वेषण ब्यूरो) ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। निगरानी की विशेष टीम ने बुधवार की सुबह भवन निर्माण विभाग (भवन अंचल, पूर्णिया) के अधीक्षण अभियंता सत्येंद्र कुमार चौधरी के पूर्णिया और पटना स्थित तीन अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। सुबह 7 बजे हुई इस अचानक कार्रवाई से भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच हड़कंप मच गया। इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के सीनियर डीएसपी संतोष कुमार और डीएसपी विनोद कुमार कर रहे थे। टीम में इंस्पेक्टर राजेश चौधरी सहित कुल नौ सदस्य शामिल थे। निगरानी की टीम ने पूर्णिया के गिरजा चौक स्थित अधीक्षण अभियंता के दफ्तर और उनके निजी आवासीय परिसर को सुबह से ही अपनी सुरक्षा घेराबंदी में ले लिया। जांच प्रक्रिया पूरी होने तक परिसर के भीतर किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी गई थी। घंटों तक चली सघन तलाशी के दौरान निगरानी अधिकारियों ने अधीक्षण अभियंता के पास उपलब्ध अचल संपत्ति, बेनामी जमीन-जायदाद के कागजात, विभिन्न बैंक खातों की पासबुक, फिक्स्ड डिपॉजिट और अन्य वित्तीय निवेशों से जुड़े कई संदेहास्पद दस्तावेज जब्त किए हैं। सघन पड़ताल और जब्ती सूची तैयार करने के बाद टीम सभी महत्वपूर्ण कागजातों को अपने साथ पटना ले गई। मामले के संदर्भ में जानकारी देते हुए सीनियर डीएसपी संतोष कुमार ने बताया कि अधीक्षण अभियंता सत्येंद्र कुमार चौधरी के खिलाफ निगरानी थाना में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की प्राथमिक शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। फिलहाल जब्त किए गए कागजातों के आधार पर उनकी अवैध संपत्ति का अंतिम मूल्यांकन किया जा रहा है जिसके बाद विधि सम्मत आगे की कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भूमिहीनों को घर बनाने के लिए जल्द मिलेगा भूखंड : श्रवण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के



पात्र भूमिहीन लाभुकों के लिए बड़ी पहल की गई है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि 11 हजार भूमिहीनों को 15 से 30 दिनों के भीतर आवास बनाने के लिए भूखंड उपलब्ध कराया जाए। सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार भूखंड खरीदने के लिए लाभुकों को एक लाख रुपये दिए जाएंगे। मंत्री ने कहा कि पात्र भूमिहीन परिवारों को आवास योजना का लाभ देने में जमीन की कमी बाधा नहीं बननी चाहिए। अधिकारियों को चरणबद्ध तरीके से कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित समय में प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया है। श्रवण कुमार ने बताया कि वर्ष 2016 से अब तक बिहार को केंद्र सरकार से करीब 49 लाख 16 हजार आवासों का लक्ष्य मिला है। इनमें लगभग 43 लाख आवास पूर्ण हो चुके हैं जबकि करीब छह लाख आवासों को पूरा (शेष पृष्ठ 10 पर)




## सूचना

**विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर 17 सितम्बर 2026 को नवबिहार टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस बंद रहेगा। अतः अगला अंक 19 सितम्बर को प्रकाशित होगा।**

संपादक

## अनंत नाग को मिलेगा दादा साहब फाल्के सम्मान

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** साल 2024 का दादा साहेब फाल्के पुरस्कार वरिष्ठ भारतीय कलाकार अनंत नाग को दिया जाएगा। यह सम्मान भारतीय सिनेमा में उनके शानदार योगदान और लंबे सिनेमाई सफर के लिए दिया जा रहा है। इस सम्मान को पाने के बाद पीएम मोदी ने भी उन्हें बधाई दी है। इससे पहले साल 2025 में उन्हें पद्मभूषण से भी सम्मानित किया गया था। 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में अभिनेता अनंत नाग को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस समारोह का आयोजन 22 सितंबर 2026 को गुजरात के एकता नगर, केवड़िया में होगा।

## किसान की पीट-पीटकर हत्या

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना अंतर्गत सनौत पंचायत के नारोघाट गांव में बुधवार को उस वक्त सनसनी फैल गई जब बधार से एक 50 वर्षीय किसान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया। मृतक की पहचान नारोघाट गांव निवासी प्रेमन मांझी के रूप में की गई है। ग्रामीणों के अनुसार किसान की हत्या उसके सिंचाई फार्म हाउस के समीप लाठी-डंडों से पीट-पीटकर बेरहमी से की गई है। मृतक के शरीर पर गंभीर चोटों और गहरे जख्म के निशान पाए गए हैं।






# वीबी-जी रामजी से मिलेगी आर्थिक विकास को गति : श्रवण कुमार

## ग्रामीण विकास और जनसंपर्क मंत्री ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम को किया संबोधित


नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** ग्रामीण विकास और न-संपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने वीबी-जी राम जी कार्यक्रम को लेकर कहा कि इससे राज्य के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। इसकी मदद से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण से आर्थिक विकास की नई राह प्रशस्त होगी। साथ ही रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि अधिकारी चरणबद्ध तरीके से योजना बनाएं और समय-सीमा में इसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। ताकि निर्धारित समय में योजना पूरा नहीं होने पर जुर्माने का भी प्रावधान है। इसमें शामिल नए प्रावधानों के तहत अब अकुशल कामगारों को 125 दिन का रोजगार दिया जाएगा। विभागीय मंत्री श्रवण कुमार पुराने सचिवालय परिसर स्थित अधिवेशन भवन में वीबी-जी राम जी योजना को लेकर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में राज्य के सभी उप विकास आयुक्त, निदेशक राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम और वीबी-जी राम जी के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद थे। इन सभी पदाधिकारियों को 1 जुलाई से नए कलेवर के साथ शुरू हुई इस रोजगार सृजन योजना के क्रियान्वयन से संबंधित तकनीकी जानकारी दी गई। उन्होंने इस योजना के तहत विशेषत से ग्रामीण इलाकों में मौसम आधारित कार्यों, पार्कों के निर्माण, किसानों के लिए हाट एवं विपणन केंद्रों, कच्ची ग्रामीण सड़कों, पुल-पुलिया, युवाओं के लिए खेल मैदान, आंगनबाड़ी केंद्र एवं पशु, मुर्गी, बकरी एवं सूअर शेड का निर्माण कराने पर विशेष जोर दिया। मंत्री ने कहा कि जीविका दीदियों के उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए पंचायत, प्रखंड, जिला और राष्ट्रीय स्तर पर हाट और बाजार का निर्धारण किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीण निर्धन बच्चों के लिए लाइब्रेरी भवनों के निर्माण पर बल दिया। साथ ही बायोगैस संयोजनों में आ रही शिथिलता को दूर करने और निजी भागीदारी को बढ़ावा देकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को लेकर मंत्री ने निर्देश दिया कि इसके तहत आवास की पात्रता रखने वाले भूमिहीन 11 हजार लाभार्थियों को 15-30 दिनों में जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ऐसे लाभार्थियों के लिए सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं होने पर पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना के तहत एक लाख रुपये जमीन खरीदने का वित्तीय सहयोग दिया जाएगा, ताकि गरीबों के आवास का सपना पूरा हो सके।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन राष्ट्र सेवा और समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की मंगलकामना की है। अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन राष्ट्र सेवा, संकल्प और अंत्योदय की भावना के प्रति समर्पित रहा है। उनके नेतृत्व में भारत ने आर्थिक, सामरिक, तकनीकी एवं सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है तथा वैश्विक मंच पर देश की प्रतिष्ठा और प्रभाव को नई ऊंचाई मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के विकास एवं सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया गया है। गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के हित में किए गए प्रयासों से समावेशी विकास और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को गति मिली है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री का राष्ट्र के प्रति समर्पण और सार्वजनिक जीवन में उनकी निरंतर सक्रियता युवा पीढ़ी को देश की सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करती है। उनका जन्मदिवस देशवासियों के लिए राष्ट्र सेवा और विकास के संकल्प को और मजबूत करने का अवसर है।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर बिहार में आज जलेगा 'आशीर्वाद का दीया'

## सम्राट चौधरी समेत प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और कई नेता करेंगे दीप प्रज्ज्वलित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से बिहार में गुरुवार को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घ सार्वजनिक जीवन, राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के प्रति समर्पण के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं व्यक्त करेंगे। पटना के पाटलीपुत्र खेल परिसर में शाम सात बजे आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दीप प्रज्ज्वलित करेंगे। वहीं, दरभंगा स्टेडियम में शाम सात बजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सरावगी 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित करेंगे। दरभंगा के राज मैदान परिषद में भी सांसद गोपालजी ठाकुर एवं प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी दीप प्रज्ज्वलित करेंगे। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की सहभागिता रहेगी। बेगूसराय के सिमरिया घाट पर शाम सात बजे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह दीप प्रज्ज्वलित करेंगे। पटना के मरीन ड्राइव पर बिहार सरकार के मंत्री ई. शैलेन्द्र कुमार, कच्ची तलाब में विधायक संजीव चौरसिया तथा कंकड़बाग मेट्रो स्टेशन पर सांसद रविशंकर प्रसाद एवं विधायक संजय गुप्ता कार्यक्रम में शामिल होकर दीप प्रज्ज्वलित करेंगे।

# केप टाउन में डॉ. प्रेम कुमार ने जलवायु न्याय, वित्त और वैश्विक सहयोग पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में आयोजित 69वें कॉमनवेल्थ संसदीय संघ (सीपीए) सम्मेलन में बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने 'जलवायु अनुकूलन और लचीलापन बढ़ाने में संसदीय नेतृत्व की भूमिका' विषय पर भारत का दृष्टिकोण रखा। उन्होंने जलवायु परिवर्तन को पूरी मानवता से जुड़ा साझा संकट बताते हुए सामूहिक, न्यायसंगत और समन्वित प्रयासों पर बल दिया। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि करीब 3.6 अरब लोग सूखा, बाढ़, चक्रवात, बढ़ते तापमान तथा जल और खाद्य असुरक्षा जैसे जलवायु प्रभावों से प्रभावित हैं। उन्होंने आपदाओं के बाद राहत-बचाव के साथ जोखिमों के पूर्व आकलन, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली और आपदा-रोधी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारत जैसे विकासशील देशों के सामने आर्थिक विकास के साथ जलवायु चुनौतियों से निपटने की दोहरी जिम्मेदारी है। उन्होंने 2023 में पेरिस समझौते के तहत भारत के प्रारंभिक 'एडप्टेशन कम्युनिकेशन' का उल्लेख करते हुए जलवायु न्याय की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा-रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन, नमामि गंगे, मिष्टी, आर्द्रभूमि संरक्षण, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम और मिशन लाइफ जैसी पहलों की जानकारी दी। फरवरी 2026 तक गैर-जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों की 52.57 प्रतिशत हिस्सेदारी और 520.51 गीगावाट क्षमता का भी उल्लेख किया। उन्होंने बिहार विधान सभा में जलवायु एवं पर्यावरण पर आठ घंटे चले विमर्श और उससे आकार ली जल-जीवन-हरियाली पहल का भी उल्लेख किया। उन्होंने जलवायु अनुकूलन को विधायी-बजटीय प्रक्रियाओं में स्थान देने, वैज्ञानिक आकलन, जलवायु वित्त व तकनीकी हस्तांतरण, राष्ट्रमंडल देशों के बीच 'क्लाइमेट पार्लियामेंट्री कोऑपरेशन नेटवर्क' तथा स्थानीय समुदायों और महिलाओं की भागीदारी पर जोर दिया। सत्र में जमैका, केन्या, युगांडा और पाकिस्तान के प्रतिनिधि शामिल हुए। जमैका संसद की अध्यक्ष जूलियट होलनेस ने डॉ. प्रेम कुमार का स्वागत किया। डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

# पहले और अब बताएगा आंगनबाड़ी का बदलाव, आज से शुरू 'सेवा संकल्प अभियान'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य में सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के साथ अब उनके जीवन में आए बदलाव की कहानी भी सामने लाई जाएगी। इसी उद्देश्य से प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। एक महीने तक चलने वाले इस अभियान में आंगनबाड़ी केंद्रों पर जनभागीदारी, पोषण, स्कूल पूर्व शिक्षा और महिला-बाल विकास से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन होगा। इस दौरान लाभार्थी स्वयं बताएंगे कि विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने से उनके जीवन में किस तरह का बदलाव आया है। अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को जिला परियोजना और आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया जाएगा। आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका अपने पोषक क्षेत्र के लाभुकों और जीविका दीदियों को कार्यक्रम में आमंत्रित करेंगी। लाभार्थी विभिन्न योजनाओं से मिल रहे लाभ और अपने अनुभव साझा करेंगे। इन अनुभवों को वीडियो और रील के रूप में तैयार कर पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। अभियान के दौरान 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम भी आयोजित होगा। इसमें पोषण माह की गतिविधियों को जोड़ते हुए अन्नप्राशन, गोद भराई समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्कूल पूर्व शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों को मिठाई और फल खिलाकर उनके साथ सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दिया जाएगा।

# बी. डी. कॉलेज में हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना के हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी पखवाड़ा के अवसर पर विभिन्न साहित्यिक एवं भाषायी गतिविधियों के क्रम में आज एक प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा हिन्दी भाषा एवं साहित्य के प्रति अपनी रचनात्मक अभिरुचि का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. लाडली कुमारी ने प्रतियोगिता के नियमों एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों को विद्यार्थियों के समक्ष स्पष्ट रूप से रखा। उन्होंने हिन्दी पखवाड़ा के उद्देश्य एवं वर्तमान समय में हिन्दी की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को हिन्दी के प्रति सक्रिय एवं रचनात्मक होने के लिए प्रेरित किया। विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. शत्रुघ्न शरण सिंह ने हिन्दी भाषा के महत्व, उसकी व्यापकता तथा भविष्य की संभावनाओं पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों से हिन्दी को केवल अध्ययन का विषय न मानकर अपने व्यवहार एवं अभिव्यक्ति का माध्यम बनाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. अमित कुमार ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का निष्पक्ष मूल्यांकन करते हुए परिणाम घोषित किया। उनके द्वारा दिया गया निर्णय प्रतिभागियों के प्रदर्शन एवं प्रतियोगिता के निर्धारित मानदंडों पर आधारित रहा। प्रतियोगिता के परिणाम में प्रथम स्थान-सिमरन कुमारी, द्वितीय स्थान-सुहानी कुमारी एवं शिवानी कुमारी तथा तृतीय स्थान-नेहा कुमारी एवं अन्नू रंजन ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद के कर-कमलों से प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# 'विश्व ओजोन दिवस' पर बी.डी. कॉलेज में नुक्कड़ नाटक का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना के प्रांगण में भूगोल विभाग द्वारा 'विश्व ओजोन दिवस' के अवसर पर एक भव्य नुक्कड़ नाटक का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) दिवाकर प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य ओजोन परत के संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति छात्र-छात्राओं और समाज को जागरूक करना था। नाटक के माध्यम से भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने 'ओजोन है तो सुरक्षा है, ओजोन है तो जीवन है' और 'ओजोन बचाओ, धरती बचाओ' जैसे महत्वपूर्ण संदेशों को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रांगण में भारी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष कुमारी निशा रानी, डॉ. मनीषा प्रियम्बदा, डॉ. सुधीर कुमार सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और तालियों के साथ कलाकारों का हौसला बढ़ाया।

# खेल व्यक्तित्व विकास, अनुशासन और नेतृत्व का सशक्त माध्यम : विजय प्रकाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बिहार विद्यापीठ में बुधवार को वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रशिक्षुओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सहयोग एवं टीम भावना जैसे जीवनोपयोगी गुणों का विकास होता है। उन्होंने 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' टैगलाइन के माध्यम से वर्तमान समय में खेलों के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवा जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी उपलब्धियों के लिए प्रेरित होते हैं तथा खेल संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बिहार विद्यापीठ की निदेशक, शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय, डॉ. मृदुला प्रकाश ने प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल अब महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश ने खेलों की समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल के माध्यम से युवा शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनने के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व को भी प्रभावी ढंग से निखार सकते हैं।

# पंचायतों में हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेवारी थीम पर हो रहा पोषण माह का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वावधान में बिहार में 9 सितम्बर से 8 अक्टूबर तक 9वें राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेवारी थीम पर आधारित पोषण माह का उद्देश्य कुपोषण के विरुद्ध जन-आंदोलन को और सशक्त बनाना और सामुदायिक स्तर पर पोषण के प्रति जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन लाना है। पिछले आठ वर्षों से जारी पोषण माह अभियान का जीविका दीदियों ने हर वर्ष सफलता पूर्वक संचालन किया है जिसके सापेक्षित परिणाम भी मिले हैं। लोगों में अपने स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता आई है। संस्थागत एवं सुरक्षित प्रसव में बढ़ोतरी के साथ-साथ शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। जीविका के अधिकारियों का कहना है कि अभियान के तहत लक्षित ग्रामीण महिलाएं एवं नवजात के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण को धरातल पर उतारने में बिहार की जीविका दीदियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और निर्णायक साबित हो रही है।

# पटना में 'नशा मुक्त बिहार' को लेकर प्रभावशाली इन्फ्लुएंसर मीट का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नशामुक्त भारत' के राष्ट्रव्यापी संकल्प एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन से प्रेरित होकर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में नशा मुक्ति के आह्वान के आलोक में आज पटना स्थित आईआईबीएम सभागार में 'नशा मुक्त बिहार' विषय पर इन्फ्लुएंसर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, युवा, समाजसेवी और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने भाग लिया। वक्ताओं ने डिजिटल प्लेटफॉर्म को नशा विरोधी जनजागरूकता का प्रभावी माध्यम बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में नशे के सामाजिक प्रभाव, युवाओं पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव तथा परिवार और समाज पर इसके असर को लेकर चर्चा की गई। बिहार में 'नशा मुक्त बिहार' को लेकर विभिन्न स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम पहले भी आयोजित किए जाते रहे हैं। मार्च 2026 में पटना मैराथन भी इसी थीम के साथ आयोजित हुई थी जिसमें हजारों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में बिहार के उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर ने नशे को सामाजिक समस्या बताते हुए युवाओं में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नशे का प्रभाव केवल संबंधित व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इससे परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति भी प्रभावित हो सकती है। उनके अनुसार युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए परिवार, समाज और सरकार के साथ सामुदायिक स्तर पर भी प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए बड़ी संख्या में युवाओं तक संदेश पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने इन्फ्लुएंसर्स से अपने-अपने प्लेटफॉर्म का उपयोग नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए करने की अपील की।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर लें 'विकसित भारत' का संकल्प : डॉ. अशोक वर्मा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** राष्ट्रीय सहयोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक वर्मा ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर देशवासियों से अपील की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को 'संकल्प दिवस' के रूप में मनाते हुए 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने का संकल्प लिया जाए। डॉ. वर्मा ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य किसी एक दल या व्यक्ति तक सीमित नहीं, बल्कि देश के सामूहिक प्रयास से जुड़ा राष्ट्रीय संकल्प है। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नागरिकों को अपनी-अपनी क्षमता और जिम्मेदारी के अनुरूप राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देना होगा। प्रधानमंत्री ने भी 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को सामूहिक प्रयास से जोड़ते हुए नागरिक भागीदारी पर जोर दिया है। डॉ. वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं दीर्घायु की मंगलकामना करते हुए कहा कि 17 सितंबर को केवल प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन समारोह तक सीमित न रखकर इसे राष्ट्र निर्माण के संकल्प का दिवस बनाया जाए।

# ओजोन परत संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की ओर से संगोष्ठी आयोजित की गई। संयुक्त राष्ट्र महासभा के दिसंबर 1994 के निर्णय के बाद प्रत्येक वर्ष 16 सितंबर को 'इंटरनेशनल डे फॉर प्रिजर्वेशन ऑफ ओजोन लेयर' मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम 'ग्लोबल एक्शन फॉर अ कूलर प्लैनेट- शीतल ग्रह के लिए वैश्विक प्रयास' है। कार्यक्रम में पर्षद के सदस्य-सचिव नीरज नारायण, पर्षद के वैज्ञानिक, अभियंता, क्षेत्रीय कार्यालयों के पदाधिकारी और अन्य लोग शामिल हुए। संगोष्ठी में ओजोन परत के संरक्षण के लिए व्यक्तिगत स्तर पर किए जाने वाले व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई। सदस्य-सचिव नीरज नारायण ने दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के प्राध्यापक प्रोफ़ेसर पार्थ सारथी का स्वागत करते हुए कहा कि धरती के समक्ष मौजूद चुनौतियों के प्रति प्रतिक्रिया और कार्ययोजना के लिहाज से यह कार्यशाला उपयोगी है। कम लागत वाले बेहतर वैकल्पिक पदार्थों के इस्तेमाल से ओजोन संरक्षण में मदद मिलेगी। प्रोफेसर पार्थ सारथी ने ओजोन क्षयकारी पदार्थों के उपयोग से ओजोन स्तर में कमी की प्रक्रिया की तकनीकी जानकारी दी और कहा कि मानवीय गतिविधियों से होने वाला सतही ओजोन पर्यावरण और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। वैज्ञानिक डॉ. नवीन कुमार ने मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल, किगाली संशोधन और ओजोन क्षयकारी पदार्थों के चरणबद्ध इस्तेमाल में कमी के वैश्विक प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने 2000 में ओजोन क्षयकारी पदार्थों के उत्पादन, निर्यात, बिक्री और आयात को विनियमित करने वाले नियम अधिसूचित किए। वैश्विक प्रयासों से ओजोन परत के पुनरुद्धार की दिशा में प्रगति हुई है। अंटार्कटिका में 2066, आर्कटिक में 2045 और वैश्विक औसत स्तर पर 2040 तक 1980 के स्तर पर पहुंचने की आशा है। समापन पर वैज्ञानिक अरुण कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# शिक्षा के 25 वर्षों के सफर के साथ खेल को बढ़ावा

## जेनिथ सिल्वर जुबली कप की ट्रॉफी लान्च



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** जेनिथ कॉमर्स एकेडमी के 25 वर्षों के गौरवपूर्ण सफर के अवसर पर 'जेनिथ सिल्वर जुबली कप क्रिकेट टूर्नामेंट' का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पटना में क्रिकेट प्रतियोगिता की ट्रॉफी का भव्य अनावरण किया गया। जेनिथ सिल्वर जुबली कप टूर्नामेंट की शुरुआत 19 सितंबर से होगी। जेनिथ सिल्वर जुबली कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पटना के ऊर्जा टर्फ स्टेडियम में किया जाएगा। ट्रॉफी अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व सचिव रविशंकर तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने ट्रॉफी का अनावरण कर प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। वर्ष 2001 में स्थापित जेनिथ कॉमर्स एकेडमी ने शिक्षा के क्षेत्र में 25 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा पूरी की है। सिल्वर जुबिली के अवसर पर संस्थान द्वारा शिक्षा के साथ-साथ खेल को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों एवं युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, आत्मविश्वास एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

# केवाइपी केंद्र संचालन को लेकर दी गयी जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली टीम के प्रतिनिधिमंडल ने विभागीय मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, विभागीय सचिव डॉ. कौशल किशोर, ए.सी.इ.ओ. नवदीप शुक्ला एवं स्कूलनेट सहित अन्य संबंधित पदाधिकारियों से मिलकर केवाईपी की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमंडल को प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 सितंबर 2026 को जीबी की बैठक प्रस्तावित है। जीबी की बैठक के उपरांत केवाईपी को पुनः चालू करने संबंधित फाइल आगामी कैबिनेट में स्वीकृति के लिए भेजे जाने की प्रक्रिया है। कैबिनेट से स्वीकृति प्राप्त होने के बाद केवाईपी केंद्रों के रिन्यूवल एवं बैच प्रारंभ करने की अनुमति दिए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। इससे केवाईपी केंद्र संचालकों एवं प्रशिक्षणार्थियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर संबंधित पदाधिकारियों से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में डॉ. आनन्द रंजन झा, राकेश कुमार सिन्हा, चंदन कुमार, प्रतीक एवं धर्मदेव पासवान उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने केवाईपी के सुचारू संचालन, केंद्रों के रिन्यूवल एवं प्रशिक्षण कार्य पुनः प्रारंभ कराने को लेकर अपनी बात रखी। यह जानकारी संबंधित पदाधिकारियों से प्राप्त प्रस्तावित प्रक्रिया पर आधारित है। अंतिम निर्णय एवं संचालन की अनुमति सक्षम स्तर से स्वीकृति के बाद ही सुनिश्चित होगी।

# जिलाधिकारी ने किया रोहतास डेयरी प्रोजेक्ट का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने शाहाबाद दुग्ध संघ, आरा की इकाई रोहतास डेयरी प्रोजेक्ट, डिहरी ऑन-सोन का भ्रमण कर विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। भ्रमण के दौरान डेयरी परिसर में प्रस्तावित बकरी पालन केन्द्र योजना की समीक्षा की गई। इसके तहत लगभग 200 बकरियों के पालन और उनसे प्राप्त दूध के संग्रहण, प्रसंस्करण व विपणन पर चर्चा हुई। पशुपालकों को डाट के माध्यम से सीधे भुगतान की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने नई दुग्ध समितियों के गठन, अधिक से अधिक पशुपालकों को सहकारिता से जोड़ने और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही 30 मीट्रिक टन क्षमता वाले मिल्क पाउडर प्लांट की स्थापना कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज, प्रबंध निदेशक शाहाबाद दुग्ध संघ अमित कुमार सुमन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जेल में कैदी की इलाज के दौरान मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** सासाराम मंडल कारा में बंद विचाराधीन कैदी अमरजीत यादव (25) की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक तिलौथू थाना क्षेत्र के रामडिहरा गांव का रहने वाला था। परिजनों ने जेल प्रशासन पर लापरवाही और हत्या का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। अमरजीत दूसरे प्रदेश में मजदूरी कर परिवार चलाता था। पुलिस ने उसे शनिवार को शराब से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया था। कोर्ट में पेशी के बाद उसे सासाराम मंडल कारा भेज दिया गया था। जेल में रहने के दो दिन बाद उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई। जेल प्रशासन ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती कराया। अमरजीत को सुबह करीब 8 बजे अस्पताल लाया गया था। दोपहर करीब 2 बजे इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# रेलवे-डीएफसी के बीच सुरक्षा को लेकर बैठक, त्योहारों में संयुक्त कार्रवाई पर बनी रणनीति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) की संपत्ति की सुरक्षा को और सुदृढ़ करने तथा यात्री एवं मालगाड़ियों का सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) डिहरी और डीएफसी के बीच संयुक्त सुरक्षा बैठक आयोजित की गई। दीन दयाल उपाध्याय यूनिट के मुख्य महाप्रबंधक अतुल कुमार, पूर्वी डीएफसी सुरक्षा के महानिरीक्षक आशीष मिश्रा एवं आरपीएफ के सीनियर कमांडेंट दिनेश सिंह तोमर के निर्देश पर डिहरी ऑन-सोन आरपीएफ पोस्ट में आयोजित बैठक में आगामी पितृपक्ष एवं त्योहारों के दौरान भीड़ नियंत्रण, यात्री सुरक्षा, रेल संपत्ति की सुरक्षा एवं संरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में दोनों सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर ड्यूटी के दौरान सतर्कता बरतने तथा आवश्यकता पड़ने पर संयुक्त कार्रवाई करने की रणनीति बनाई गई। रेल पटरी पार करने से होने वाले संभावित हादसों एवं जोखिम को रोकने के लिए संयुक्त जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही निरोधात्मक कार्रवाई करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में रेलवे एवं डीएफसी की सुरक्षा और संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए आगे की संयुक्त कार्ययोजना तैयार की गई। इस दौरान डीएफसी सुरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुरक्षा गार्डों को मुख्य महाप्रबंधक अतुल कुमार द्वारा स्वीकृत 10 हजार रुपये का रिवॉर्ड भी प्रदान किया गया। बैठक में डिहरी आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक आरके कछवाहा, डीएफसी के प्रभारी निरीक्षक वीके सिंह, डीएफसी की सुरक्षा में तैनात करीब 20 भूतपूर्व सैनिकों के अलावा आरपीएफ एवं डीएफसी के अधिकारी और जवान उपस्थित थे।

## दिनारा के लाल एवं दिल्ली विकास प्राधिकार के मुख्य अभियंता को दिल्ली के मुख्यमंत्री ने किया पुरस्कृत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दिनारा (रोहतास)।** आधुनिक भारत के महान अभियंता एवं भारत रत्न डॉक्टर मोक्षमुंडन विश्वेसरैया के जयंती सह अभियंता दिवस पर बिहार के रोहतास जिला के अंतर्गत दिनारा के लाल और दिल्ली विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता (चीफ इंजीनियर) अरुण कुमार को राष्ट्र निर्माण एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदानों के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा विशिष्ट अभियंता पुरस्कार से नवाजे जाने पर दिनारा में खुशी की लहर है। उनके इस विशिष्ट उपलब्धि पर एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी एवं प्रतिष्ठित शिक्षाविद व साहित्यकार डॉक्टर सरोज कुमार गुप्ता ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए ई.अरुण कुमार को हार्दिक बधाई दी।

## राजद नेता सत्येंद्र सिंह यादव के निधन पर शोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** राजद के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र सिंह यादव के आकस्मिक निधन से शहर में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर पाली स्थित बाबा हरि मार्केट में शोकसभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शोकसभा का संचालन अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने किया। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। शोकसभा में पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, राजद के पूर्व प्रत्याशी गुड्डू चन्द्रवंशी, ददन सिंह, अमित सिंह, रमन सिंह, पूर्व पार्षद तपेश्वर सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, पार्षद मंजू देवी, भाजपा नेता कालेन्द्र प्रताप वर्मा, अमरेन्द्र पाल, राजेश्वर सिंह, संजय सिंह, लक्षणदेव सिंह, हरे राम मुखिया, उमा सिंह, धनजी सिंह सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अधिकारी पहुंचे गांव, ग्रामीणों को मिला त्वरित समाधान

### समहुता सहयोग शिविर में 70 में 69 आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकबरपुर (रोहतास)।** रोहतास प्रखंड के समहुता स्थित नवनिर्मित सरकार भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न विभागों के काउंटर लगाए गए। शिविर का उद्घाटन जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान कुल 70 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 69 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया जबकि एक आवेदन लंबित रहा। शिविर में स्वास्थ्य, कृषि, राजस्व, बिजली, सहकारिता, राशन, आवास समेत कई विभागों के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं जिनमें कई मामलों का तत्काल समाधान किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को लाभ भी प्रदान किया। सूर्या देवी को आवास योजना के तहत पक्के मकान की चाबी सौंपी गई। मीना कुमारी एवं सोनी कुमारी को आयुष्मान कार्ड, विशाल कुमार एवं आशीष कुमार को जन्म प्रमाणपत्र, संजू देवी को राशन कार्ड तथा आरती देवी को लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत शौचालय निर्माण का लाभ दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार के 'सबका सम्मान, जीवन आसान' निश्चय अभियान के तहत पंचायतों में क्रमवार सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान करना है, ताकि लोगों को प्रखंड एवं अन्य सरकारी कार्यालयों का बार-बार चक्कर नहीं लगाना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को आवेदनों का पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही साइबर ठगी से बचने के लिए अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने तथा ओटीपी, एटीएम पिन और यूपीआई पिन साझा नहीं करने की अपील की।

## अनिश होटल में देह व्यापार का भंडाफोड़, चार महिलाओं, एक युवक सहित मैनेजर गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित होटल अनीश में प्रशासन ने मंगलवार देर शाम छापेमारी कर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया। होटल के कमरे से चार महिलाएं, एक पुरुष और होटल मैनेजर को गिरफ्तार किया गया है। एसडीएम निलेश कुमार ने बताया कि स्टेशन रोड के होटलों में देह व्यापार की सूचना लंबे समय से मिल रही थी। इसी के आलोक में मंगलवार शाम होटल अनीश में छापा मारा गया। छापेमारी के दौरान आपत्तिजनक स्थिति में चार महिला और एक पुरुष मिले। साथ ही होटल मैनेजर ओम प्रकाश को भी हिरासत में लिया गया। तलाशी में कमरे से भारी मात्रा में कंडोम और मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। होटल के रजिस्टर में किसी का नाम दर्ज नहीं था। होटल संचालन में मानकों की अनदेखी की जा रही थी। सभी गिरफ्तार बालिग है। एसडीएम ने बताया कि महिलाओं से पूछताछ की जा रही है, प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी दल में प्रभारी एसडीपीओ संजीव कुमार, नगर थानाध्यक्ष राहुल कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल थे।

## भभुआ में बसपा की जोन स्तरीय संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

### 9 अक्टूबर को कांशीराम महापरिनिर्वाण दिवस बड़े पैमाने पर मनाने का निर्णय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में जोन नं.-1 सासाराम जोन स्तरीय संगठनात्मक बैठक गणेश वाटिका, भभुआ, कैमूर में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष अयोध्या राम एवं संचालन बसपा नेता विशंभर नाथ सिंह ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर एवं युग पुरुष मान्यवर कांशीराम साहब के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि डॉ खालाजी मेमकर, केंद्रीय स्टेट प्रभारी बिहार, विशिष्ट अतिथि एडवोकेट पी. बौद्ध, केंद्रीय स्टेट प्रभारी, मा. शंकर महतो, प्रदेश अध्यक्ष, बसपा बिहार, मा. सतीश कुमार, जोन प्रभारी, पूर्व लोक सभा प्रत्याशी। बैठक में जोन स्तरीय सभी जिला कमेटी एवं सेक्टर एवं बूथ कमेटी को दुरुस्त एवं मजबूत करने को लेकर सभी जिलाध्यक्षों को दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही बामसेफ-बसपा संस्थापक कांशीराम का महापरिनिर्वाण दिवस 9 अक्टूबर 2026 को बड़े पैमाने पर मनाने का दिशा-निर्देश मुख्य अतिथि द्वारा दिया गया। बसपा चली गांव की ओर सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि देश का अगला प्रधानमंत्री सन 2029 में बहन कुमारी मायावती, राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएसपी को बनाना है। इस अवसर पर बसपा प्रदेश महासचिव अरुण कुमार राम, प्रदेश महासचिव मोहम्मद अब्दुल करीम अंसारी, सुभाष अंबेडकर, सरवर अली खान, प्रदेश सचिव राम एकबाल राम, बसपा के पूर्व प्रभारी विष्णु कुमार भूषण, पूर्व जिला अध्यक्ष छोटेलाल राम,बसपा मिशन गायक टुना बैरागी, विजय कुमार, रण विजय कुमार, सुरेंद्र राम, जगत नारायण राम, उपेंद्र राम, महावीर यादव, विनय कुमार, प्रेमचंद राम,अनंत कुमार, सुभाष कुमार, अखिलेश कुमार, नरेश रविदास, रवि कुमार, बालेश्वर पंडित, रामस्वरूप राजवंशी सहित बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पूर्व जिला पार्षद गुप्तेश्वर मिश्र के निधन पर शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यवसायी एवं पूर्व जिला पार्षद गुप्तेश्वर मिश्र का मंगलवार अहले सुबह असामयिक निधन हो गया, वे लंबे समय से बीमारी से परेशान चल रहे थे, उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार सुबह उनके निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके आवास शिव कॉम्प्लेक्स पर अंतिम दर्शन के लिए पहुंचने लगे और परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। बताते चलें कि गुप्तेश्वर मिश्र न सिर्फ एक सफल व्यवसायी थे बल्कि सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही है। जिला पार्षद के रूप में उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए थे जिस कारण लोगों के बीच उनकी अच्छी पकड़ थी। उनके निधन पर जिला पार्षद सदस्य प्रभास चन्द्र सिंह, भाजपा नेता बलिराम मिश्र, पूर्व जिला पार्षद विजय प्रसाद, डॉ अरुण कुमार, भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता खुशी चंद गुप्ता, पूर्व चेयरमैन रब नवाज खां, गुप्तेश्वर प्रसाद, रंजीत सिंह, बबन पांडेय, घनश्याम कुमार, चित्तरंजन सिंह, पूर्व मुखिया अंकित मिश्र, टुनटुन मिश्र, दिनेश कुमार मिश्र, अविनाश पांडेय सहित कई गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी और इसे समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

## जलनिकासी व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए व्यापक तैयारियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के दिशा-निर्देश पर डीडीयू जंक्शन एवं इससे संबद्ध विभिन्न रेलवे कॉलोनियों में मानसून से पहले जलनिकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक पूर्व तैयारियां की गईं। 20 अगस्त 2026 से अब तक इस क्षेत्र में लगभग 295 मिलीमीटर की भारी बारिश हुई है। इस दौरान भी डीडीयू जंक्शन एवं संबंधित रेलवे कॉलोनियों में जलनिकासी व्यवस्था सुचारु बनी रही। इसके लिए पिछले लगभग आठ माह के दौरान इंजीनियरिंग तथा पर्यावरण एवं गृह प्रबंधन विभाग द्वारा चिन्हित स्थानों पर नालियों की क्षमता बढ़ाने, नई नालियों के निर्माण, पुरानी नालियों के चौड़ीकरण, डी-सिल्टिंग तथा जलनिकासी मार्गों की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के कार्य किए गए। बारिश के दौरान भी इन व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। जून 2026 में यूरोपियन कॉलोनी के बड़े नाले की सफाई कर दी गई। लगभग साढ़े तीन किलोमीटर लंबे सट्टी वाले नाले की सफाई स्थानीय नगर निकाय एवं प्रशासन के सहयोग से जेसीबी, हाइड्रा एवं पोकलेन जैसी मशीनों के माध्यम से कराई गई। इसके साथ ही लोको कॉलोनी से मानस नगर कॉलोनी की ओर जाने वाले बड़े नाले पर मुख्य सड़क की पुलिया के स्पैन की गहन सफाई कराई गई, ताकि पानी के प्रवाह में किसी प्रकार का अवरोध न रहे। प्रमुख जलनिकासी मार्गों की सफाई के साथ संभावित अवरोधों एवं अतिक्रमण को हटाकर जलप्रवाह को सुचारु रखने पर विशेष ध्यान दिया गया। यूरोपियन कॉलोनी में बड़े चर्च के पीछे लगभग 400 मीटर नई नाली का निर्माण तथा इस कॉलोनी क्षेत्र में करीब 200 मीटर पुरानी नाली का चौड़ीकरण किया गया। यूरोपियन कॉलोनी के बड़े नाले से वर्षाजल की बाहरी निकासी के लिए सट्टी वाले नाले के साथ इसके जुड़ाव एवं जलप्रवाह को सुचारु बनाने हेतु आवश्यक सुधार किए गए। विभिन्न स्थानों पर नालियों के ऊपर आवागमन के लिए बनी पुलियों के नीचे भी सफाई कराई गई। साथ ही चिन्हित निचले क्षेत्रों में जलनिकासी व्यवस्था में आवश्यक सुधार किए गए। नई नालियों का निर्माण उचित ढाल एवं ग्रेडिएंट के साथ किया गया, जिससे वर्षाजल की वहन क्षमता और निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहायता मिली।

मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के मार्गदर्शन में डीडीयू जंक्शन के साथ लगभग 3,700 रेलवे क्वार्टरों वाले करीब 3 वर्ग किलोमीटर के विस्तृत एवं सघन रेल क्षेत्र में प्रभावी जलनिकासी व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

# युवा उद्यमी ओमप्रकाश पांडे की पहल, युवाओं को मिल रहा रोजगार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**विक्रमगंज (रोहतास)।** बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे बिक्रमगंज क्षेत्र के लोगों के लिए युवा उद्यमी ओमप्रकाश पांडे एक मिसाल बनकर उभरे हैं। कम उम्र और कम समय में ही उन्होंने अपने गृह क्षेत्र बिक्रमगंज में ही सीमेंट, बोतल और पेयजल के उद्योग की स्थापना कर स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है। उनके इस प्रयास की क्षेत्र में सर्वत्र सराहना हो रही है। रियल वाटर और पांडे पाताल उद्योग के नाम से संचालित उनके इस व्यवसाय ने न केवल व्यापार के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है, बल्कि स्थानीय स्तर पर गरीब और निर्धन परिवारों के लिए मुक्त सेवा प्रदान करने का संकल्प भी लिया है। बुधवार को बिक्रमगंज में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में ओमप्रकाश पांडे ने अपने भावी सामाजिक और व्यावसायिक उद्देश्यों को जनता के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य केवल व्यापार विस्तार नहीं, बल्कि क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और जरूरतमंदों की मदद करना है। उनके द्वारा हाल में ली गई स्कॉर्पियो गाड़ी और उनके कार्यों की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है वहीं अन्य उद्योगपतियों ने भी उनकी सोच और कार्यशैली की खुलकर प्रशंसा की है।

## तेज आंधी और मूसलाधार बारिश से विक्रमगंज में जनजीवन अस्त-व्यस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र में मंगलवार और बुधवार को लगातार हुई तेज आंधी के साथ मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। दो दिनों तक रुक-रुक कर हुई भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण आम लोगों की दिनचर्या ठप पड़ गई। आंधी इतनी तेज थी कि कई जगहों पर बड़े-बड़े पेड़ों की डालियां टूटकर मुख्य सड़कों और गलियों में गिर गईं जिससे आवागमन बाधित हो गया। कई स्थानों पर बिजली के तारों पर पेड़ गिरने से विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित रही। सबसे अधिक परेशानी झोपड़ियों में रहने वाले गरीब परिवारों को झेलनी पड़ी जहां कई लोगों की झोपड़ियां तेज हवा में उजड़ गईं और सामान भीगकर खराब हो गया। वहीं बाजार क्षेत्र में फल और सब्जी विक्रेताओं की अस्थायी दुकानें तहस-नहस हो गईं जिससे उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा। लगातार बारिश से सरकारी कार्यालयों, आवासीय परिसरों और चहारदीवारी वाले मकानों में पानी जमा हो गया। मुख्य सब्जी मंडी और फल बाजार में कीचड़ और जलजमाव की स्थिति बन गई जिसके कारण लोगों को जूते-चप्पल हाथ में लेकर बाजार से गुजरना पड़ा। दो दिनों तक खराब मौसम के कारण बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और लोग घरों में दुबके रहने को मजबूर हुए। इधर जलजमाव ने नगर पंचायत के विकास के दावों की पोल खोल दी है, स्थानीय लोगों ने कहा कि हर साल बरसात में नाली और गली की बदतर स्थिति सामने आ जाती है लेकिन जनप्रतिनिधि केवल झूठे वादे करते हैं। इस संबंध में मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि अभी इस तरह का मौसम पूरे सप्ताह तक बने रहने की संभावना है, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **निविदा सं. :** ईएलईजी-ओटी-1349-2026-27-आर, **दिनांक** 14.09.2026; **कार्य का विवरणः** सब-स्टेशन स्थानांतरण के लिए सामान्य विद्युतीय कार्य - डीडीजे जंक्शन स्टेशन में नए सब-स्टेशन की स्थापना के लिए विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 1,32,75,347; **बयाना राशिः** रु. 2,65,500; **समापन अवधिः** 18 महीने। **बोली शुरू होने की तारीखः** 21.09.2026। **निविदा निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 05.10.2026 को 14.00 बजे। निविदा सूचना का विस्तृत विवरण एवं समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (SDAH-223/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**


**ई-निविदा सं. :** एलआरसी_आरएसपी_पीयूफोम_आरएसपी_735, **दिनांक** 14.09.2026; उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (एलएचबी), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए वित्तीय एवं तकनीकी क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन ई-निविदाएं (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नामः** एलएचबी कोचों में बर्थों एवं सीटों का रेट्रोफिटमेंट। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 36,52,40,123.41। **बयाना राशिः** रु. 73,04,800। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 05.10.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट जहां निविदा का संपूर्ण विवरण उपलब्ध हैः** www.ireps.gov.in निविदा सूचना के प्रकाशन के उपरांत प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, के लिए निविदाताओं को नियमित रूप से आईआरईपीएस पोर्टल देखने की सलाह दी जाती है। (MISC-187/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना (नोटिस)**


Schedule XLIII - High Court (M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974.]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure)
एक मफरूर शख्स को हाजिर करने का इश्तिहार।
(SPL)
Printed by : Prisoners of B. M. C. Jail, Hotwar, Ranchi, Phone : 0651 - 2276012

नाम- (1) योगेन्द्र पासवान, पिता-स्व0 उचित पासवान, सा0-मेरौनी, ओ0पी0-हरिहरपुर, थाना-भवनाथपुर, जिला-गढ़वा, झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप नगर उंटारी थाना कांड सं0-132/2025, दिनांक-06.09.2025, धारा-323, 324, 379, 452, 498ए, भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे हैं। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, सुश्री राजश्री अपर्णा कुजुर, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी, जिला-गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक-13.08.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक-25.08.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार है। उक्त इश्तिहार में आपको अविलंब माननीय न्यायालय, सुश्री राजश्री अपर्णा कुजुर, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी, जिला-गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप अविलंब माननीय न्यायालय, सुश्री राजश्री अपर्णा कुजुर, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी, जिला-गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 389910 Police (26-27)_D

# जिलाधिकारी ने किसानों के साथ न्याय का दिया भरोसा : प्रभाकर झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने एक शिष्टमंडल के साथ नवादा जिला अंतर्गत मोतनाजे व मधुबन गांव में गंगा जल परियोजना के तहत प्रशासन द्वारा किसानों का जमीन दमनकारी नीति के तहत अधिग्रहण किया जा रहा है, जिसे लेकर चार सूत्री मांग का ज्ञापन जिला पदाधिकारी को दिया। प्रभाकर झा ने कहा कि इस भूमि अधिग्रहण के कारण क्षेत्र के करीब 3000 किसान परिवारों के सामने आजीविका और भुखमरी का घोर संकट पैदा हो जायेगा, क्योंकि उनकी पूरी अर्थव्यवस्था और जीवनयापन इसी कृषि भूमि पर निर्भर है। जिला अध्यक्ष प्रभाकर झा ने कहा कि विकास की योजनाओं का हम स्वागत करते हैं लेकिन विकास की नींव किसानों की बर्बादी पर नहीं रखी जा सकती। किसानों का ना तो विश्वास में लिया गया और ना ही बाजार दर पर उचित मुआवजा तय किया गया। फेज 1 में गंगा जलाशय परियोजना के तहत किसानों के 27 एकड़ अधिग्रहण की गई जमीन में से बकाया 15 एकड़ जमीन की की भी जांच कर मुआवजा देने तथा इस स्थान से सटे नालंदा और नवादा के मुआवजा राशि में अंतर पर भी विचार करने का अनुरोध किया। दिए गए ज्ञापन में चार सूत्री मांगे निम्नलिखित हैं :

1. मधुबन और मोतनाजे में किसानों की इच्छा के विरुद्ध लिए जा रहे भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए।
2. किसी भी विकास योजना को लागू करने से पहले स्थानीय किसानों व ग्रामीणों को विश्वास में लिया जाए।
3. यदि परियोजना इस स्थान पर बनना अत्यंत आवश्यक है तो प्रभावित हो रहे हैं 3000 परिवारों के लिए भूमि के बदले उचित वैकल्पिक भूमि , बाजार दर से चार गुना मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को रोजगार सुनिश्चित किया जाए।
4. नई जगह पर सम्मानजनक पुनर्वास और बुनियादी सुविधाएं जैसे सड़क, पानी, बिजली ,स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र सुनिश्चित किया जाए।

श्री झा ने ज्ञापन में कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव किसानों के हक और न्याय के लिए प्रतिबद्ध रही है यदि प्रशासन द्वारा किसानों के दमन और इस जबरन भूमि अधिग्रहण को तुरंत नहीं रोका गया तो जिला कांग्रेस कमेटी किसानों के समर्थन में सड़कों पर उतरेगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। जिलाधिकारी महोदय ने आश्वस्त किया है कि किसानों के साथ कानूनी प्रक्रिया के तहत न्याय किया जाएगा।

# दस लक्षण पर्युषण महापर्व का शुभारंभ, जैन मंदिर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। जैन धर्म के प्रमुख एवं पवित्र पर्व दस लक्षण पर्युषण महापर्व का शुभारंभ बुधवार को अस्पताल रोड स्थित जैन मंदिर, नवादा में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ हुआ। दस दिनों तक चलने वाले इस महापर्व के प्रथम दिन जैन समाज के श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर द्वारा बताए गए दस धर्मों के पालन का संकल्प लिया।

दस लक्षण महापर्व भाद्रपद मास की पंचमी तिथि से प्रारंभ होकर चतुर्दशी तिथि तक मनाया जाता है। इन दस दिनों के दौरान जैन धर्मावलंबी आत्मशुद्धि, संयम और सदाचार के मार्ग पर चलने का प्रयास करते हैं। दस धर्मों में उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन्य और उत्तम ब्रह्मचर्य शामिल हैं।

महापर्व के प्रथम दिन सुबह से ही जैन मंदिर में समाज के लोगों का जुटना शुरू हो गया। श्रद्धालु पीले वस्त्र धारण कर धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हुए। मंदिर में भगवान जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने कलश स्थापना, अभिषेक एवं अन्य धार्मिक विधियों में भाग लिया। इस दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। भक्ति संगीत और धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु उत्साह के साथ झूमते नजर आए।

दस धर्मों के प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म की विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने क्षमा के महत्व को समझते हुए आपसी वैमनस्य को दूर कर प्रेम, सद्भाव और शांति के साथ जीवन जीने का संदेश लिया।

संध्या बेला में मंदिर परिसर में भगवान की महा आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे कार्यक्रम में जैन समाज की कार्यकारिणी समिति, जैन महिला मिलन, जैन बहू मिलन, जैन युवा संगठन सहित संपूर्ण जैन समाज के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक योगदान दिया। महापर्व को लेकर जैन समाज में विशेष उत्साह देखा गया।

# संगठनात्मक विस्तार करेगी जन सुराज पार्टी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। विधान परिषद के संभावित चुनाव, पार्टी के संगठनात्मक विस्तार और पार्टी सूत्रधार व बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रशांत किशोर के नवादा आगमन की तैयारी को लेकर पार्टी की एक बैठक बुधवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। पार्टी के जिला अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले भर के एकल पदधारकों ने हिस्सा लेकर उपरोक्त बिंदुओं पर गंभीर चर्चा की। जिला अध्यक्ष ने इस बात को प्रमुखता से उठाया कि आगामी विधान परिषद चुनाव के दोनों सीटों पर पार्टी मजबूती से उतारेगी। इन्होंने कहा कि स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए पार्टी के उम्मीदवार स्थानीय कार्यकर्ताओं की बदौलत अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएंगे। एक बार फिर बांकीपुर की तरह एमएलसी चुनाव में पटना निर्वाचन क्षेत्र से जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरेंगे। इसके अलावा जिले भर में संगठन के विस्तार को लेकर लोगों ने अपनी राय रखी। पार्टी पदाधिकारी ने जोर देकर कहा कि बैठकों में नियमित उपस्थिति और प्रखंड स्तर तक जिला स्तरीय पदाधिकारी का नियमित दौरा टीम को मजबूती प्रदान करेगा। इस दौरान पार्टी के अकाल पद धारकों ने बारी-बारी से अपनी बात रखी। इधर, पार्टी की प्रदेश इकाई ने बांकीपुर विधायक व जनसुराज पार्टी के सूत्रधार आदरणीय प्रशांत किशोर के नवादा दौरा को लेकर अपनी सक्रियता तेज कर दी है। इस कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारी व कार्य कर्ताओं में उत्साह बना हुआ है। आगमन कार्यक्रम की सफलता को लेकर अलग-अलग कमेटियों का गठन किया जा रहा है। इसके लिए गांव स्तर तक जिला स्तरीय पदाधिकारी का दौरा भी तय होने जा रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए जन सुराज पार्टी के जोनल पदाधिकारी अजय कुमार ने कहा कि आगामी एमएलसी चुनाव एक बेहतर रणनीति के साथ लड़ने जा रही है। इसके लिए प्रखंड स्तर तक कमेटियों का गठन किया गया है। इसमें शामिल सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेवारियां दी गई है। बैठक में अरविंद कुमार गुप्ता, पूनम कुमारी, राधा देवी, ललन शर्मा, अरविंद कुमार, नीरज कुमार, बबलू कुमार, देवराज प्रसाद, रजनीश कुमार, स्वीटी सिंहा, जुबैर आलम, सहित अन्य मौजूद थे।

# कार-बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नारदीगंज (नवादा)**। थाना क्षेत्र के राजगीर-बोधगया फोरलेन पर पड़रिया मोड़ के समीप बुधवार दोपहर बाद कार और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर निवासी स्व. हरि नंदन प्रसाद के पुत्र अभिषेक कुमार (25) के रूप में हुई है। हालांकि, वह मूल रूप से नरहट थाना क्षेत्र के करमा गांव का निवासी था। हादसे में रजौर निवासी संजय प्रसाद का 30 वर्षीय पुत्र ओंकार कुमार और उनकी 55 वर्षीय मां संगीता सिन्हा घायल हो गईं। बताया गया कि अभिषेक अपने ससुराल रजौर आया हुआ था। सभी लोग रजौर गांव से बाइक पर सवार होकर नारदीगंज की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पड़रिया मोड़ के समीप कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। घटना के बाद कार में सवार लोग वाहन छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस टीम ने घायलों को नारदीगंज सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद अभिषेक कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं, ओंकार कुमार और संगीता सिन्हा का सीएचसी में प्राथमिक इलाज करने के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया गया। सूचना मिलने पर एसआई अभिषेक कुमार और एएसआई अनुज कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की छानबीन में जुट गए। हादसे की खबर मिलते ही स्वजन और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। लोगों ने बताया कि अभिषेक की शादी हिंदू रीति-रिवाज से पिछले वर्ष हुई थी।

# वारसी महाविद्यालय में गर्ल्स कॉमन रूम का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखंड के वारसी महाविद्यालय पांडेयगंगौट के डिग्री खंड (प्रशासकीय भवन) में बुधवार को गर्ल्स कॉमन रूम का भव्य उद्घाटन सह शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी प्रो. डॉ. नवल किशोर यादव ने दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. बिपिन सिन्हा ने की,जबकि मंच संचालन अवध किशोर पांडेय ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए एमएलसी प्रो. डॉ. नवल किशोर यादव ने कहा कि महाविद्यालय परिसर में छात्राओं के लिए गर्ल्स कॉमन रूम की सुविधा उपलब्ध होना आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बल देकर कहा कि शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं को न केवल बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलना चाहिए,बल्कि उनकी आवश्यक सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। राष्ट्र और समाज के निर्माण में शिक्षकों के अतुलनीय योगदान को रेखांकित करते हुए उन्होंने शिक्षकों की भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन द्वारा महाविद्यालय के शिक्षकों सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा स्थानीय पत्रकारों को अंग वस्त्र एवं डायरी देकर सम्मानित किया गया। संस्थापक प्राचार्य डॉ. बिपिन सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कॉलेज की शैक्षणिक गतिविधियों व उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्राओं को अध्ययन और अन्य गतिविधियों के दौरान सहूलियत देने के उद्देश्य से इस कॉमन रूम की शुरुआत की गई है। वहीं उन्होंने एमएलसी डॉ० प्रो० नवल किशोर यादव के कार्यकलापों की भी प्रशंसा करते हुए आगामी होने वाले चुनाव में शिक्षक हित में एक बार फिर से समर्थन

## एक नजर

### 250 किसानों को मिला प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर अवस्थित कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा में बुधवार को 'राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन' के तहत प्राकृतिक खेती विषय पर एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में कौआकोल प्रखंड के सोखोदेवरा गांव के 125 तथा नरहट प्रखंड के बभनौर गांव के 125 सहित कुल 250 चयनित प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विषय वस्तु विशेषज्ञ अंगद कुमार ने किसानों को प्राकृतिक खेती के सिद्धांत,आवश्यकता एवं व्यावहारिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित हो रही है। देशी गाय आधारित प्राकृतिक खेती से खेती की लागत कम करने के साथ मिट्टी, पर्यावरण और जनस्वास्थ्य को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, आच्छादन (मल्चिंग), वापसा तथा देशी गाय आधारित प्राकृतिक कीट प्रबंधन की जानकारी दी गई।

### महिला को व्यवसाय के लिए इनर व्हील क्लब ने दी सामग्री

**नवादा**। दुर्गापूजा के अवसर को देखते हुए इनर व्हील क्लब नवादा की महिलाओं ने एक जरूरतमंद महिला की आर्थिक स्थिति सुधारने के उद्देश्य से उसे व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। क्लब की इस पहल का उद्देश्य महिला को आत्मनिर्भर बनाना और उसे अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए आय का साधन उपलब्ध कराना रहा। इस अवसर पर क्लब की प्रेसिडेंट रेखा रानी, सावित्री बरनवाल, आशा देवी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। क्लब की सदस्यों ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को समय पर सहयोग मिलने से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। दुर्गापूजा जैसे महत्वपूर्ण पर्व के दौरान इस तरह की सहायता से महिला को अपना छोटा व्यवसाय शुरू करने और आर्थिक रूप से मजबूत बनने का अवसर मिलेगा। सामग्री प्राप्त करने के बाद महिला काफी खुश नजर आई। उसने क्लब की सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह उपलब्ध सामग्री के साथ पूरी मेहनत करेगी, ताकि अपने बच्चों और परिवार की बेहतर देखभाल कर सके तथा अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार ला सके। इनर व्हील क्लब की इस पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना की और कहा कि जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार एवं व्यवसाय के लिए सहयोग देना उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है।

### अंचल अधिकारी ने की कर्मियों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकबरपुर** । अंचल कार्यालय में बुधवार को अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में सभी कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यालय के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए आम लोगों को समय पर सरकारी सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। अंचलाधिकारी संजय कुमार प्रसाद ने कर्मचारियों से कहा कि राजस्व संबंधी कार्यों, दाखिल-खारिज, भूमि विवाद, प्रमाण-पत्र, लगान वसूली तथा अन्य लंबित मामलों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यालय में आने वाले आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उसका उचित समाधान करने की बात कही। बैठक के दौरान लंबित मामलों की स्थिति की जानकारी ली गई और कार्यों में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अंचलाधिकारी ने कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ कार्य करना होगा।बैठक में कार्यालय के सभी संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नालंदा

# शिक्षा से ही बेहतर समाज का निर्माणः नीतीश कुमार

**महाबोधि महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन और आइटीइपी सत्र 2026-30 का उद्घाटन**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। महाबोधि महाविद्यालय, नालंदा के नव-निर्मित भवन एवं आईटीईपी शैक्षणिक सत्र 2026-2030 का भव्य उद्घाटन बुधवार को जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही बेहतर समाज का निर्माण होता है। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रचनात्मक सोच और कौशल विकास के अवसर मिलना जरूरी है। समारोह में ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, मंत्री जमा खां, मुख्य सचेतक संजय गांधी, विधान पार्षद के उपनेता ललन सर्राफ, सचेतक रीना यादव, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. उपेंद्र प्रसाद, महाविद्यालय के सचिव राजेंद्र प्रसाद तथा 38 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश बहरी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने की। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।इस दौरान महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'नव चेतना' का विमोचन भी नीतीश कुमार ने किया। पत्रिका में शैक्षणिक गतिविधियों, शोधपरक लेखों, रचनात्मक अभिव्यक्तियों तथा सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को स्थान दिया गया है। नीतीश कुमार ने पत्रिका की सराहना करते हुए विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, चिंतन और अभिव्यक्ति के विकास को महत्वपूर्ण बताया। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए आधारभूत संरचना का विकास आवश्यक है। नव-निर्मित भवन विद्यार्थियों को बेहतर एवं सुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में सहायक होगा। समारोह में विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के समन्वयक डॉ. कमलनयन प्रसाद समेत कई शिक्षाविद् उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि शिक्षा, शोध, एनसीसी, एनएसएस, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स में खासा उत्साह देखा गया।

# हिंदी दिवस पर महाविद्यालय में हिंदी पखवारा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नगरनौसा**। हिंदी दिवस के अवसर पर बुधवार के दिन नगरनौसा महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के संरक्षक सह प्राचार्य प्रो. संजय कुमार ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि, सम्मान एवं अपनत्व की भावना विकसित करना तथा हिंदी को दैनिक व्यवहार में अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित करना रहा।अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रो. संजय कुमार ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से दैनिक जीवन में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम ही नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विरासत की महत्वपूर्ण कड़ी है।कार्यक्रम के अगले चरण में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. विनोद मिश्र ने 'हिंदी की विकास यात्रा' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने हिंदी की ऐतिहासिक परंपरा, विकासक्रम और वर्तमान स्वरूप से उपस्थित लोगों को परिचित कराया। इसके अलावा डॉ. नीतीश वर्धन एवं डॉ. नितेश कुमार मिश्रा ने भी हिंदी भाषा के महत्व और वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम से पूर्व आयोजित पोस्टर एवं स्लोगन निर्माण प्रतियोगिता में भी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और हिंदी के प्रति अपनी रचनात्मक सोच को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं के परिणाम में पोस्टर-स्लोगन निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियंका कुमारी, द्वितीय रोशनी कुमारी तथा तृतीय स्थान कौशल कुमार ने प्राप्त किया। वहीं कविता पाठ एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम रोशनी कुमारी, द्वितीय मिषा भारती तथा तृतीय स्थान सुरुचि कुमारी ने हासिल किया। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अन्य सभी प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन के लिए सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह में प्राध्यापक जावेद हुसैन, गुलशन कुमार, रेशम राज, फलक अब्दुल जलील, मान्या सिंह, महाविद्यालय के सहायक रंजीत कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन सहायक प्राध्यापिका शिल्पी कुमारी ने किया। कार्यक्रम के अंत में सहायक प्राध्यापक डॉ. गोविंद कुमार ने प्राचार्य, प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राओं एवं आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह के समापन के बाद उपस्थित लोगों के बीच अल्पाहार का वितरण किया गया।

# अधूरे विकास कार्य शीघ्र पूरे करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने बुधवार को स्थल निरीक्षण कर प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को अधूरे कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने तथा निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। विधायक ने सबसे पहले मोगलकुआं क्षेत्र पहुंचकर निर्माणाधीन सड़क, नाला और अन्य विकास योजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने जल निकासी की व्यवस्था, निर्माण की गुणवत्ता और स्थानीय लोगों को हो रही समस्याओं की जानकारी ली। कार्यों में मिली कमियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने कल्याणपुर क्षेत्र में चल रही योजनाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों से कार्य की प्रगति, समय-सीमा और तकनीकी पहलुओं की जानकारी लेते हुए जनहित को प्राथमिकता देने को कहा। डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि विकास योजनाओं का उद्देश्य लोगों को बेहतर सड़क, जल निकासी और सुगम आवागमन सहित आवश्यक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। निर्माण के दौरान स्थानीय लोगों को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। तकनीकी या व्यवहारिक समस्या सामने आने पर उसका तत्काल समाधान किया जाए।उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर योजनाओं में तेजी लाने और विकास कार्यों में गति, गुणवत्ता व पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया।

# राजगृह में 20 सितंबर को होगा राजपूत महासभा संकल्प सम्मेलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। राष्ट्रीय राजपूत महासभा सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक बुधवार को महासभा के उदंतपुरी स्थित स्थानीय कार्यालय परिसर में हुई। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने की। बैठक में पांच लाख लोगों के गांधी मैदान, पटना कार्यक्रम के ऐतिहासिक आयोजन से पहले बिहार के सभी 38 जिलों में होने वाले संकल्प सम्मेलनों की तैयारियों की समीक्षा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पहला संकल्प सम्मेलन 20 सितंबर रविवार को मगध की प्राचीन राजधानी राजगृह स्थित कन्वेंशन हॉल में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद कार्यक्रम का अंतिम आयोजन पटना के गांधी मैदान में प्रस्तावित है।राजगृह कन्वेंशन हॉल में होने वाले सम्मेलन में बिहार के विभिन्न जिलों से प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन में पांच लाख लोगों के गांधी मैदान कार्यक्रम की तैयारियों के साथ सामाजिक वजूद, ईडब्ल्यूएस की स्थिति, यूजीसी अधिनियम, एससी-एसटी एक्ट, शिक्षा, सर्विस, उद्योग-व्यवसाय तथा सामाजिक कुरीतियों समेत विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।बैठक में निरंजन सिंह, ओमप्रकाश सिंह, संतोष कुमार सिंह, निशांत प्रताप, अमर राजपूत, मुनचुन सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, अनुज कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिंह, अभी सिंह, राज किशोर सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, विवेक कुमार, विनय कुमार सिंह समेत अन्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# नगरनौसा में गूंजा स्वर्वेद का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नगरनौसा**। विहंगम योग संत समाज की स्थापना के 103वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर मंगलवार को नगरनौसा उच्च विद्यालय के मैदान में 'जय स्वर्वेद कथा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु महाराज द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में वाराणसी स्थित स्वर्वेद महामंदिर के तत्वावधान में आयोजित 25 हजार कुंडलीय ज्ञान महायज्ञ में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में संत प्रवर विज्ञानदेव महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। उनके आगमन को लेकर श्रद्धालुओं एवं विहंगम योग संत समाज से जुड़े लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज द्वारा स्वर्वेद के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से व्यापक भारत भ्रमण किया जा रहा है। जुलाई से अक्टूबर तक चल रहे इस अभियान के दौरान वे कन्याकुमारी से कश्मीर तक विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लोगों को आध्यात्मिक जीवन, आत्मज्ञान एवं स्वर्वेद के संदेश से जोड़ रहे हैं। इसी क्रम में 16 सितंबर को नगरनौसा में विशेष 'जय स्वर्वेद कथा' का आयोजन किया गया। आयोजकों ने बताया कि स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का उद्देश्य लोगों को आध्यात्मिक चेतना, आत्मशांति एवं सदाचार के मार्ग से जोड़ना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। इस मौके पर हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी उर्फ प्रेम मुखिया, थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा, अभय नंदन पांडेय, अजित कुमार, पैक्स अध्यक्ष रजनीकांत कुमार, राजाराम प्रसाद, छोटे सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### ओजोन परत संरक्षण के लिए स्वच्छ ऊर्जा और हरित जीवनशैली अपनाने पर बल

**बिहारशरीफ**। नालंदा कॉलेज में विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर भूगोल विभाग के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर सुनीता सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य वक्ता वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुमित कुमार ने ठंडे ग्रह के लिए वैश्विक प्रयास विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लगातार बढ़ता वैश्विक तापमान मौसम के स्वरूप में बदलाव, अत्यधिक गर्मी, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और जैव विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। ऐसे में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना वैश्विक प्राथमिकता होनी चाहिए। विभागाध्यक्ष डॉ. भावना ने कहा कि कूल प्लैनेट का अर्थ केवल तापमान कम करना नहीं, बल्कि ऐसी जीवनशैली और विकास मॉडल अपनाना है, जिससे प्रकृति पर दबाव कम हो। इसके लिए अक्षय ऊर्जा का विस्तार, ऊर्जा की बचत, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, हरित क्षेत्र का विस्तार, जल संरक्षण, टिकाऊ कृषि और बेहतर कचरा प्रबंधन जरूरी है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित, स्वच्छ और रहने योग्य बनाए रखने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने अधिकाधिक वृक्षारोपण करने तथा मौजूदा वनों के संरक्षण का संकल्प लिया।

### वेणुवन पार्क में बच्चों ने जाना पौधों और पर्यावरण संरक्षण का महत्व

**राजगीर**। नालंदा वन प्रमंडल पदाधिकारी के आदेशानुसार वेणुवन पार्क में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का थीम प्रकृति को जानें-पौधों को पहचानें-पर्यावरण को बढ़ाएं रखा गया। इसमें जवाहर नवोदय विद्यालय, राजगीर के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण एवं वनस्पतियों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। बच्चों को बांस की विभिन्न प्रजातियों की पहचान के साथ-साथ अलग-अलग पौधों और वृक्षों के बारे में बताया गया। वहीं औषधीय पौधों के औषधीय एवं उपयोगी गुणों की जानकारी भी दी गई। वन विभाग के कर्मियों ने पौधों के पर्यावरण एवं जैव-विविधता में महत्व को समझाते हुए जल, मृदा और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। इसके अलावा बच्चों को हरित जीवनशैली अपनाने और पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न उपायों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में वनों के क्षेत्र पदाधिकारी श्याम कुमार पाण्डेय के अलावा वनरक्षी विवेक कुमार, नंदकिशोर पंडित, मौसम कुमार, मुकेश कुमार एवं विद्यानंद यादव उपस्थित रहे।

### 42 वर्षों से चली आ रही गणेश पूजा की परंपरा, खोदागंज में सजा भव्य पंडाल

**इस्लामपुर**। इस्लामपुर नगर सहित प्रखंड क्षेत्र के खोदागंज बाजार में गणेश पूजा का पर्व उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। धार्मिक अनुष्ठान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाए। नगर के सत्यारगंज, हनुमानगंज और मलिकसराय मोहल्ले सहित खोदागंज बाजार में जगह-जगह गणेश प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है। खोदागंज बाजार के राजगीर रोड स्थित अखंड बाल सेवा समिति की ओर से भव्य पंडाल बनाकर विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। पूजा को लेकर पूरे इस्लामपुर और खोदागंज बाजार का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंडाल पहुंचकर गणपति के दर्शन कर रहे हैं और सुख-समृद्धि, शांति एवं परिवार के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।समिति के अध्यक्ष राजा मिस्त्री एवं मोहित पाण्डेय ने बताया कि खोदागंज और इस्लामपुर बाजार में गणपति पूजा की परंपरा पिछले 42 वर्षों से चली आ रही है। आज भी श्रद्धालु उसी परंपरा और आस्था के साथ गणेश पूजा का आयोजन कर रहे हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि भगवान गणेश को विघ्न और बाधाओं को हरने वाला देवता माना जाता है।

# प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने की गया-रफीगंज राज्य पथ के चौड़ीकरण की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया जी से परैया, गुरारू होते हुए रफीगंज तक करीब 37 किलोमीटर लंबे राज्य पथ के चौड़ीकरण की मांग को लेकर भाजपा अति पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र भेजा है। 15 सितंबर को भेजे पत्र में उन्होंने कहा है कि यह मार्ग गया, औरंगाबाद तथा चतरा (झारखंड) को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क पथ है और इस पर प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होता है। सड़क के किनारे भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) का बड़ा खाद्यान्न गोदाम भी स्थित है जहां से बिहार के विभिन्न जिलों में खाद्यान्न का परिवहन किया जाता है। सड़क की कम चौड़ाई के कारण यातायात में कठिनाइयों के साथ आए दिन दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। उन्होंने कहा कि मार्ग का चौड़ीकरण होने से लाखों लोगों का आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित होगा। साथ ही एफसीआई के गोदाम से बिहार के विभिन्न जिलों तक खाद्यान्न के परिवहन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को गति मिलेगी। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने मुख्यमंत्री से जनहित में गया जी से परैया, गुरारू होते हुए रफीगंज तक राज्य पथ के चौड़ीकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई और संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया है।




## आकाशीय बिजली का कहर, विवाहिता की दर्दनाक मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांकेबाजार।** जिले के बांकेबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत मोनेयां गांव में बुधवार को आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने से एक 25 वर्षीय महिला की असमय मौत हो गई। मृतका की पहचान मोनेयां गांव निवासी रफीक मियां की पुत्री अख्तरी खातून (25) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि अख्तरी अपने घर के पिछले हिस्से में लगे चापाकल से घरेलू उपयोग के लिए पानी भर रही थी, तभी अचानक तेज गड़गड़ाहट के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में वह आ गई। वज्रपात इतना जोरदार था कि अख्तरी खातून गंभीर रूप से झुलस गई और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

# यूपीआई ट्रांजेक्शन पर टैक्स को लेकर शेरघाटी के व्यवसायियों में नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** यूपीआई ट्रांजेक्शन पर टैक्स अथवा अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने की बात को लेकर शेरघाटी के व्यवसायी वर्ग में नाराजगी देखी जा रही है। बुधवार को शहर में इस मुद्दे को लेकर जब विभिन्न व्यवसायियों से बातचीत की गई तो कई कारोबारियों ने सरकार की इस नीति का विरोध करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। व्यवसायियों का कहना है कि सरकार ने पहले लोगों को कैशलेस और डिजिटल भुगतान की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यूपीआई के माध्यम से लेनदेन को आसान बनाकर इसे व्यापक स्तर पर अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अब यूपीआई ट्रांजेक्शन पर टैक्स अथवा अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने की चर्चा से व्यवसायी वर्ग चिंतित है। उनका कहना है कि इससे छोटे और मध्यम वर्ग के कारोबारियों पर आर्थिक दबाव बढ़ सकता है। शेरघाटी के सोना-चांदी व्यवसायी एवं राजद नेता प्रमोद वर्मा ने कहा कि सरकार की नीतियों से व्यवसायी वर्ग पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कारोबार करना पहले से ही कई चुनौतियों से भरा हुआ है और इस तरह के अतिरिक्त शुल्क से व्यवसाय करने में और परेशानी हो सकती है। इसे लेकर व्यवसायियों में काफी नाराजगी है। वहीं, टाइल्स व्यवसायी रवि अग्रवाल ने भी इस नीति का विरोध किया। उन्होंने कहा कि सरकार को इस तरह का फैसला लेने से पहले व्यवसायियों की समस्याओं और उनके हितों पर विचार करना चाहिए। कमल सिंह, आरएसएस से जुड़े कार्यकर्ता ने कहा कि सरकार का यह फैसला सही नहीं है वहीं व्यवसायी एवं जदयू नेता संजय कुमार गुप्ता तथा व्यवसायी दिलीप अग्रवाल ने भी इस मुद्दे पर विरोध जताते हुए कहा कि डिजिटल लेनदेन को प्रोत्साहित करने वाली व्यवस्था में व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं डाला जाना चाहिए।

# मंदिर का ताला तोड़ मां दुर्गा की प्रतिमा चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** विष्णुपद थाना क्षेत्र के मारनपुर स्थित ब्रह्मचारी बाबा रोड के देवी मंदिर में चोरों ने ताला तोड़कर मां दुर्गा की प्रतिमा चोरी कर ली। बुधवार रात पूजा के बाद मंदिर बंद कर पुजारी घर चले गए थे। गुरुवार सुबह मंदिर पहुंचने पर चोरी की घटना सामने आई। पुजारी ने बताया कि सुबह मंदिर पहुंचने पर मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। मंदिर के अंदर देखने पर मां दुर्गा की प्रतिमा गायब थी। वहीं प्रतिमा का मुकुट समेत कुछ अन्य सामान पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी आसपास के लोगों को मिलते ही मौके पर काफी संख्या में लोग जुट गए और आक्रोश जताया। पुजारी के अनुसार देवी मंदिर करीब 25 से 30 वर्ष पुराना है। मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा के अलावा अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी स्थापित हैं। उन्होंने बताया कि मां दुर्गा की प्रतिमा दिल्ली से बनकर मंदिर में लाई गई थी। मंदिर में चोरी की सूचना पुजारी ने विष्णुपद थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मंदिर का निरीक्षण किया। पुलिस ने घटनास्थल से जरूरी जानकारी जुटाने के साथ ही मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस फिलहाल चोरी की घटना से जुड़े कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। आसपास के लोगों से भी जानकारी ली जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मंदिर में चोरी कब और किस तरीके से की गई। मामले में आगे की कार्रवाई जांच के आधार पर की जाएगी।

## बुढ़िया नदी में डूबने से छह वर्षीय बच्चे की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के महमदपुर के समीप बुढ़िया नदी में बुधवार को डूबने से छह वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान महमदपुर निवासी प्रेम कुमार, पिता प्रमोद मांझी के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ नदी के पास जुट गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार नदी में मानक से अधिक बालू का उठाव किए जाने के कारण कई स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। इन्हीं गड्ढों में पानी जमा होने से हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों ने कहा कि नदी से लगातार अत्यधिक बालू उठाव के कारण गहराई बढ़ गई है जिससे लोगों के लिए खतरा बना हुआ है।

# बीस सूत्री की बैठक में अधिकारियों की अनुपस्थिति पर फूटा गुस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को बीस सूत्री की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा ने की। राष्ट्रगान के साथ बैठक की शुरुआत हुई। संचालन भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने किया। बैठक में कई विभागों के अधिकारियों के अनुपस्थित रहने पर सदस्यों ने नाराजगी जताई। अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा ने कहा कि अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए वरीय अधिकारियों को लिखा जाएगा। बीडीओ चंदन कुमार ने बताया कि आवास योजना की नई सूची दो सप्ताह में सार्वजनिक कर दी जाएगी। सर्वे और सत्यापन के बाद ही पात्र लाभुकों को लाभ मिलेगा। अंचलाधिकारी ऋतु सोनी ने कहा कि अंचल में अधिकांश कर्मी नए हैं, दाखिल-खारिज का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पूर्व में कर्मचारियों के हड़ताल पर रहने से कार्य बाधित हुआ था। बैठक में सदस्यों ने अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना चढ़ावे के काम नहीं होता। सभा को संबोधित करते हुए टिकारी विधायक अजय दांगी ने कहा कि गरारी पंचायत में आवास योजना में भारी धांधली हुई है। अपात्र लोगों को लाभ दिया गया है जबकि गरीब और जरूरतमंद आज भी सूची से बाहर है। उन्होंने बीडीओ से पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और पात्र लोगों को आवास देने की मांग की। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रंजीत कुमार ने ओटीआर योजना की जानकारी दी। मनरेगा पीओ ने बताया कि प्रखंड में 800 योजनाएं चल रही हैं। आपूर्ति पदाधिकारी सुमन शेखर ने बताया कि 1960 नए राशन कार्ड बनाए जाने हैं और 88 पीडीएस दुकानों की नियमित जांच की जा रही है। सदस्यों ने बताया कि प्रखंड में 40 आंगनबाड़ी केंद्र बंद हैं, कुरमावां में अधिकांश केंद्र नहीं खुलते। 186 चापाकलों की मरम्मत की सूची दी गई, लेकिन एक भी ठीक नहीं हुआ, अस्पताल तक का चापाकल खराब पड़ा है।




## मगध विवि में नव नियुक्त शिक्षकों के वेतन भुगतान का रास्ता साफ, वित्त समिति ने दी मंजूरी

**चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में बुधवार को वित्त समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी ने की। इस दौरान विश्वविद्यालय के नवनियुक्त शिक्षकों के हित में एक अहम फैसला लेते हुए उनके वेतन भुगतान पर सर्वसम्मति से मुहर लगा दी गई। बैठक में बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा मगध विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और कॉलेजों में नियुक्त किए गए नव नियुक्त सहायक प्राध्यापकों के वेतन भुगतान के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। समिति ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि जिन नव नियुक्त प्राध्यापकों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है और जिनकी सत्यापित सूची राज्य सरकार को प्रेषित की जा चुकी है, उनके वेतन का भुगतान तत्काल प्रभाव से शुरू किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि वेतन भुगतान का यह निर्णय चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लागू होगा। इस फैसले से उन तमाम नए सहायक प्राध्यापकों को बड़ी राहत मिली है जो अपनी नियुक्ति के बाद से ही वेतन शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। महत्वपूर्ण बैठक में कुलपति के अलावा विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी इंद्र कुमार सिंह, वित्त परामर्शी अरुण प्रसाद श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम, सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्र, प्रोटोकॉल ऑफिसर डॉ. अमित कुमार सिंह, गणित विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील सुमन भी उपस्थित रहे।

# मानपुर के नारोघाट में 50 वर्षीय किसान की पीट-पीटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सनौत पंचायत के नारोघाट गांव में बुधवार को उस वक्त सनसनी फैल गई जब बधार में एक 50 वर्षीय किसान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया। मृतक की पहचान नारोघाट गांव निवासी प्रेमन मांझी के रूप में की गई है। ग्रामीणों के अनुसार किसान की हत्या उसके सिंचाई फार्म हाउस के समीप लाठी-डंडों से पीट-पीटकर बेरहमी से की गई है। मृतक के शरीर पर गंभीर चोटों और गहरे जख्म के निशान पाए गए हैं। मृतक का शव उसके घर से करीब एक किलोमीटर दूर सुनसान बधार में मिला जहां वह रोजाना की तरह खेती-बाड़ी की देखरेख करने गया था। मृतक के बेटे सुधीर कुमार ने बताया कि वे पांच भाई हैं और उनके पिता अपनी जमीन के साथ-साथ दूसरों की जमीन बटाई पर लेकर खेती करते थे जिससे पूरे परिवार का भरण-पोषण होता था। परिजनों ने फिलहाल किसी व्यक्ति या रंजिश को लेकर सीधा संदेह व्यक्त नहीं किया है जिससे हत्या के पीछे के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। डीएसपी अभिनव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर विधिक प्रक्रिया शुरू की। शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटनास्थल पर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल की टीम को भेजा गया है। प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है और पुलिस सभी संभावित बिंदुओं पर गहनता से तहकीकात कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष देवराज इंद्र, अपर थानाध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद और एसआई मोहम्मद इमरान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने आसपास के किसानों और ग्रामीणों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर मामले का जल्द पर्दाफाश कर अज्ञात हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## योग-आयुर्वेद से स्वास्थ्य का संदेश, 19 से 25 सितंबर तक लगेगा शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के ददरेजी मोड़ के पास पंचमुखी महादेव मंदिर, धरहरा मठ परिसर में 19 से 25 सितंबर तक सात दिवसीय योग शक्ति एवं रोग निवारण शिविर का आयोजन होगा। शिविर स्वामी संतोषानंद योग व आयुर्वेद शोध संस्थान के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग गुरु स्वामी संतोषानंद जी महाराज के मार्गदर्शन में प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक योगाभ्यास, सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक रोग निवारण एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा कार्यक्रम तथा शाम 6 से 8 बजे तक प्रवचन व संत समागम होगा। शिविर में योग, ध्यान और हवन के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन शर्मा ने बताया कि शिविर के अंतिम दिन श्रद्धालुओं एवं उपस्थित लोगों के लिए भंडारा का आयोजन भी किया जाएगा।

## विशेष छापेमारी अभियान में दो मामलों में पांच आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच थाना पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर दो अलग-अलग मामलों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बुधवार को बताया कि सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पहले मामले में कांड संख्या 326/26 के आरोपी खजुरी गांव निवासी अखिलेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। उस पर बीएनएस की धारा 221, 79, 309(3) और उत्पाद अधिनियम की धारा 37 के तहत केस दर्ज है। उसे एसआई सरोज कुमार ने सशस्त्र बल के साथ पकड़ा। दूसरे मामले में एसीजेएम-द्वितीय, गया के कोर्ट में लंबित कंप्लेंट केस 864/18 के वारंटी चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें कौड़िया गांव का मोहन पासवान और बदौली गांव के साधु यादव, टुनटुन यादव व पिंटू यादव शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने कहा कि लंबित वारंटों के निष्पादन के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# कोंच में दो शोकाकुल परिवारों से मिले टिकारी विधायक, बंधाया ढाढस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड के अदोपुर निवासी 28 वर्षीय बृजमोहन यादव की मौत बीते दिनों गाजियाबाद में काम के दौरान गले में तार लपेटने से हो गई थी। सूचना पर बुधवार को टिकारी विधायक अजय दांगी मृतक के भाई नंदलाल यादव के आवास पर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। इसके बाद विधायक तिनेरी पंचायत के कस्तूरीखाप गांव पहुंचे। यहां निरंजन कुमार के पिता राम ईश्वर चंद्रवंशी की गांव के आहर में स्नान के दौरान डूबने से मौत हो गई थी। विधायक ने उनके घर पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया। मौके पर जिला पार्षद प्रतिनिधि मोहन यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि ध्रुवेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## सांप के डसने से महिला जख्मी, परिजनों की सूझबूझ से बची जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के गरारी गांव में मंगलवार शाम करैत सांप के डसने से 45 वर्षीय महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई, लेकिन परिजनों की सूझबूझ से उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार गरारी निवासी संजय यादव की पत्नी देवंती देवी घर में बैठी थीं। करीब साढ़े सात बजे जहरीले करैत सांप ने उनकी पीठ पर डस लिया। शोर सुनकर परिजन पहुंचे। परिजनों ने घबराने के बजाय सांप को पकड़कर बाल्टी में बंद कर दिया और महिला को तुरंत टिकारी अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉ. गिरीश कुमार ने तुरंत इलाज शुरू किया। परिजनों द्वारा बाल्टी में लाए गए सांप को देखने के बाद करैत होने की पुष्टि हुई।

### शपथ पत्र

मैं, ओमकार सेठ उर्फ ओम प्रकाश सोनी उम्र करीब 44 वर्ष पिता रामबली सेठ उर्फ रामबली सोनी निवासी ग्राम+पो.- कथराई, रोहतास (बिहार) शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं। मेरे निर्गत आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक पासबुक में मेरा नाम ओमकार सेठ पिता रामबली सेठ दर्ज है जिसका आधार नं.-3814 8190 7326 है एवं खाता नं.-73840100146084 है।

मेरे स्कूल परीक्षा प्रवेश पत्र एवं एल. आई. सी. के पॉलिसी नं.-517731268 में मेरा नाम ओम प्रकाश सोनी पिता रामबली सोनी दर्ज है।

ओमकार सेठ एवं ओम प्रकाश सोनी दोनों नाम मेरा ही है वो इन्हीं दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता हूं एवं मेरे पिता रामबली सेठ एवं रामबली सोनी दोनों नाम मेरे पिताजी का है।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 16278 दिनांक 15.9.26

शपथकर्ता
ओमकार सेठ


**Government of Jharkhand**
**Rural Works Department**
**JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)**
**3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004**

**NOTICE INVITING TENDERS**
**(National Competitive Bidding Through e-Procurement)**
**Re-eTender No.- 28/ 2026-27-** **Ranchi, Dated: 16.09.2026**
**PR No- 368582 dated 29.04.2026**

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government/State /Central Government Organization for construction and maintenance for five years of the works (List of schemes shall be displayed in the website pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna PM-JANMAN (Batch-II, 2025-26).

| Sl. No | District Name | Block Name | Package No. | Re-Package No. | Road Name / Bridge Name | Road /Bridge Length (Kms/m) | Construction Cost (Rs. in Lakh) | Maintenance Cost (Rs. in Lakh) | Total Cost (Rs. in Lakh) | Earnest Money (Rs. in Lakh) | Time period (in Months) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Palamu | Chainpur | JH17JAN2 ACP011 | JH-17-PMJANMAN - II-PAL -05 / 2025-26 (4th Call) | L043-Ramkanda Daltonganj rcd road to Hisra to karma via Temrari | 4.175 | 354.68 | 31.74 | 649.59 | 13.00 | 15 |
| | Palamu | Chainpur | JH17ACP-B13 | | HL RCC Bridge over Sukradih River at CH 2+400 of Ramkanda Daltonganj rcd road hisra to Karma via Tc | 40.640m | 260.6 | 2.57 | | | |
| 2 | Palamu | Chainpur | JH17JAN2 ACP007 | JH-17-PMJANMAN - II-PAL -08 / 2025-26 (3rd Call) | L042-Pachlewa babhandih reo road pachlewa to kharwa mahua damar | 2.6 | 238.63 | 9.69 | 664.00 | 14.00 | 15 |
| | Palamu | Chainpur | JH17ACP-B08 | | HL RCC Bridge over Kani Jharia River at CH 1+550 of Pachlewa Babhandih Reo road Pachlewa to Kharwa | 20.640m | 152.75 | 1.98 | | | |
| | Palamu | Chainpur | JH17ACP-B09 | | HL RCC Bridge over Piprahi Nala River at CH 2+200 of Pachlewa Babhandih Reo road Pachlewa to Kharwa | 40.640m | 258.35 | 2.6 | | | |
| 3 | Palamu | Chattarpur | JH17JAN2 ACP013 | JH-17-PMJANMAN - II-PAL -12 / 2025-26 (3rd Call) | L028-kalapahar main road to thekahi | 1.565 | 137.35 | 10.38 | 387.35 | 8.00 | 15 |
| | Palamu | Chattarpur | JH17JAN2 ACP016 | | L027-sirha village via sibandih to panawatar | 2.65 | 220.45 | 19.18 | | | |

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in**. The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.

**Details of bid submission is as under:**

| Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender (on-line) for bidding | | Last date & time of seeking clarification | Last date and time of bid submission | Date & time of opening (on-line) of tender | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | From | To | | | Technical bid | Financial bid |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| Engineer in Chief, JSRRDA, Ranchi | Engineer in Chief JSRRDA, Ranchi | **21.09.2026 at 10.00 AM** | **30.09.2026 upto 5.00 PM** | **25.09.2026 upto 2.00 PM** | **30.09.2026 upto 5.00 PM** | **30.09.2026 at 05.30 PM** | To be informed later |

** Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract.*
*** Cost may change.*

**Note:-**
1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited **online** in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD or any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit one time grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in** Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder at the time of Agreement.
12. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any stage without giving prior notice/reason.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

**Engineer-in- Chief**
**Rural Works Department- Cum-**
**JSRRDA, Ranchi**

**PR 389891 Rural Work Department(26-27).D**


# शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** अनुमंडलीय अस्पताल शेरघाटी में बुधवार को रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शेरघाटी एसडीओ जतिन कुमार ने की। बैठक में अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने और अस्पताल की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान अस्पताल के रंग-रोगन, साफ-सफाई एवं परिसर की स्वच्छता को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई। अधिकारियों ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इसके अलावा अस्पताल में चिकित्सकों की रोस्टर के अनुसार उपस्थिति सुनिश्चित करने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार चिकित्सकों की अस्पताल में मौजूदगी रहे, ताकि मरीजों को समय पर चिकित्सकीय परामर्श एवं इलाज मिल सके। अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो और उन्हें उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित लाभ मिले, इसको लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देशों पर चर्चा की गई। बैठक में अस्पताल की वर्तमान व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए मरीजों के इलाज, चिकित्सकों की ड्यूटी व्यवस्था, साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर बल दिया गया।

संपादकीय

## कप जीता, पाक पर रूख कायम

भारत की बेटियों ने शानदार तरीके से एशिया कप फाइनल अपने नाम कर एक बार फिर साबित कर दिया कि एशिया में महिला क्रिकेट में भारत ही सरताज है। लेकिन पिछले साल पुरूष क्रिकेट टीम की तरह टीम हरमन द्वारा इस बार भी एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) चेयरमैन मोहसिन नकवी के हाथों से एशिया कप ट्रॉफी स्वीकार करने से भारत ने इंकार किया, जिसकी पाकिस्तान में भले आलोचना हो रही हो, लेकिन भारत और बीसीआई ने साफ कर दिया कि हम अपने पुराने रूख पर कायम हैं। गौरतलब है कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका को 72 रनों के तगड़े मार्जिन से हराया और मैच के हर डिपार्टमेंट में अपनी श्रेष्ठता और टीम भावना साबित की। टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सिद्ध किया कि वो भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अब तक की सर्वश्रेष्ठ कप्तान हैं। भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने धुंआधार शुरूआत करते हुए 129 रनों की साझेदारी कर भारतीय पारी की मजबूत नींव पहले ही रख दी थी। भारत ने कुल 183 रन बनाए, जो श्रीलंका के लिए बड़ी चुनौती थी। श्रीलंका की टीम ने इस बड़े स्कोर का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन भारतीय महिला गेंदबाजों ने उसके सपनों को चूर-चूर कर दिया। ऑल राउंडर दीप्ति शर्मा ने चार और श्रीचरणी ने तीन विकेट चटकाए। श्रीलंका की टीम में केवल कप्तान चमारी अटापट्टू ही संघर्ष करती दिखीं। बाकी टीम कुछ खास नहीं कर पाई। श्रीलंका को हराकर भारत ने पिछले एशिया कप में अपनी हार का बदला भी ले लिया। लेकिन इस खुशी में मोहसिन नकवी पिछले साल की तरह आड़े आ गए। नकवी न केवल एसीसी के अध्यक्ष हैं, बल्कि पाकिस्तान क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष और पाक के आंतरिक सुरक्षा मंत्री भी हैं। साथ ही वो पाक सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर के भी खास हैं। पाकिस्तान जिस तरह भारत में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है, उसको लेकर भारत ने क्रिकेट और कूटनीतिक स्तर पर में पाक के प्रति कड़ा रूख अपनाया हुआ है। नकवी ने पुरूष एशिया कप में भी ट्रॉफी अपने हाथों से ही देने की जिद पकड़ी थी और भारतीय टीम के मंच नहीं पहुंचने पर खुद ही ट्रॉफी लेकर चलते बने थे। लिहाजा उन्हें ट्रॉफी चोर भी कहा गया। हालांकि आईसीसी ने उन्हें ट्रॉफी लौटाने के लिए कहा था कि आगे क्या हुआ किसी को नहीं पता। बीसीसीआई ने भी कहा था कि नकवी ट्रॉफी तो भिजवा दें, लेकिन नकवी अभी भी दबाए बैठे हैं। इस बार भी शायद यही होगा। उधर पाकिस्तान में भारत की आलोचना इस बात की लिए हो रही है कि वह खेल में भी राजनीति को ला रहा है। लेकिन पाकिस्तान तो हर मामले में सियासत घुसेड़ता रहा है और डबल गेम खेलने की उसकी आदत है। इस बीच बीसीसीआई के सचिव देवोजीत सैकिया ने भी कहा कि पाक से हम केवल अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में ही खेल रहे हैं और अपनी शर्तों पर खेल रहे हैं। नकवी के हाथों ट्रॉफी नहीं लेना नीतिगत निर्णय है और हम उस पर कायम हैं। सैकिया ने कहा कि एशिया कप ट्रॉफी समारोह में जो कुछ हुआ, उससे भारतीय महिला टीम की ऐतिहासिक जीत का महत्व कम नहीं हो जाता। हमारी नजर अब एशियाई खेलों में क्रिकेट का स्वर्णपदक जीतने पर है। अलबत्ता इस प्रकरण ने खेलों में राजनीति के सवाल को फिर से रेखांकित जरूर किया है। भारत में कुछ लोगों का मानना है कि खेलों को राजनीति से अलग रखा जाना चाहिए। यह भी विरोधाभासी है कि भारत और पाक की हॉकी टीमें तो आपस में हाथ मिलाती हैं, लेकिन क्रिकेट टीमें नहीं।

# ब्रिक्स : बदलती दुनिया में भारत का बढ़ता कद

**ब्रिक्स ने अपनी आर्थिक साझेदारी की रणनीति को 2025 के बाद भी आगे बढ़ाकर 2030 तक ले जाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इसका उद्देश्य आने वाले वर्षों के लिए आर्थिक सहयोग का एक व्यापक रोडमैप तैयार करना है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार अभी भी उनकी पूरी क्षमता के मुकाबले कम है। अगर सदस्य देश केवल कच्चे माल और पारंपरिक वस्तुओं तक सीमित रहने के बजाय तकनीक, डिजिटल सेवाओं, ऊर्जा, विनिर्माण और नई आपूर्ति श्रृंखलाओं में सहयोग बढ़ाएँ, तो आपसी व्यापार का आकार काफी बढ़ सकता है। मौजूदा समय में कंपनियाँ अब अपनी सप्लाई चेन को एक-दो देशों पर निर्भर रखने के बजाय अलग-अलग देशों में फैलाना चाहती हैं। ऐसे में ब्रिक्स देश मिलकर नई वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का बड़ा केंद्र बन सकते हैं। ब्रिक्स की बैठकों में स्थानीय मुद्राओं में व्यापार की चर्चा भी लगातार होती रही है।**

आज दुनिया एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहाँ पुराने समीकरण तेजी से बदल रहे हैं और नई वैश्विक व्यवस्था आकार ले रही है। पश्चिम एशिया का लगातार गहराता संकट, होर्मुज़ जलडमरूमध्य से जुड़ी ऊर्जा और व्यापार की चिंताएँ, बढ़ती परिवहन व बीमा लागत और अमेरिका की बदलती टैरिफ नीतियों ने पूरी दुनिया के सामने आर्थिक अनिश्चितता बढ़ा दी है। इसका असर केवल बड़ी अर्थव्यवस्थाओं पर नहीं, बल्कि भारत जैसे तेजी से आगे बढ़ते देशों पर भी पड़ रहा है। लेकिन इस उथल-पुथल के बीच एक बात खास है कि दुनिया अब भारत को सिर्फ एक बड़े बाजार या तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में नहीं देख रही, बल्कि एक ऐसे देश के रूप में देख रही है जो मुश्किल समय में रास्ता निकालने और अलग-अलग पक्षों को साथ लाने की क्षमता रखता है। यही वजह है कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। ब्रिक्स अब महज कुछ देशों का आर्थिक समूह नहीं रह गया है। इसका विस्तार हो चुका है और इसमें दुनिया की बड़ी आबादी, विशाल प्राकृतिक संसाधन और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएँ शामिल हैं। ऐसे समय में जब वैश्विक राजनीति में खेमेबंदी बढ़ रही है, भारत के पास ब्रिक्स को टकराव का मंच बनाने के बजाय सहयोग, विकास और रणनीतिक स्वायत्तता का मजबूत मंच बनाने का अवसर है। भारत के लिए यह केवल एक अंतरराष्ट्रीय बैठक की मेजबानी करने का अवसर नहीं है, बल्कि दुनिया के सामने यह बताने का मौका भी है कि बदलती वैश्विक व्यवस्था में विकासशील देशों की आवाज किस तरह मजबूत की जा सकती है। ब्रिक्स को लेकर अक्सर यह धारणा बनाई जाती है कि यह पश्चिमी देशों के खिलाफ खड़ा कोई समूह है लेकिन तस्वीर इतनी सीधी नहीं है। ब्रिक्स का मूल विचार किसी के खिलाफ मोर्चा बनाना नहीं, बल्कि उन देशों को एक साझा मंच देना है जिनकी वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीति में भूमिका लगातार बढ़ रही है।

ब्रिक्स का मतलब पश्चिम के खिलाफ नहीं, बल्कि अपनी आवाज के साथ आगे बढ़ना है। यही इसकी सबसे बड़ी ताकत भी है। ब्रिक्स में शामिल देशों के हित हर मुद्दे पर एक जैसे नहीं हैं। उनकी विदेश नीति अलग है, आर्थिक प्राथमिकताएँ अलग हैं और कई मामलों में उनके आपसी मतभेद भी हैं। फिर भी वे व्यापार, विकास, ऊर्जा, तकनीक और वित्त जैसे मुद्दों पर साथ काम करने की संभावनाएं तलाशते हैं। यही वजह है कि ब्रिक्स की सफलता का पैमाना यह नहीं होना चाहिए कि उसके सभी सदस्य हर अंतरराष्ट्रीय मुद्दे पर एक ही बयान दें। असली सफलता यह है कि जहाँ सहमति बन सकती है, वहाँ ठोस काम किया जाए। नए सदस्यों से बढ़ी ताकत, लेकिन चुनौतियां भी हाल के विस्तार के बाद ब्रिक्स पहले की तुलना में कहीं बड़ा और विविध समूह बन चुका है।

ईरान और संयुक्त अरब अमीरात जैसे नए सदस्य इसमें शामिल हुए हैं। लेकिन वैश्विक राजनीति में बढ़ते तनाव ने इस विस्तार को चुनौतीपूर्ण भी बना दिया है। मसलन, जब किसी सदस्य देश का संबंध किसी क्षेत्रीय संघर्ष से जुड़ जाता है और उसी समय दूसरा सदस्य उस संघर्ष से प्रभावित होता है, तब सभी देशों को एक साझा रुख पर लाना आसान नहीं होता।लेकिन शायद यही ब्रिक्स की वास्तविक परीक्षा भी है। लोकतांत्रिक हो या अलग राजनीतिक व्यवस्था वाला देश, तेल उत्पादक हो या बड़ी विनिर्माण अर्थव्यवस्था ब्रिक्स की विविधता ही उसकी पहचान है। इसलिए इसमें सबकी एक राय से ज्यादा महत्वपूर्ण है अलग राय के बावजूद साथ काम करने की क्षमता।

भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स के आर्थिक एजेंडे में व्यापार को खास महत्व मिला है। इसका उद्देश्य केवल बड़े-बड़े घोषणा पत्र जारी करना नहीं, बल्कि यह देखना है कि ब्रिक्स के सदस्य आपस में ज्यादा आसानी से व्यापार कैसे कर सकते हैं। इसके लिए चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर जोर दिया गया है मसलन विश्व व्यापार संगठन यानी WTO को मजबूत करना, छोटे और मझोले कारोबारियों के लिए सस्ता व्यापार वित्त उपलब्ध कराना, वैश्विक वैल्यू चेन में सहयोग बढ़ाना और डिजिटल सेवाओं के सीमा-पार कारोबार के लिए साझा सिद्धांत विकसित करना। इन मुद्दों का महत्व भारत जैसे देश के लिए बहुत ज्यादा है। आज भारत के करोड़ों छोटे और मझोले उद्यम रोजगार और निर्यात की रीढ़ हैं। यदि इन्हें ब्रिक्स देशों के बाजारों तक आसान पहुंच मिले, भुगतान की लागत घटे और व्यापार के नियम सरल हों, तो इसका सीधा फायदा भारतीय कारोबारियों को मिल सकता है।यानी ब्रिक्स की चर्चा केवल दिल्ली या किसी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कक्ष तक सीमित नहीं है। इसका असर भारत के छोटे उद्योग, स्टार्टअप, निर्यातक और सेवा क्षेत्र तक पहुँच सकता है। ब्रिक्स ने अपनी आर्थिक साझेदारी की रणनीति को 2025 के बाद भी आगे बढ़ाकर 2030 तक ले जाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इसका उद्देश्य आने वाले वर्षों के लिए आर्थिक सहयोग का एक व्यापक रोडमैप तैयार करना है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार अभी भी उनकी पूरी क्षमता के मुकाबले कम है। अगर सदस्य देश केवल कच्चे माल और पारंपरिक वस्तुओं तक सीमित रहने के बजाय तकनीक, डिजिटल सेवाओं, ऊर्जा, विनिर्माण और नई आपूर्ति श्रृंखलाओं में सहयोग बढ़ाएँ, तो आपसी व्यापार का आकार काफी बढ़ सकता है। मौजूदा समय में कंपनियाँ अब अपनी सप्लाई चेन को एक-दो देशों पर निर्भर रखने के बजाय अलग-अलग देशों में फैलाना चाहती हैं। ऐसे में ब्रिक्स देश मिलकर नई वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का बड़ा केंद्र बन सकते हैं। ब्रिक्स की बैठकों में स्थानीय मुद्राओं में व्यापार की चर्चा भी लगातार होती रही है। इसे अक्सर डॉलर खत्म करने की कोशिश के रूप में पेश किया जाता है। लेकिन मामला इतना सरल नहीं है। हकीकत यह है कि ब्रिक्स की कई अर्थव्यवस्थाएँ आज भी डॉलर आधारित वैश्विक वित्तीय व्यवस्था से गहराई से जुड़ी हुई हैं। इसलिए डॉलर को रातों-रात हटाना न संभव है और न ही इसका कोई व्यावहारिक आधार है। असल चर्चा यह है कि यदि दो देश आपस में व्यापार कर रहे हैं, तो हर लेन-देन के लिए तीसरी मुद्रा पर निर्भरता क्यों हो? यदि स्थानीय मुद्राओं में भुगतान की व्यवस्था विकसित हो, तो कुछ मामलों में मुद्रा विनिमय की लागत और जोखिम कम किया जा सकता है। इसका मतलब डॉलर की जगह कोई नई मुद्रा थोपना नहीं, बल्कि विकल्प बढ़ाना है। जितने ज्यादा विकल्प होंगे, देशों के पास उतनी ही ज्यादा आर्थिक स्वतंत्रता होगी। वैश्विक मानकों पर यही रणनीतिक स्वायत्तता का आर्थिक पक्ष है। यहां पर यह समझना बेहद जरूरी है कि ब्रिक्स का सहयोग केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। ऊर्जा सुरक्षा, स्मार्ट ग्रिड, ऊर्जा भंडारण, तकनीक हस्तांतरण और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे विषय भी तेजी से महत्वपूर्ण हो रहे हैं। आज दुनिया इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, सौर ऊर्जा, सेमीकंडक्टर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी नई तकनीकों की तरफ बढ़ रही है। इनके लिए लिथियम, कोबाल्ट, निकेल और दुर्लभ खनिजों जैसे संसाधनों की जरूरत होती है। ऐसे में ब्रिक्स देशों के बीच महत्वपूर्ण खनिजों, ऊर्जा तकनीक और आपूर्ति श्रृंखलाओं पर सहयोग भविष्य में बहुत बड़ा आर्थिक लाभ दे सकता है। भारत के लिए यह अवसर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वह एक तरफ तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और दूसरी तरफ ऊर्जा की बड़ी जरूरत वाला देश भी है। ब्रिक्स का न्यू डेवलपमेंट बैंक भी इस कहानी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अब सवाल यह है कि क्या बैंक बुनियादी ढाँचे की परियोजनाओं से आगे बढ़कर व्यापार और अन्य विकास जरूरतों के लिए भी अधिक वित्त उपलब्ध करा सकता है।अगर ऐसा होता है तो ब्रिक्स देशों के छोटे कारोबारियों और विकास परियोजनाओं को वैकल्पिक वित्तीय स्रोत मिल सकते हैं। यहाँ भी बात किसी मौजूदा वैश्विक वित्तीय व्यवस्था को खत्म करने की नहीं है। उद्देश्य इतना है कि विकासशील देशों के पास वित्त के अधिक विकल्प हों। इन सभी पहलुओं के बीच यह समझना भी जरूरी है कि भारत के लिए असली परीक्षा क्या है? भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता की सफलता इस बात से नहीं मापी जानी चाहिए कि उसने कितने बड़े बयान जारी किए या कितने जटिल वैश्विक विवादों पर सभी सदस्य देशों को एक राय पर ला दिया।

अध्यात्म

## बल प्रयोग अंतिम विकल्प

एक चिड़िया का एक दाना पेड़ के कंदरे में कहीं फंस गया था। चिड़िया ने पेड़ से बहुत अनुरोध किया उस दाने को दे देने के लिए लेकिन पेड़ उस छोटी सी चिड़िया की बात भला कहां सुनने वाला था... हार कर चिड़िया बढ़ई के पास गई और उसने उससे अनुरोध किया कि तुम उस पेड़ को काट दो, क्योंकि वो उसका दाना नहीं दे रहा... भला एक दाने के लिए बढ़ई पेड़ कहां काटने वाला था..फिर चिड़िया राजा के पास गई और उसने राजा से कहा कि तुम बढ़ई को सजा दो क्योंकि बढ़ई पेड़ नहीं काट रहा और पेड़ दाना नहीं दे रहा... राजा ने उस नन्हीं चिड़िया को डांट कर भगा दिया कि कहां एक दाने के लिए वो उस तक पहुंच गई है। चिड़िया हार नहीं मानने वाली थी... वो महावत के पास गई कि अगली बार राजा जब हाथी की पीठ पर बैठेगा तो तुम उसे गिरा देना,क्योंकि राजा बढ़ई को सजा नहीं देता..बढ़ई पेड़ नहीं काटता...पेड़ उसका दाना नहीं देता..महावत ने भी चिड़िया को डपट कर भगा दिया... चिड़िया फिर हाथी के पास गई और उसने अपने अनुरोध को दुहराया कि अगली बार जब महावत तुम्हारी पीठ पर बैठे तो तुम उसे गिरा देना क्योंकि वो राजा को गिराने को तैयार नहीं... राजा बढ़ई को सजा देने को तैयार नहीं...बढ़ई पेड़ काटने को तैयार नहीं...पेड़ दाना देने को राजी नहीं...हाथी बिगड़ गया...उसने कहा, ऐ छोटी चिड़िया..तू इतनी सी बात के लिए मुझे महावत और राजा को गिराने की बात सोच भी कैसे रही है? चिड़िया आखिर में चींटी के पास गई और वही अनुरोध दोहराकर कहा कि तुम हाथी की सूंढ़ में घुस जाओ...चींटी ने चिड़िया से कहा, 'चल भाग यहां से...बड़ी आई हाथी की सूंढ़ में घुसने को बोलने वाली अब तक अनुरोध की मुद्रा में रही चिड़िया ने रौद्र रूप धारण कर लिया...उसने कहा कि 'मैं चाहे पेड़, बढ़ई, राजा, महावत, और हाथी का कुछ न बिगाड़ पाऊं...पर तुझे तो अपनी चोंच में डाल कर खा ही सकती हूँ... चींटी डर गई...भाग कर वो हाथी के पास गई...हाथी भागता हुआ महावत के पास पहुंचा...महावत राजा के पास कि महाराज चिड़िया का काम कर दीजिए नहीं तो मैं आपको गिरा दूंगा....राजा ने फौरन बढ़ई को बुलाया उससे कहा कि पेड़ काट दो नहीं तो सजा दूंगा...बढ़ई पेड़ के पास पहुंचा...बढ़ई को देखते ही पेड़ बिलबिला उठा कि मुझे मत काटो.मैं चिड़िया को दाना लौटा दूंगा...! अंत मे चिड़िया ने अपना दाना पेड़ से प्राप्त कर लिया और वो खुशी खुशी अपने घोंसले में चली गयी। आपको अपनी ताकत को पहचानना होगा...आपको पहचानना होगा कि भले आप छोटी सी चिड़िया की तरह होंगे, लेकिन ताकत की कड़ियां कहीं न कहीं आपसे होकर गुजरती होंगी...हर शेर को सवा शेर मिल सकता है, बशर्ते आप अपनी लड़ाई से घबराएं नहीं... आप अगर किसी काम के पीछे पड़ जाएंगे तो वो काम होकर रहेगा विश्वास कीजिए। हर ताकत के आगे एक और ताकत होती है और अंत में सबसे ताकतवर आप होते हैं।

# सिकंदर से ट्रंप तक शक्ति की बदलती परिभाषा

**सिकंदर महान इस यात्रा का सबसे प्रसिद्ध प्रारंभिक प्रतीक है। मकदूनिया से निकला यह युवा शासक फारसी साम्राज्य को पराजित करता हुआ मिस्र, मध्य एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तर-पश्चिम तक पहुँचा। उसकी महत्वाकांक्षा अपने समय की ज्ञात दुनिया के बड़े हिस्से को अपने अधीन लाने की थी। चंगेज़ खान ने इसी सैन्य मॉडल को और व्यापक बनाया। उसकी सेनाएँ एशिया से यूरोप तक पहुँचीं और इतिहास के सबसे विशाल स्थल साम्राज्यों में से एक का निर्माण हुआ। नेपोलियन ने भी यूरोप के बड़े हिस्से पर फ्रांसीसी प्रभुत्व स्थापित करने का प्रयास किया। इन सभी उदाहरणों में एक मूल समानता थी भूगोल पर अधिकार ही साम्राज्य की शक्ति थी। समय के साथ साम्राज्यवाद का स्वरूप बदलने लगा। ब्रिटिश साम्राज्य ने दुनिया को यह दिखाया कि समुद्री मार्गों, बंदरगाहों और व्यापार पर नियंत्रण भी विश्वव्यापी शक्ति का आधार बन सकता है।**

इतिहास के पन्ने पलटें तो एक विचित्र समानता दिखाई देती है। सिकंदर महान से लेकर चंगेज़ ख़ान, नेपोलियन और ब्रिटिश साम्राज्य तक अनेक शासकों और साम्राज्यों ने अपने समय की ज्ञात दुनिया को अपने प्रभाव में लाने का प्रयास किया। उनके लिए शक्ति का अर्थ था भूमि पर अधिकार, सेनाओं की विजय और सीमाओं का विस्तार। लेकिन इक्कीसवीं सदी में विश्व-विजय का स्वरूप बदल गया है। आज कोई महाशक्ति पूरी दुनिया पर सैनिक कब्जा करने की कोशिश करे, यह लगभग असंभव और अव्यावहारिक है। इसके स्थान पर शक्ति का नया खेल उन रणनीतिक भूभागों, समुद्री मार्गों, ऊर्जा-संसाधनों, तकनीकों, वित्तीय व्यवस्थाओं और वैश्विक संस्थाओं पर प्रभाव स्थापित करने का है, जिनसे विश्व-व्यवस्था संचालित होती है। इसी परिवर्तन को हम 'विश्व-विजय से विश्व-प्रभुत्व' की यात्रा कह सकते हैं।

सिकंदर महान इस यात्रा का सबसे प्रसिद्ध प्रारंभिक प्रतीक है। मकदूनिया से निकला यह युवा शासक फारसी साम्राज्य को पराजित करता हुआ मिस्र, मध्य एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तर-पश्चिम तक पहुँचा। उसकी महत्वाकांक्षा अपने समय की ज्ञात दुनिया के बड़े हिस्से को अपने अधीन लाने की थी। चंगेज़ ख़ान ने इसी सैन्य मॉडल को और व्यापक बनाया। उसकी सेनाएँ एशिया से यूरोप तक पहुँचीं और इतिहास के सबसे विशाल स्थल साम्राज्यों में से एक का निर्माण हुआ। नेपोलियन ने भी यूरोप के बड़े हिस्से पर फ्रांसीसी प्रभुत्व स्थापित करने का प्रयास किया।



इन सभी उदाहरणों में एक मूल समानता थी भूगोल पर अधिकार ही साम्राज्य की शक्ति था। समय के साथ साम्राज्यवाद का स्वरूप बदलने लगा। ब्रिटिश साम्राज्य ने दुनिया को यह दिखाया कि समुद्री मार्गों, बंदरगाहों और व्यापार पर नियंत्रण भी विश्वव्यापी शक्ति का आधार बन सकता है।

भारत, मिस्र, सिंगापुर और अनेक सामरिक स्थान ब्रिटिश साम्राज्य की वैश्विक व्यवस्था के महत्वपूर्ण केंद्र बने। ब्रिटिश नौसेना ने समुद्री व्यापार और संचार मार्गों को सुरक्षित ही नहीं किया, बल्कि उन्हें साम्राज्य की शक्ति के साधन में बदल दिया। यहाँ से शक्ति का एक नया सूत्र सामने आया जिसके पास समुद्र, व्यापार और संचार मार्गों की शक्ति है, वह विश्व अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका ऐसी शक्ति के रूप में उभरा जिसकी ताकत केवल उसके विशाल भूभाग या सैन्य क्षमता में नहीं थी। उसकी शक्ति के अनेक आयाम थे डॉलर, वित्तीय संस्थाएँ, तकनीक, वैश्विक सैन्य क्षमता, नौसैनिक शक्ति, गठबंधन और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में प्रभाव जिसने अंतराष्ट्रीय टैलेंट को अपनी ओर आकृष्ट किया। वर्तमान अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का 'अमेरिका फर्स्ट' दृष्टिकोण अमेरिकी राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। लेकिन उनके दूसरे कार्यकाल में यह दृष्टिकोण केवल व्यापार और आर्थिक हितों तक सीमित नहीं दिखाई देता। उनकी कनाडा, ग्रीनलैंड, मध्य-पूर्व और वेनेजुएला को लेकर नीतियों के पीछे अमेरिकी शक्ति और प्रभाव को व्यापक स्तर पर बढ़ाने की कोशिश दिखाई देती है। कनाडा पर आर्थिक दबाव, ग्रीनलैंड के रणनीतिक महत्व पर जोर, मध्य-पूर्व में सैन्य शक्ति का इस्तेमाल और वेनेजुएला के तेल संसाधनों में अमेरिकी भूमिका बढ़ाना यह संकेत देता है कि आज अमेरिका केवल अपनी सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि दुनिया के महत्वपूर्ण भूभागों, समुद्री मार्गों, ऊर्जा संसाधनों और आर्थिक व्यवस्थाओं पर अपना प्रभाव मजबूत करना चाहता है। इसे 'अमेरिकी वैश्विक प्रभुत्व को मजबूत करने की नई नीति' कहा जा सकता है हालांकि इसका घोषित आधार ट्रंप का 'अमेरिका फर्स्ट' है। पनामा नहर इसी बदलती रणनीतिक सोच का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। अटलांटिक और प्रशांत महासागरों को जोड़ने वाला यह जलमार्ग वैश्विक व्यापार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस पर प्रभाव का अर्थ केवल एक छोटे से क्षेत्र पर नियंत्रण नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार की एक महत्वपूर्ण कड़ी पर प्रभाव रखना है। इस दृष्टि से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज आधुनिक विश्व-राजनीति का अत्यंत महत्वपूर्ण उदाहरण है। यह दुनिया के प्रमुख ऊर्जा समुद्री मार्गों में से एक है। यहाँ किसी बड़े सैन्य तनाव का प्रभाव केवल पर्शियन गल्फ के आसपास के देशों तक सीमित नहीं रहता इसका असर तेल की कीमतों, समुद्री व्यापार, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और अंततः विश्व अर्थव्यवस्था तक पहुँच सकता है। प्राचीन काल में किसी सामरिक नगर या दुर्ग पर कब्जा करना सैन्य विजय और साम्राज्य विस्तार का प्रतीक था। आधुनिक युग में किसी महत्वपूर्ण समुद्री बंदरगाह या व्यापारिक मार्ग पर प्रभाव उससे कहीं व्यापक आर्थिक परिणाम उत्पन्न कर सकता है। आज किसी छोटे से समुद्री मार्ग की रणनीतिक स्थिति भी पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने की क्षमता रखती है। पहले 'गल्फ ऑफ मैक्सिको' को 'गल्फ ऑफ अमेरिका' कहने की पहल हो या लेक ऑनटेरियो के नाम को लेकर चर्चा, ऐसे कदमों को सिंबोलिक पॉवर पॉलीटिक्स के रूप में देखा जा सकता है। नाम बदलना भूभाग पर अधिकार नहीं देता, लेकिन वह राजनीतिक संदेश अवश्य देता है। समय के साथ शक्ति का स्वरूप बदल गया है। कभी तलवार और सेनाएँ ताकत का प्रतीक थीं, आज प्रमुख बंदरगाह, समुद्री मार्ग, आर्थिक प्रतिबंध, तकनीक, वित्त, व्यापार और वैश्विक नेटवर्क भी प्रभावी हथियार हैं। अब शक्ति केवल भूभाग पर कब्जे से नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं पर प्रभाव और नियंत्रण से भी तय होती है। यानी शक्ति का चेहरा तलवार से तकनीक और सेनाओं से आर्थिक व वित्तीय ताकत तक बदल गया है। इस विश्व- प्रभुत्व की कहानी के बीच भारतीय सभ्यता का आदर्श एक अलग स्थान रखता है 'भगवान् श्री राम' ने किष्किंधा पर विजय प्राप्त कर उसे अपने अधिकार में नहीं रखा, बल्कि सुग्रीव को उसका राज्य लौटा दिया। इसी प्रकार लंका-विजय के बाद उन्होंने विभीषण को लंका का राजा बनाया। विजय के बाद सत्ता अपने पास रखना ही उनका उद्देश्य नहीं था धर्म, न्याय और उचित उत्तराधिकार की स्थापना उनका लक्ष्य था। '

बुद्ध ने राजपाट छोड़कर मानवता को ज्ञान का मार्ग दिया। अशोक ने कलिंग विजय के बाद युद्ध की महिमा के स्थान पर धम्म और करुणा को महत्व दिया। आधुनिक इतिहास में भारत की शक्ति का एक अलग रूप 1971 में दिखाई दिया। भारत ने सैन्य शक्ति का इस्तेमाल अपने भूभाग का विस्तार करने के लिए नहीं, बल्कि पूर्वी पाकिस्तान के लोगों के आत्मनिर्णय और स्वतंत्रता के संघर्ष का समर्थन करने के लिए किया। भारतीय हस्तक्षेप के परिणामस्वरूप बांग्लादेश एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आया, लेकिन भारत ने उसे अपने में मिलाने या उसके संसाधनों और राजनीतिक व्यवस्था पर अधिकार जमाने की कोशिश नहीं की। इसके विपरीत, युद्ध में प्राप्त क्षेत्र को भी भारत ने वापस कर दिया। यह उदाहरण बताता है कि सैन्य विजय और विस्तारवाद एक ही बात नहीं हैं।

सिकंदर से ट्रंप तक की कहानी केवल राजाओं और राष्ट्रपतियों की कहानी नहीं है यह शक्ति की बदलती परिभाषा की कहानी है ,जहाँ कभी शक्ति का अर्थ भूभाग पर कब्जा था, तो आज प्रभाव, तकनीक, अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यवस्थाओं पर नियंत्रण भी शक्ति का महत्वपूर्ण आधार बन गया है।

### आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज साझेदारियों पर ध्यान और बातचीत में मिठास रखना होगा। साझे के काम या कानूनी समझौतों से जुड़े पैसों के मामलों में सावधानी रखें।

**वृषभ**
आज आपकी सोचने की क्षमता को बहुत तेज होगी। किसी नए काम में पैसा लगाने से पहले पूरा हिसाब लगा लें। पुराने बिल निपटाने और रोज़ के खर्चों को सही करने पर ध्यान दें।

**मिथुन**
आज नए विचार और खर्चों पर नियंत्रण रखना होगा। धार्मिक कार्यक्रम में जाने का अवसर मिलेगा। मन में बड़ी योजनाएं बनेंगी, लेकिन जल्दबाजी में आकर जेब खाली न करें।

**कर्क**
आज गणेशजी की कृपा आप पर रहेगी। पैसों के मामले में मजबूती और सुरक्षा देंगे। तुरंत कमाई के चक्कर में पड़ने के बजाय घर, जमीन या सुरक्षित बचत योजनाओं पर ध्यान लगाएं।

**सिंह**
आज बातचीत और नए संपर्कों के जरिए पैसों से जुड़े अच्छे मौके मिल सकते हैं। धन के प्रति सही और व्यावहारिक सोच बनी रहेगी। दिखावे के चक्कर में पड़कर कोई भी सौदा तय करने से बचें।

**कन्या**
आज आप गणेशजी की कृपादृष्टि रहेगी। गणेशजी स्थापना होने से आपके घर धार्मिक कार्य होंगे। आपकी धन प्रबंधन की समझ सबसे मजबूत रहेगी।

**तुला**
आज मीठा व्यवहार और संतुलित बजट रखना होगा। आपकी पसंद और रहन-सहन पर खर्च करवा सकता है। गणेश को लड्डू जरूर चढ़ाएं।

**वृश्चिक**
आज छुपे खर्चों की जांच और शांत मेहनत फलदायक रहेगी। पैसों के मामले में सतर्क रहने का इशारा कर रहे हैं। बेकार की सब्सक्रिप्शन और छुपे हुए खर्चों को बंद करें।

**धनु**
आज साथियों से लाभ और टीम का सहयोग मिलेगा। दोस्तों और दफ्तर के साथियों के जरिए धन लाभ के योग हैं। लंबे समय के पैसों के लक्ष्यों को देखें और कम जोखिम वाली सुरक्षित जगहों पर पैसा लगाने का विचार करें।

**मकर**
आज करियर से वित्तीय मजबूती और सम्मान मिलेगा। करियर में आपकी प्रगति से ही पैसों की स्थिति भी मजबूत होगी। तुरंत फायदा ढूंढने के बजाय लंबे समय की तरक्की पर ध्यान दें।

**कुंभ**
आज नई सोच और कागजी जांच जरूर कर लें। नए तरीकों से पैसा कमाने के विचार दे सकते हैं, लेकिन जल्दी पैसा बनाने के शॉर्टकट से बचें और अपनी बचत को सुरक्षित रखें।

**मीन**
आज लेन-देन में सतर्कता और ईमानदारी बरतनी होगी। पैसों से जुड़े मामलों में नियम और अनुशासन मांग रहे हैं। टैक्स, बीमा या साझा धन से जुड़े कागजों को ध्यान से देखें।

## जमीनी विवाद में गर्भवती समेत चार को पीटा, केस दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरुआ थाना क्षेत्र के भखरी गांव में मारपीट की एक गंभीर घटना सामने आई है, जहां दबंगों ने एक ही परिवार के चार लोगों को लोहे की रॉड और लाठी से पीटकर घायल कर दिया। घायलों में 8 माह की एक गर्भवती महिला भी शामिल है। इस संबंध में पीड़िता पार्वती देवी (60 वर्ष) पति शिवनारायण केवट निवासी भखारी ने धनरुआ थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में उन्होंने बताया कि शाम करीब 4 बजे गांव के ही ललेश केवट पिता स्व. सीताराम केवट, गोलू कुमार पिता ललेश केवट, विकास कुमार पिता ललेश केवट, पूनम कुमारी पिता ललेश केवट और रिंकू देवी पति ललेश केवट ने अचानक उनके परिवार पर हमला कर दिया।आरोप है कि ललेश केवट ने पार्वती देवी का झोंटा पकड़कर जमीन पर पटक दिया और उसके पुत्रों ने लाठी-रॉड से बेरहमी से पिटाई कर दी। उनके पुत्र राहुल कुमार को गोलू कुमार ने रॉड से मारा जिससे उसकी आंख के नीचे गंभीर चोट आई है। घटना के बाद से पूरा परिवार डरा-सहमा है। पुलिस ने पीड़िता के आवेदन पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है।

## बाढ़ के कारण दियारा के स्कूलों में छमाही परीक्षा स्थगित

**मोकामा।** बाढ़ प्रभावित मोकामा प्रखंड के कसहा दियारा और जंजीरा दियारा स्थित दो स्कूलों में बच्चों की छमाही परीक्षा स्थगित कर दी गई है। बाढ़ की स्थिति सामान्य होने के बाद इन विद्यालयों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। फिलहाल बाढ़ प्रभावित स्कूलों के बच्चे परीक्षा से वंचित रहेंगे।मोकामा की प्रभारी बीईओ अंजनी कुमार ने बताया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय कसहा दियारा और प्राथमिक विद्यालय जंजीरा दियारा में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों की परीक्षा पर रोक लगा दी गई है।बताया गया कि जंजीरा दियारा में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जबकि कसहा दियारा में पानी की स्थिति में कुछ सुधार हुआ है। हालांकि, जंजीरा दियारा में अभी भी गंगा का पानी जमा है। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए परीक्षा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।विद्यालयों में हालात सामान्य होने के बाद परीक्षा की नई तिथि निर्धारित कर परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## लोजपा आर ने किया संगठन का विस्तार

**पालीगंज (पटना)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए पटना पश्चिमी के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। इसकी घोषणा पालीगंज प्रखंड के जिनपुरा गांव स्थित राम लखन सिंह यादव के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में की गई। पटना पश्चिमी पिछड़ा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राम लखन यादव ने संगठन का विस्तार करते हुए जयमंगल सिंह को प्रधान जिला महासचिव, गुलफान हुसैन को प्रखंड अध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ), उमेश यादव को प्रखंड अध्यक्ष (पिछड़ा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ) तथा जितेंद्र यादव को जिला महासचिव (पिछड़ा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ) की जिम्मेदारी सौंपी।इस अवसर पर पालीगंज विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के पूर्व प्रत्याशी एवं लोजपा आर के वरिष्ठ नेता सुनील कुमार यादव ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

## पिस्टल की बट से मारकर बुजुर्ग को किया घायल

**मसौढ़ी।** धनरुआ थाना क्षेत्र के रेदबिगहा गांव में बुजुर्ग के साथ मारपीट और फायरिंग का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित की बहू मीना देवी (46 वर्ष) पति विजय प्रसाद निवासी रेदबिगहा थाना धनरुआ ने थाने में लिखित शिकायत दी है। दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया कि उनके ससुर नगीना प्रसाद शाम करीब 7 बजे अपने घर से गांव में जा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही विमल कुमार (35 वर्ष), आकाश कुमार उर्फ निरखु (25 वर्ष), रहीश कुमार (30 वर्ष) तीनों पिता स्व. सुरेश प्रसाद, संजीव कुमार उर्फ गांधी (26 वर्ष) पिता अनिल कुमार और एक अन्य निरज कुमार सहित पांच लोगों ने उन्हें संजीव के घर के पास रोक लिया और मारपीट करने लगे। आरोप है कि बदमाशों ने पिस्टल से फायरिंग भी की और पिस्टल के बट से उनके ससुर की आंख के पास मार दिया, जिससे वे जख्मी होकर गिर पड़े। गांव के लोगों को आता देख सभी आरोपी हवाई फायरिंग करते हुए मौके से भाग गए। पीड़िता ने थाने में आवेदन देकर सभी दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शराब के साथ युवक गिरफ्तार

पालीगंज, पटना। महाबलीपुर ओपी पुलिस ने अंकुरी गांव के पास एनएच-139 पर कार्रवाई करते हुए शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान पालीगंज थाना क्षेत्र के हबसापुर गांव निवासी लालदास यादव के पुत्र वेंकटेश कुमार उर्फ मुन्ना के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार युवक के पास से चार लीटर किंगफिशर केन बीयर, ऑलहैविट कंपनी की 750 एमएल विदेशी शराब, एक सैमसंग मोबाइल फोन और ग्लैमर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस का कहना है कि युवक शराब के कारोबार में संलिप्त था।पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

## स्वच्छता, पौधारोपण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम



**मसौढ़ी।** आरसीएम सेवा दिवस के अवसर पर आरसीएम परिवार मसौढ़ी की ओर से कृष्णा गुरुकुल स्कूल प्रांगण एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, एंबुलेंस के लिए मार्ग प्रशस्त करने का प्रशिक्षण तथा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामाकांत रंजन किशोर और विशिष्ट अतिथि श्रीकृष्ण नर्सिंग होम के निदेशक डॉक्टर रामजयपाल सिंह रहे। कार्यक्रम का संयोजन विश्वरंजन ने किया।इस अवसर पर रामाकांत रंजन किशोर और डॉ. रामजयपाल सिंह ने स्वास्थ्य के महत्व एवं एक आदर्श नागरिक के गुणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में जो स्वस्थ है, वही मस्त है।कार्यक्रम में वरिष्ठ लीडर सुशील कुमार, संतोष कुमार, उमेश कुमार, अजीत कुमार सिंह, विरेन्द्र कुमार, वेदप्रकाश, सुबोध कुमार, रम्या कुमारी, सोनी कुमारी, पिंकी कुमारी, सुजाता कुमारी, सविता देवी, चंचला कुमारी, सत्या कुमारी, आकाश कुमार, विकास, अमृत आनंद, रोहित कुमार, आईशा, स्नेहा, सोनाक्षी सहित कई डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## दीपक मणि बने थानाध्यक्ष, सत्यम तिवारी एसएसपी के ओएसडी

**मोकामा।** घोसवरी थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में दीपक कुमार मणि ने पदभार ग्रहण कर लिया है। वहीं, घोसवरी के पूर्व थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी को एसएसपी का ओएसडी बनाया गया है। सत्यम तिवारी का घोसवरी थाना में करीब एक वर्ष का कार्यकाल रहा।पदभार छोड़ने के दौरान सत्यम तिवारी ने कहा कि घोसवरी से उनका भावनात्मक जुड़ाव रहा है। कार्यकाल के दौरान उन्होंने टाल क्षेत्र में अपराध और शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई की। उनके कार्यकाल में अपराधियों और शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया गया, जिससे क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता बढ़ी।नए थानाध्यक्ष दीपक कुमार मणि के पदभार संभालने के बाद स्थानीय लोगों को क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर नई उम्मीदें हैं। पुलिस के सामने टाल क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण, शराब के अवैध कारोबार पर रोक और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा बनाए रखना प्रमुख चुनौती होगी।

# भवन खाली कराने को ले किसानों का धरना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरुआ प्रखंड कार्यालय स्थित आत्मा भवन खाली कराने समेत चार सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को धनरुआ प्रखंड कार्यालय परिसर में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) के बैनर तले किसान सलाहकार समिति ने एक दिवसीय धरना दिया। धरना में शामिल किसान सलाहकार समिति ने अपनी मांगों को प्रखंड प्रशासन के समक्ष रखा। उनकी मुख्य मांगों में जमाबंदी, परती, परिमार्जन और सर्वे के नाम पर किसानों की जमीन को बंद करने की प्रक्रिया पर रोक लगाना, आत्मा भवन को खाली कराना, किसानों के लिए नए उर्वरक वितरण कानून को वापस लेना और किसानों के नाम पर चल रही योजनाओं को धरातल पर उतारना शामिल है। धरना प्रदर्शन के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अलीशा कुमारी और अंचलाधिकारी किशोरी चौधरी मौके पर पहुंचे और धरना दे रहे किसान सलाहकार समितियों से बातचीत की। बीडीओ ने आश्वासन दिया कि जल्द ही आत्मा के सभी कर्मियों को प्रखंड कृषि कार्यालय में एक निश्चित स्थान दिया जाएगा। वहीं अंचलाधिकारी ने जमीन परिमार्जन और सर्वे के नाम पर हो रही धांधली पर रोक लगाने और उर्वरक वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया। मौके पर उमेश चंद्र पासवान, मनोज प्रसाद, नीरज शर्मा, अवध किशोर सिंह और अशोक रजक समेत बड़ी संख्या में किसान सलाहकार समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरुआ थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही धनरुआ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम गठित कर 24 घंटे के अंदर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

पीड़ित की मां के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में धनरुआ थाना कांड संख्या 653/26,के तहत पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में नामजद अभियुक्त अंकित कुमार, पिता किशोर प्रसाद, ग्राम लसगरीचक, थाना धनरुआ, जिला पटना को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी नाबालिग को बहला-फुसलाकर सुनसान जगह ले गया था और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया था। पुलिस अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।

# पिंडदान का प्रथम द्वार है पुनपुन घाट

- जहां भगवान श्रीराम ने किया था अपने पूर्वजों का तर्पण
- अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला का होता है आयोजन

शशि तुलस्यान




**मसौढ़ी।** पितृपक्ष शुरू होते ही बिहार के गया के साथ-साथ पटना जिले के पुनपुन घाट का भी महत्व बढ़ जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार पुनपुन घाट को पिंडदान का प्रथम द्वार माना जाता है। कहा जाता है कि भगवान राम ने भी माता जानकी के साथ अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए सबसे पहले पिंडदान यहीं किया था। गरुड़ पुराण में पुनपुन नदी को आदि गंगा कहा गया है। मान्यता है कि पुनपुन घाट पर पहला पिंडदान करने के बाद ही गया के 52 वेदियों पर किया गया पिंडदान पूर्ण माना जाता है। तभी से यह परंपरा चली आ रही है कि पितरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए श्रद्धालु पहले पुनपुन घाट पर तर्पण करते हैं और उसके बाद फल्गु नदी तट गया में विधि-विधान से पिंडदान करते हैं।

पुनपुन पंडा समिति के सचिव रिंकू पांडे ने बताया कि पुनपुन घाट पर तर्पण करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। हिंदू धर्म में व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसे पितृ कहा जाता है। अगर श्राद्ध या तर्पण न किया जाए तो पितरों की आत्मा को शांति नहीं मिलती और घर में पितृदोष लगता है, जिससे कई तरह की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। जिनके पितृ प्रसन्न रहते हैं, उनके घर में कभी कोई संकट नहीं आता।

वहीं पंडा समिति के पूर्व अध्यक्ष तारिणी मिश्रा ने बताया कि शास्त्रों में कहा गया है - ***पुनः पुनः सर्व नदीषु पुण्या सदावहा स्वच्छ जला शुभ प्रदा*** यानी पितृपक्ष में पहला पिंड पुनपुन नदी के तट पर ही देना चाहिए। सारे संसार के हिंदू पहले यहीं तर्पण करते हैं, जहां भगवान राम ने किया था। इसलिए इसे मोक्ष का प्रथम द्वार कहा जाता है। पुनपुन नदी झारखंड के पलामू से निकलकर पटना जिले में प्रवेश करती है और आगे चलकर फतुहा में गंगा में मिल जाती है। इसकी पौराणिक ख्याति को देखते हुए सरकार ने इसे अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला के रूप में मान्यता दी है। हर साल जिला प्रशासन द्वारा यहां पितृपक्ष मेले का भव्य आयोजन किया जाता है, जहां देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु अपने-अपने पितरों की शांति के लिए पिंडदान करने पहुंचते हैं।

# एसडीओ ने किया योजनाओं का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज ( पटना )।** पालीगंज प्रखंड के जम्हारू-इमामगंज ग्राम पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सरकारी संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति का भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के क्रम में आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, स्वास्थ्य सेवाएं, नल-जल योजना, बिजली, पेंशन, शिक्षा, शौचालय एवं राशन वितरण की स्थिति की जांच की गई। साथ ही राजस्व संबंधी कार्यों तथा पंचायत भवन में संचालित जन्म-मृत्यु, आवासीय, जाति एवं आय प्रमाण पत्र से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई।

एसडीओ ने संबंधित अभिलेखों एवं पंजियों, कर्मियों की उपस्थिति तथा लाभुकों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिलने की स्थिति की जांच की।

उन्होंने योजनाओं की गुणवत्ता पर भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने का संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया ।

## साइबर ठग धराये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** कतरीसराय थाना क्षेत्र के ताराबिगहा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर अंतरजिला साइबर ठग गिरोह का पदार्फाश करते हुए सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक ही परिवार के तीन सहोदर भाई भी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से ठगी में इस्तेमाल किए जाने वाले 19 मोबाइल फोन, 13 एटीएम कार्ड, एक टैब, एक सिम कार्ड, पांच बैंक पासबुक, दो चेकबुक और 2,28,000 रुपये नकद बरामद किए हैं।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर राजगीर अनुमंडल पुलिस अधिकारी संजीत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में कतरीसराय, गिरियक और पावापुरी थाने की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। तलाशी के दौरान पुलिस को आरोपियों के पास से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन और बैंकिंग दस्तावेज मिले हैं। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है ताकि पता लगाया जा सके कि इस गिरोह ने अब तक कितने लोगों को निशाना बनाया है और साइबर ठगी के जरिये कितनी राशि जुटाई है।

# अलग-अलग कार्रवाई में शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोकामा।** शराबबंदी कानून के पालन को लेकर पुलिस का अभियान लगातार जारी है। मंगलवार को पचमहला, मोकामा रेल थाना और मोकामा थाना क्षेत्र में हुई अलग-अलग कार्रवाई में बड़ी मात्रा में अंग्रेजी और देसी शराब बरामद की गई। इस दौरान एक सेना के जवान समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया गया।पचमहला थाना क्षेत्र के रामपुर डुमरा गांव में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने हरेराम सिंह, पिता उमेश सिंह के खटाल में छापेमारी की। इस दौरान कुल 18.750 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई। पचमहला थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई थी। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। दूसरी ओर, मोकामा रेल पुलिस ने ट्रेन जांच के दौरान 13.5 लीटर विदेशी शराब के साथ सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, मंगलवार को डिब्रूगढ़-राजेंद्र नगर एक्सप्रेस में जांच के दौरान एक यात्री के सामान की तलाशी ली गई। बैग से 750 एमएल की 18 बोतल विदेशी शराब बरामद हुई।गिरफ्तार जवान की पहचान हवलदार खनके विलास के रूप में हुई है। वह महाराष्ट्र के नागपुर के रहने वाले हैं और वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश के तेंगा में सेना में तैनात बताए गए हैं। वह छुट्टी लेकर नागपुर स्थित अपने घर जा रहे थे।पूछताछ में जवान ने बताया कि शराब उन्होंने मिलिट्री कैंटीन से वैध तरीके से खरीदी थी। उनके पास शराब खरीदने का आधिकारिक बिल भी मौजूद था। मामले में पुलिस ने आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।इधर, मोकामा थाना पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर चार लोगों को 35 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में गुड्डू कुमार और मिथुन कुमार, दोनों वार्ड संख्या 22 निवासी, शेरू महतो निवासी मोदन गाछी, पंकज कुमार, वार्ड संख्या 14 तथा फंटूस कुमार निवासी सुल्तानपुर बिंद टोली के नाम शामिल हैं।

# पूजा पंडाल में ड्यूटी कर रहे एएसआई से बदसलूकी

## हाथापाई में फटी वर्दी

## दो भाइयों पर मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोकामा।** मोकामा थाना क्षेत्र के कन्हाईपुर गांव में गणेश पूजा पंडाल में विधि-व्यवस्था की ड्यूटी में तैनात एएसआई बबलू कुमार के साथ बदसलूकी और हाथापाई किए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर मोकामा थाना में मामला दर्ज कर पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को कन्हाईपुर गांव स्थित गणेश पूजा पंडाल में एएसआई बबलू कुमार विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात थे।

इसी दौरान पंडाल के समीप कन्हाईपुर निवासी दो भाई रजनीश कुमार और डाबर कुमार अपने ही गांव के सरपंच पति बबलू कुमार के साथ मारपीट और हंगामा कर रहे थे। हंगामा देख एएसआई बबलू कुमार मौके पर पहुंचे और दोनों को रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि इसी दौरान दोनों भाइयों ने एएसआई के साथ ही हाथापाई शुरू कर दी। घटना के दौरान उनकी वर्दी भी फट गई। मौके पर तैनात अन्य जवानों ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। आरोप है कि उनके परिजनों ने भी भागने में उनकी मदद की।घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने की बात सामने आई है। हालांकि, नवबिहार टाइम्स वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं करता है। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर घटना की जांच में जूटी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## परीक्षा समिति ने दी छात्रों को राहत

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट और मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2027 के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। इन परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के आवेदन पत्र भरने की अवधि बढ़ा दी गई है। शिक्षण संस्थानों के प्रधान अब 30 सितंबर 2026 तक डिजिटल माध्यम से आवेदन पत्र जमा कर सकेंगे। समिति के अध्यक्ष त्यागराजन एस. एम. ने इस विस्तार की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पहले आवेदन पत्र और शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख 16 सितंबर 2026 थी। अब इसे बढ़ाकर 30 सितंबर 2026 तक कर दिया गया है। इस निर्णय से छात्रों को राहत मिलेगी। अब सभी पात्र विद्यार्थी को समय पर आवेदन भरना होगा। समिति ने सशिक्षण संस्थानों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा का पालन करें। समय पर आवेदन पत्र जमा करना सुनिश्चित करें ताकि विद्यार्थियों को कोई परेशानी न हो। इस विस्तारित अवधि का लाभ उठाकर सभी इच्छुक विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

# महिला कॉलेज में उत्सवी माहौल में मनाया गया हिंदी पखवाड़ा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खगौल ।** नगर स्थित महिला कॉलेज खगौल में हिंदी के प्रति विद्यार्थियों में रुचि एवं जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन उत्सव एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न साहित्यिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.डॉ.उषा विद्यार्थी ने छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना फोन के माध्यम से किया। हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, नाटक, स्वरचित कविता पाठ,पोस्टर मेकिंग सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति अपने लगाओ को प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से सामाजिक एवं समसामयिक विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। वही स्वरचित कविता पाठ में विद्यार्थियों ने अपनी मौलिक रचनाओं से सभी को प्रभावित किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनामिका कुमारी, द्वितीय स्थान संजना कुमारी एवं तृतीय स्थान चांदनी कुमारी एवं तनु कुमारी को प्राप्त हुआ। कविता स्वरचित कविता पाठ में प्रथम स्थान पायल कुमारी, द्वितीय स्थान दिव्यानी एवं तृतीय स्थान फरहीन तबस्सुम ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन अंकिता आर्यन एवं सुप्रिया कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। डॉ. अजीता प्रियदर्शिनी ने कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता, संवेदना और सामाजिक एकता से जुड़ी भाषा है। कार्यक्रम में हिंदी विभाग के विभागा ध्यक्ष डॉ. उदय राज उदय उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी शिक्षिकाएं डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. खुशबू फातिमा, डॉ. अराधना, डॉ.शालिनी कुमारी, डॉ. मधुश्री, डॉसीमा कुमारी, डॉ. मधु श्री, डॉ.शालिनी कुमारी,डॉ.रीना कुमारी, डॉ. चंदा कुमारी, डॉ.किरण कुमारी,डॉ.कविता जैन,डॉ. आभा आर्या एवं रुचिका मेहता आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की संगठन सृजन बैठक में दर्जनों ने ली सदस्यता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरुआ प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में ग्राम अतरपुरा में संगठन सृजन को लेकर संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गिरीश पांडेय ने की।

बैठक में नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष को कांग्रेसजनों ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। विस्तारित बैठक में संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित कई लोगों ने कांग्रेस कमेटी की सदस्यता ग्रहण की।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी की ओर से जो भी दायित्व मिलेगा, उसे जन-जन तक पहुंचाने में वे अहम भूमिका निभाएंगे।

बैठक में मुख्य रूप से पटना जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष शिवपूजन सिंह, बिहार कांग्रेस कमेटी के महासचिव मोहम्मद अरफराज साहिल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष इंद्रमणि देवी, पार्षद प्रतिनिधि विकास यादव, सिकंदर प्रसाद, अरुण कुमार, अखिलेश कुमार, कमलेश पासवान, दिनेश प्रसाद, पप्पू कुमार, अजय पासवान, समीम मिस्त्री सहित सभी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भोज के बाद 55 लोग बीमार

**पटना।** बिहटा के कंचनपुर गांव में श्राद्ध भोज के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ने का मामला सामने आया है। मंगलवार को करीब 20 लोगों की तबीयत खराब होने के बाद बुधवार सुबह तक बीमार लोगों की संख्या बढ़कर 55 हो गई। कई लोगों में बुखार, दस्त व कमजोरी के लक्षण पाए गए हैं। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। बताते चलें कि कंचनपुर गांव में सोमवार शाम श्राद्ध भोज का आयोजन किया गया था। भोज में शामिल लोगों ने खाना खाने के बाद धीरे-धीरे तबीयत खराब होने की शिकायत की। इसके बाद कई लोगों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इस बीच स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मामले पर नजर बनाए हुए है।बीमार लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की टीम सक्रिय हो गई है। मरीजों की स्थिति और उन्हें मिल रहे उपचार की जानकारी ली जा रही है। फूड पॉइजनिंग की आशंका को देखते हुए मामले की जांच की जा रही है। हालांकि, बीमारी का वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# कम्युनिटी किचन बंद होने से सैकड़ों के सामने भोजन का संकट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोकामा।** मोकामा अंचल कार्यालय क्षेत्र के सामुदायिक रसोई (कम्युनिटी किचन) के मंगलवार शाम से बंद हो जाने के बाद जंजीरा दियारा से विस्थापित होकर आए करीब 500 बाढ़ पीड़ितों के सामने भोजन का संकट खड़ा हो गया है। मोकामा के भगवती स्थान, सूर्यनारायण घाट समेत विभिन्न राहत स्थलों पर शरण लिए बाढ़ पीड़ित अब प्रशासन से दोबारा कम्युनिटी किचन शुरू करने की मांग कर रहे हैं।बाढ़ पीड़ितों का कहना है कि जंजीरा दियारा क्षेत्र के गांवों और उनके घरों में अभी भी छाती तक पानी भरा हुआ है। ऐसे हालात में घर लौटना और वहां खाना बनाना संभव नहीं है। उनका कहना है कि वे कई दिनों से राहत स्थलों पर रह रहे हैं और कम्युनिटी किचन से मिलने वाले भोजन पर निर्भर थे। रसोई बंद होने के बाद विस्थापित परिवारों की परेशानी बढ़ गई है।पीड़ितों ने आरोप लगाया कि राहत व्यवस्था बंद होने से उन्हें जलमग्न घरों की ओर लौटने की मजबूरी पैदा हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जब तक दियारा क्षेत्र में बाढ़ का पानी पूरी तरह नहीं निकल जाता, तब तक राहत केंद्रों और सामुदायिक रसोई का संचालन जारी रखा जाए।मामले की जानकारी मिलने पर स्थानीय ग्रामीण भोला सिंह ने जंजीरा दियारा से आए बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद उन्होंने अंचलाधिकारी से बातचीत की। अंचलाधिकारी लवली कुमारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के अनुसार कम्युनिटी किचन के संचालन के लिए 12 दिनों की अनुमति मिली थी। निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद नियमानुसार रसोई को बंद किया गया है। हालांकि, वर्तमान बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सीओ द्वारा डीएम को पत्र भेजकर कम्युनिटी किचन को दोबारा चालू करने की अनुमति मांगी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### अनुग्रह नारायण महाविद्यालय के हिन्दी विभाग में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन

**पटना, नवबिहार टाइम्स संवाददात।** अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, पटना के हिंदी विभाग में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय : ह्यसोशल मीडिया, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और हिंदी साहित्य का भविष्यह्ल था। हिन्दी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा संपादित 'अंकुर भित्ति पत्रिका' के प्रवेशांक का लोकार्पण प्रधानाचार्य प्रो. रत्ना अमृत और हिंदी के लब्धप्रतिष्ठित नाटककार हृषीकेश सुलभ द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य प्रो. रत्ना अमृत ने कहा कि बदलते तकनीकी परिवेश में हिंदी के सामने नई संभावनाएँ और चुनौतियाँ दोनों उपस्थित हैं। सोशल मीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में हिंदी को तकनीक के साथ जोड़ते हुए उसकी समृद्ध साहित्यिक परंपरा और भाषिक गरिमा को बनाए रखना आवश्यक है। मुख्य अतिथि और वक्ता प्रसिद्ध नाटककार, कथाकार एवं संस्कृतिकर्मी हृषीकेश सुलभ कहा कि तकनीक को केवल चुनौती के रूप में देखने के बजाय उसके साथ संवाद स्थापित करने की आवश्यकता है। सोशल मीडिया ने अभिव्यक्ति के नए मंच उपलब्ध कराए हैं, वहीं कृत्रिम बुद्धिमत्ता साहित्य और भाषा के सामने नए सवाल भी खड़े कर रही है। ऐसे समय में लेखक की संवेदना, अनुभव और रचनात्मक विवेक की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। डॉ. नवीन कुमार ने सोशल मीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव के संदर्भ में हिंदी भाषा और साहित्य की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर काव्यपाठ, भाषण प्रतियोगिता और पोस्टर पर्दशिनी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।



### 21 सितम्बर को एकदिवसीय रोजगार मेला का किया जायेगा आयोजन

**मोतिहारी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थित जिला नियोजनालय ( महिला कॉलेज मैदान डीएम ऑफिस के पीछे ) में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है । इसमें कई स्थानीय और बाहर की लगभग 20 कम्पनियां हिस्सा लेंगी । इसमें 8वीं पास से लेकर ग्रेजुएट लेवल तक की रिक्तियां हैं । सभी अभ्यर्थी अपने योग्यता अनुसार भाग ले सकते है । अभ्यर्थी अपना बायो डाटा ले कर पहुंचे । दिये गये दफकोड को स्कैन करके आप अपना पंजीकरण कर सकते है । अधिक जानकारी के लिए 72618 12816 नंबर पर संपर्क कर सकते है । नौकरी या रजिस्ट्रेशन के नाम रुपये ठगने वाले से सावधान रहें , यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है।

### रोमांचक मुकाबले में दिघवारा ने जीता एसएसआर मेमोरियल कबड्डी टूनार्मेंट का खिताब

**दिघवारा (सारण),नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** सारण जिले के दिघवारा प्रखंड के आमी में आयोजित एसएसआर मेमोरियल कबड्डी टूनार्मेंट का खिताबी मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। प्रतियोगिता में दिघवारा, नयागांव, परसा और इसुआपुर की टीमों ने हिस्सा लिया। शानदार प्रदर्शन के दम पर दिघवारा की टीम ने इसुआपुर को 12 अंकों से हराकर विजेता कप पर कब्जा जमा लिया, जबकि इसुआपुर की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला दिघवारा और नयागांव के बीच खेला गया, जिसमें दिघवारा ने नयागांव को छह अंकों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में इसुआपुर ने परसा की टीम को 13 अंकों से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। फाइनल मुकाबले में दिघवारा और इसुआपुर की टीमों के बीच जोरदार संघर्ष देखने को मिला। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। आखिरकार दिघवारा ने बेहतर रणनीति और दमदार प्रदर्शन के बल पर इसुआपुर को 12 अंकों से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम कर लिया।
समापन समारोह के मुख्य अतिथि सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलता है। विधायक ने राज्य सरकार की मेडल लाओ, नौकरी पाओ योजना, सारण में खेल सुविधाओं के विकास तथा खेल से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर खिलाड़ियों से संवाद भी किया। समापन समारोह में नरेंद्र सिंह, रणविजय सिंह, उमाशंकर सिंह, हरिओम सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन समिति की ओर से विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन से स्थानीय लोगों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

# उच्च माध्यमिक विद्यालय पदुमकेर का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान विद्यालय में चल रही पठन-पाठन को देखा गया एवं शिक्षा साथी ऐप के उपयोग की जानकारी प्राप्त की गई**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मोतिहारी।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान 10+2 उच्च माध्यमिक विद्यालय पदुमकेर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में सभी शिक्षक उपस्थित थे। विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति भी अच्छी पाई गई।
यहां दो तीन शिक्षकों की कमी के बारे में जिलाधिकारी को बताया गया जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि शीघ्र ही शिक्षकों की यहां व्यवस्था कराई जाएगी।यहां स्मार्ट क्लास को देखा गया। जिलाधिकारी के द्वारा बाथरूम को सफाई कराते रहने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी ने बच्चों से इंटरेस्ट किया। इस दौरान बच्चों को उन्होंने गणित के प्रश्नों को हल करने का तरीका बताया। पढ़ाई के दौरान बच्चों से गणित के प्रश्न भी पूछे गए।
जिलाधिकारी को खुद से क्लास लेते हुए देखकर विद्यालय में उत्साह चरम पर था। जिलाधिकारी ने बच्चों को शिक्षा साथी ऐप के बारे में बताया और उसका भी उपयोग करने की सलाह दी।

# जल भराव स्थल बेलाघाट पताही का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पताही।** अनंत चतुर्दशी के शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण बाबा सोमेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। इसके लिए पताही अंचल के बेलघाट से जल भराव किया जाता है।
जिलाधिकारी के द्वारा अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा, सहायक समाहर्ता राजकृष्ण झा और अनुमंडल पदाधिकारी पकड़ीदयाल तथा ढाका के साथ बेलघाट का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी को सुरक्षा मानक संबंधी सभी प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। इसके लिए बैरिकेडिंग की प्रॉपर व्यवस्था,बोट के साथ एनडीआरएफ की टीम प्रतिनियुक्ति, जगह-जगह पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती को लेकर जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया। बेलघाट के आसपास मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति का भी निर्देश दिया गया ताकि जरूरत के अनुसार उसका उपयोग किया जा सके। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।


# जिलाधिकारी द्वारा पकड़ीदयाल अनुमंडल कार्यालय का किया गया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पकड़ीदयाल।** मोतिहारी जिलाधिकारी सौरव सुमन यादव के द्वारा आज अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा एवं सहायक समाहर्ता राज कृष्ण झा के साथ अनुमंडल कार्यालय पकड़ीदयाल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अनुमंडल पदाधिकारी सहित कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।
कार्यालय जांच के दौरान सभी कर्मियों की उपस्थिति एवं उनके बायोमैट्रिक अटेंडेंस की जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी के द्वारा एक - एक कर्मी से उनका परिचय प्राप्त किया गया एवं उनके कार्यों की जानकारी ली गई।
कार्यालय निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त पत्रों की जानकारी ली गई और इनका संधारण देखा गया, साथ ही इस पर की गई कार्रवाई के संबंध में पूछताछ की गई। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया आगत पंजी का संधारण एवं कार्य आवंटन से संबंधित लॉग बुक सही ढंग से मेंटेन किया जाए एवं इसकी नियमित समीक्षा की जाए ताकी प्राप्त पत्र पर कार्रवाई लंबित नहीं रहे।
सरकार द्वार निर्धारित लक्ष्य "सबका सम्मान-जीवन आसान"को ध्यान में रखकर आमजन से प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए।उपस्थित सभी कर्मियों को जिलाधिकारी ने कहा कि अपने कार्यों को जिम्मेदारी के साथ करें। सभी तरह के रिकॉर्ड को अच्छे से मेंटेन करें।जिलाधिकारी द्वारा भूमि विवाद,न्यायालय के अभिलेख, नीलाम पत्र वाद के अभिलेख, विभिन्न पंजी इत्यादि का निरीक्षण किया और जनहित को प्राथमिकता देते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया।
अनुमंडल कार्यालय आए लोगों से मिलकर जिलाधिकारी ने उनसे अनुमंडल कार्यालय आने का कारण पूछा एवं अनुमंडल पदाधिकारी को उनकी समस्याओं के निराकरण के संबंध में जरूरी निर्देश दिए गए।

# 17-18 सितंबर को पटना में राष्ट्रीय रोगी सुरक्षा कार्यक्रम



**देशभर के प्रमुख चिकित्सक, हेल्थकेयर लीडर्स, रोगी-सुरक्षा विशेषज्ञ एवं नीति-निमार्ता होंगे**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** स्वास्थ्य सेवाओं में रोगी सुरक्षा, गुणवत्ता एवं मरीजों के विश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से पटना में 17झ्18 सितंबर 2026 को दो दिवसीय राष्ट्रीय रोगी सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
कार्यक्रम का आयोजन रुबन मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा सी ए एच ओ, ए एच पी आई एवं सी आई आई बिहार के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय श्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री, बिहार सरकार करेंगे।कार्यक्रम में देशभर से प्रमुख हेल्थकेयर सीईओ, चिकित्सक, अस्पताल प्रबंधन विशेषज्ञ, रोगी-सुरक्षा एवं गुणवत्ता विशेषज्ञ तथा नीति-निमार्ता शामिल होंगे और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुरक्षित एवं मरीज-केंद्रित बनाने पर विचार-विमर्श करेंगे। डॉ. सत्यजीत कुमार सिंह, प्रबंध निदेशक, रुबन ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने कहा कि रोगी सुरक्षा केवल अस्पताल या तकनीक से जुड़ा विषय नहीं है, बल्कि यह मरीज और उसके परिवार के विश्वास से सीधे जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, ह्लहमारी जिम्मेदारी केवल सही उपचार देना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि मरीज की पूरी उपचार यात्रा सुरक्षित हो। इसके लिए बेहतर सिस्टम, टीमवर्क, स्पष्ट संवाद, सुरक्षित दवा-प्रयोग, संक्रमण नियंत्रण और घटनाओं से सीखने की संस्कृति आवश्यक है। कार्यक्रम में मेडिकेशन सेफ्टी, डायग्नोस्टिक सेफ्टी, सर्जिकल सेफ्टी, हुमन फैक्टर, रोगी एवम परिवार के एनगेजमेंट तथा डेटा, डिजिटल टेक और अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। डॉ. सिंह ने कहा कि रोगी सुरक्षा में स्थायी सुधार के लिए चिकित्सकों, अस्पताल प्रबंधन, विशेषज्ञों और नीति-निमार्ताओं का सामूहिक प्रयास आवश्यक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पटना में होने वाली यह राष्ट्रीय पहल व्यावहारिक एवं मापनीय सुधारों की

## राजधानी पटना में एक गुप्त मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़

**बाढ़, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना में बाढ़ के बनारसी घाट मोहल्ले में काफी दिनों से चल रही मिनी गन फैक्ट्री का एसटीएफ ने मंगलवार को उद्भेदन किया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने पांच अर्धनिर्मित पिस्तौल, 14 गोलियां और हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाले कई औजार बरामद किये। कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री का मुख्य संचालक कई तैयार देसी पिस्तौल लेकर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

# बिहार के नीरज ने अमेरिका में रचा इतिहास



**छपरा (सारण), नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** कहते हैं कि परिस्थितियां कितनी भी विपरीत क्यों न हों, यदि हौसले बुलंद हों और मेहनत के प्रति ईमानदारी हो तो सफलता की राह खुद बन जाती है। सारण जिले के एक ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर अमेरिका तक का सफर तय करने वाले नीरज कुमार सिंह ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर ऐसा ही उदाहरण पेश किया है। अपनों की उपेक्षा और समाज के तानों को पीछे छोड़ते हुए नीरज ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।
नीरज ने अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स लोवेल में 24 अगस्त 2026 से ह्यएजुकेशन लीडरशिपह्ल विषय में पीएचडी शोध की शुरूआत की है। खास बात यह है कि 2026-27 बैच में इस कार्यक्रम के लिए चयनित कुल 60 शोधार्थियों में नीरज भारत से चुने गए इकलौते शोधार्थी हैं।
नीरज की सफलता की कहानी संघर्ष, आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छाशक्ति की मिसाल है। सारण के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर उन्होंने अपनी शैक्षणिक यात्रा को लगातार आगे बढ़ाया और अंततः अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी तक पहुंचे। प्रोफेसर बनने का सपना संजोए नीरज ने बताया कि उनके 2026-27 बैच में कुल 60 शोधार्थी हैं। भारत से इस बैच में उनका चयन अकेले हुआ है। उनके अनुसार, यह उपलब्धि उनके लिए व्यक्तिगत सफलता के साथ-साथ बिहार और भारत के लिए भी गौरव का विषय है।
नीरज को यूनिवर्सिटी की ओर से लगभग 2.6 करोड़ रुपये की पूरी तरह वित्तपोषित छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। इस छात्रवृत्ति में ट्यूशन फीस की पूरी माफी के साथ स्वास्थ्य बीमा और नियमित छात्रवृत्ति भी शामिल है। इससे उनके रहने, पढ़ाई और शोध से जुड़े खर्चों का प्रबंध हो सकेगा। अमेरिका पहुंचने से पहले भी नीरज की शैक्षणिक उपलब्धियों का सफर काफी उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया, मुंबई के टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, चेन्नई के राजीव गांधी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ यूथ डेवलपमेंट तथा जय प्रकाश विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की है।
नीरज की उपलब्धि केवल पीएचडी में प्रवेश और छात्रवृत्ति तक सीमित नहीं है। उनकी अकादमिक क्षमता को देखते हुए उन्हें शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए यूनिवर्सिटी में टीचिंग असिस्टेंट के रूप में भी नियुक्त किया गया है। इस भूमिका में वे स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों के अकादमिक कार्यों में सहयोग करेंगे। यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ एजुकेशन की ओर से उन्हें विशेष रिसर्च वर्कस्पेस भी उपलब्ध कराया गया है।
नीरज का शोध विषय भी सामाजिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। वे बहुभाषी शिक्षा, शिक्षा में समानता और समावेशी शिक्षा जैसे मुद्दों पर शोध कर रहे हैं। उनका प्रयास ऐसे शैक्षिक मॉडल की परिकल्पना करना है, जिसमें भाषा, सामाजिक स्थिति अथवा अन्य परिस्थितियों के कारण कोई भी बच्चा शिक्षा की मुख्यधारा से पीछे न छूटे।

# 'दीक्षारंभ समारोह 2026' : एमजीसीयू में नवागत विद्यार्थियों को मिली ज्ञान, संस्कार और आत्मविश्वास की दीक्षा

**'क्या आप तकनीक का उपयोग कर रहे हैं, या तकनीक आपका उपयोग कर रही है ?' : कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव**



**मोतिहारी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शरद ऋतु की स्वच्छ प्रभात में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय का महात्मा गांधी सभागार आज ज्ञान, संकल्प और आशीर्वचनों की त्रिवेणी से आप्लावित हो उठा, जब "दीक्षारंभ समारोह 2026" के अंतर्गत नवागत विद्यार्थियों का भावभीना स्वागत किया गया। स्नातकोत्तर एवं नवसंचालित पाँच वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले रहे सैकड़ों विद्यार्थी इस अविस्मरणीय अवसर के साक्षी बने, जो उनके जीवन के एक नूतन अध्याय का शुभारंभ था। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार वाजपेयी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी ने समारोह की गरिमा को बढ़ाया। शैक्षणिक मामलों के निदेशक प्रो. शिरीष मिश्रा के सारगर्भित स्वागत भाषण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। शॉर्टकट मत अपनाइए, परिश्रम से भाग्य गढ़िए — कुलानुशासक प्रो. प्रसून दत्त सिंह
कुलानुशासक प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज उनके सामने वे ही संकल्प साकार खड़े हैं, जिन्हें लेकर वे यहाँ तक की यात्रा तय करके आए हैं — और इन संकल्पों में कभी विचलन नहीं आना चाहिए। उन्होंने इस अवसर को "जीवन-निर्माण का पावन क्षण" निरूपित करते हुए आत्म-संयम, सुचिता, बुद्धि की उर्वरता और गुरु-वंदना को विद्यार्थी जीवन की आधारशिला बताया। उनके शब्दों में दृढ़ता झलकती रही: "शॉर्टकट मत अपनाइए। परिश्रम से ही आप भाग्य का निर्माण कर सकते हैं।" विशिष्ट अतिथि प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में विद्यार्थियों का आह्वान किया कि उन्हें तीन बातों पर गौरव का अनुभव होना चाहिए — मनुष्य योनि में जन्म, भारत भूमि पर जन्म, और एमजीसीयू में अध्ययन का दुर्लभ सौभाग्य। उन्होंने 2047 के विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में विद्यार्थियों की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्हें "लेने वाला नहीं, देने वाला" बनने की प्रेरणा दी। जीवन का उद्देश्य निर्धारित करना ही सर्वोपरि कर्तव्य है, यह प्रतिपादित करते हुए उन्होंने अपना उद्बोधन "हरिओम" के दिव्य उद्घोष के साथ विराम दिया। मुख्य अतिथि प्रो. परमेंद्र कुमार वाजपेयी का उद्बोधन समारोह का हृदय-स्थल सिद्ध हुआ। उन्होंने कहा कि बड़ी-बड़ी बातें करना सहज है, परंतु छोटी-छोटी बातों को जीवन में उतारना और उनमें निरंतरता बनाए रखना ही सफलता की सच्ची कुंजी है। संस्कृत के एक गीत "संघे शक्ति कलौ युगे" का स्मरण कराते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया, "अकेले नहीं, एक साथ बैठिए। एक साथ बढ़िए।" उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी यहाँ केवल उपाधि अर्जित करने नहीं, बल्कि आत्मनिर्माण और ज्ञानार्जन हेतु आए हैं — क्योंकि श्रद्धा के बिना ज्ञान संभव नहीं, और सीखना जीवनपर्यंत चलने वाली साधना है। "काग चेष्टा" के प्राचीन दृष्टांत से सतत परिश्रम की प्रेरणा देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से "विवेकवान" नहीं, "प्रज्ञावान" बनने का आह्वान किया। नई पीढ़ी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विभाजन की सोच त्यागकर सकारात्मकता अपनाई जाए और किसी भी पूर्वाग्रह से मुक्त होकर ऐसा विश्व गढ़ा जाए, जो विकृतियों से रहित हो। उन्होंने अंत में आह्वान किया कि ज्ञान को व्यवहार में उतारकर विकसित भारत का निर्माण किया जाए और विश्व को नई दिशा दी जाए। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप 12 विषयों में पाँच वर्षीय एकीकृत स्नातक-स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आरंभ किए हैं, जिनमें कंप्यूटर साइंस में बी.टेक-एम.टेक तथा समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, संस्कृत, हिंदी और अंग्रेजी में बीए-एमए पाठ्यक्रम सम्मिलित हैं।

# ओजोन दिवस पर ए. एन. कॉलेज के भूगोल विभाग में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** ओजोन दिवस के अवसर पर ए. एन. कॉलेज, पटना के इको क्लब "पर्यावरण प्रहरी" तथा भूगोल विभाग द्वारा ह्लक्स्ट्रूं३ ङ्का ल्र्४ेल्ल अू३५३८ ङ्कल्ल ३ँ एं१३ँह्व विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से मानवीय गतिविधियों के पर्यावरण, पृथ्वी के पारिस्थितिक संतुलन तथा ओजोन परत पर पड़ने वाले प्रभावों को रचनात्मक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।
कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए ओजोन परत के संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा समाज में पर्यावरणीय चेतना फैलाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. दीपक कुमार, डॉ. विनिता प्रसाद, डॉ. भावना निगम, डॉ. अमर कुमार, डॉ. अरुण कुमार एवं डॉ. रणधीर कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।
कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करने के साथ-साथ उन्हें रचनात्मक माध्यमों से जलवायु परिवर्तन, ओजोन परत के संरक्षण तथा सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों से जोड़ना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल एवं सार्थक बनाया।

## पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर - कॉलेज एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रामकृष्ण द्वारिका कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**पटना, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दिनांक 14 एवं 15 सितंबर को संपन्न हुए इंटर- कॉलेज एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रामकृष्ण द्वारिका कॉलेज की सात सदस्यीय विद्यार्थियों की टीम ने पांच सिल्वर मेडल हासिल किये ।
बीकॉम पांचवें सेमेस्टर की छात्रा खुशी सिंह ने ट्रिपल जंप और हाई जंप में सिल्वर मेडल प्राप्त किया जबकि इतिहास विषय के पांचवें सेमेस्टर के छात्र प्रिंस कुमार ने शॉर्टपुट और डिस्कस थ्रो में सिल्वर मेडल प्राप्त किया ।
रसायन शास्त्र विषय के तृतीय सेमेस्टर के गुलाम - ए - मुस्तफा ने पंद्रह सौ मीटर रेस में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। टीम का नेतृत्व कॉलेज की स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ. जया दीक्षित ने किया।
कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीता सिन्हा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । खेल वालेंटियर्स अमित और अंकित ने भी टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई।

# कबड्डी प्रतियोगिता में आरएलएसवाई महाविद्यालय विजेता, गया कॉलेज उपविजेता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के तत्वावधान में अंतर-महाविद्यालय कबड्डी (पुरुष) प्रतियोगिता 2026-27 का भव्य आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों का परिचय कराया गया। प्रतियोगिता में छह महाविद्यालयों - राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय, सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय, अनुग्रह नारायण स्मारक महाविद्यालय, नबीनगर, सत्येंद्र नारायण सिन्हा महाविद्यालय, जहानाबाद, गया कॉलेज, गया जी एवं अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया जी की टीमों ने भाग लिया। सेमीफाइनल में आरएलएसवाई महाविद्यालय ने सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय को तथा गया कॉलेज, गया जी ने अनुग्रह नारायण स्मारक महाविद्यालय, नबीनगर को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय, औरंगाबाद की टीम विजेता, जबकि गया कॉलेज, गया जी की टीम उपविजेता रही। अनुग्रह नारायण स्मारक महाविद्यालय, नबीनगर एवं सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय, औरंगाबाद संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आरएलएसवाई महाविद्यालय के राकेश कुमार को सर्वश्रेष्ठ रेडर तथा राजकुमार को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का खिताब प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय, प्राचार्या डॉ. कुमारी गायत्री सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला खेल पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. विजय रजक ने सभी अतिथियों, खेल प्रभारियों, टीम प्रबंधकों, मैच अधिकारियों एवं मीडिया कर्मियों को शॉल, पुष्पगुच्छ, मेमेंटो, महाविद्यालय फाइल, कैप एवं बैज देकर सम्मानित किया। मगध विश्वविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ. सुदर्शन राय ने आयोजन की सराहना करते हुए महाविद्यालय को बधाई दी। प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने कहा कि महाविद्यालय खेल प्रतिभाओं को निरंतर प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतियोगिता में चयनित मगध विश्वविद्यालय के 14 खिलाड़ी ईस्ट जोन प्रतियोगिता 2026-27 में भाग लेने के लिए 06 अक्टूबर को जौनपुर, उत्तर प्रदेश रवाना होंगे। प्रतियोगिता वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में 07 से 10 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होगी। टीम का प्रतिनिधित्व टीम मैनेजर रवि रंजन त्रिपाठी एवं आर्यन कुमार करेंगे। महाविद्यालय के कार्यक्रम के अवसर पर डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. रमेश यादव, डॉ. संजय रमन, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. सुनील कुमार गुप्ता, डॉ. जुबैर आलम सहित उपस्थित रहे।



## शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रफीगंज ने मंगलवार की रात रेलवे स्टेशन परिसर में कार्रवाई करते हुए दो कथित शराब तस्करों को 18 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। बरामद शराब की कीमत करीब 17,280 रुपये बताई गई है। आरपीएफ के अनुसार, वरीय अधिकारियों के निर्देश पर रफीगंज पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में सउनि दिलीप कुमार के साथ प्रधान आरक्षी अमित कुमार एवं आरक्षी धर्मेंद्र कुमार रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सामानों की चोरी की रोकथाम और ज्वलनशील पदार्थों की जांच कर रहे थे। नवनिर्मित ओवरब्रिज के दक्षिणी छोर के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान दोनों के अलग-अलग बैग से रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की की 24-24 बोतलें बरामद की गईं। बरामद शराब की कुल मात्रा 18 लीटर बताई गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चंदन कुमार (27), पिता लाल दीप यादव, निवासी सलैया, वार्ड संख्या 11, थाना सलैया तथा गुड्डू कुमार (21), पिता जुगेश्वर यादव, निवासी हसनपुर, वार्ड संख्या 9, थाना रफीगंज, जिला औरंगाबाद के रूप में हुई है।

# अग्नि सुरक्षा एवं बचाव को लेकर मॉक ड्रिल सह जनजागरूकता कार्यक्रम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले में अग्नि सुरक्षा एवं आपदा से बचाव को लेकर आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल, औरंगाबाद में मॉक ड्रिल सह जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अग्निशमन पदाधिकारी श्रेयांश विप्रा, अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी रामाकांत सिंह, सहायक अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी कुन्दन कुमार एवं प्रधान अग्निक संजय कुमार राय द्वारा किया गया। इस दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को आग से बचाव एवं सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मॉक ड्रिल के दौरान आग लगने की स्थिति का प्रदर्शन करते हुए आग पर सुरक्षित तरीके से काबू पाने की विभिन्न विधियों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। साथ ही, आग लगने की सूचना तत्काल अग्निशमन विभाग को देने, आपात स्थिति में घबराने के बजाय सावधानी एवं सूझबूझ से कार्य करने तथा भवन में फंसे व्यक्तियों एवं छात्र-छात्राओं को सुरक्षित रूप से बाहर निकालने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। अग्निशमन कर्मियों द्वारा डेमो के माध्यम से यह भी बताया गया कि आग लगने की स्थिति में भवन को खाली कराने के दौरान किस प्रकार सुरक्षित निकासी मार्ग का उपयोग किया जाए तथा बच्चों एवं अन्य लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया जाए। कार्यक्रम में अग्निशमन उपकरणों के उपयोग एवं आग बुझाने की प्रक्रिया का भी प्रदर्शन किया गया, जिससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आपात स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई। आगामी त्योहारों को देखते हुए अग्निशमन विभाग के पदाधिकारियों ने दीप, मोमबत्ती, पटाखे, विद्युत सजावट एवं अन्य ज्वलनशील सामग्री के उपयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी जागरूक किया। लोगों से अपील की गई कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें तथा आग लगने की स्थिति में तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचित करें।

# जिउतिया लोकोत्सव के लिए सरकार ने दिए तीन लाख

डॉ. उपेंद्र कश्यप/नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** मुख्य पार्षद अंजली कुमारी के प्रयास से पहली बार सरकार ने जिउतिया लोक उत्सव के लिए तीन लाख रुपये की राशि आवंटित किया है। लेकिन राशि आवंटित होने के साथ ही कई समस्याएं भी सामने खड़ी हो गई है। राशि मिलते ही सवाल खड़ा हुआ है कि इस राशि को खर्च कौन करेगा, कैसे और किस मद में खर्च करेगा। इसमें प्रशासन और नगर निकाय की भूमिका क्या होगी। इस प्रश्न के जवाब में मुख्य पार्षद अंजली कुमारी ने कहा कि यह कला संस्कृति पदाधिकारी बताएंगे। कला संस्कृति पदाधिकारी पप्पू कुमार बताते हैं कि नगर परिषद में पहले दिन का आयोजन प्रशासनिक स्तर पर होगा। शेष तीन दिन का आयोजन नगर परिषद करेगा। पहले दिन जो कार्यक्रम होगा उसमें



जिलाधिकारी के स्तर से जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। यानी जिले के सभी सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। इस दिन जो कला प्रस्तुतियां होंगी। कुल प्रस्तुतियों में चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने की जिम्मेदारी नगर परिषद की नहीं बल्कि प्रशासनिक महकमे की होगी। समस्या यह आएगी कि बिहार सरकार की कला संस्कृति विभाग के वेबसाइट पर जो निबंधित कलाकार होंगे, सिर्फ वे ही इस आयोजन का लाभ ले सकते हैं। पहली बार इस तरह का अनुभव दाउदनगर को होगा। इसका भविष्य में क्या नफा नुकसान स्थानीय संस्कृति के संदर्भ में होगा यह आकलन करने में वक्त लगेगा। नगर परिषद की मुख्य पार्षद अंजली कुमारी ने कहा कि राशि का आवंटन होना दाउदनगर वासियों के लिए हर्ष और गौरव का विषय है। यह राशि हमारे पारंपरिक लोक उत्सव को और भव्य एवं व्यवस्थित रूप देने में सहायक होगी तथा हमारी सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के बरैलीचक निवासी संतोष कुमार व नीतीश कुमार तथा पीरू गांव निवासी गया यादव को हसपुरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायालय में पेश कर बुधवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया की जेल भेज गए तीनों के खिलाफ न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था। जिसे लेकर पुलिस पिछले काफी दिनों से तलाश रही थी। उन्होंने बताया की गिरफ्तार वारंटियों को कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गैर जमानती वारंटियों के खिलाफ गिरफ्तारी अभियान चल रहा है।

# 684 आंगनबाड़ी केंद्र जमीन के अभाव में भवनहीन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के सभी प्रखंडों में किराये के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के आदेशानुसार विशेष स्थलीय निरीक्षण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों के सुचारु संचालन, निर्धारित मानकों के अनुपालन तथा बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से यह विशेष जांच कराई गई। जिलाधिकारी द्वारा जांच कार्य के लिए जिला स्तरीय पदाधिकारियों को वरीय दंडाधिकारी तथा प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को सहायक दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में किराये के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। विशेष जांच अभियान के तहत आज जिले में कुल 684 किराये के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह देखा गया कि संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन विभाग द्वारा निर्धारित मापदंड एवं एकरारनामा में निहित शर्तों के अनुरूप किया जा रहा है अथवा नहीं।निरीक्षण के क्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए उपलब्ध शौचालय, पेयजल, बिजली, किचन सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं स्थिति का जायजा लिया गया। साथ ही केंद्र में अध्ययनरत बच्चों से बातचीत कर उन्हें आ रही समस्याओं एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। जिला प्रशासन द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा बच्चों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया जा रहा है। निरीक्षण से प्राप्त जांच प्रतिवेदनों के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक एवं नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## एक नजर

### कुटुंबा में केंद्रीय या नवोदय विद्यालय की पहल तेज, चिराग ने शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय अथवा नवोदय विद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर पहल तेज हो गई है। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी को पत्र लिखकर कुटुंबा में उपयुक्त केंद्रीय शैक्षणिक संस्थान की स्थापना की मांग पर विचार करने का आग्रह किया है। यह पहल लोजपा (रामविलास) बिहार महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव नीलम देवी के अभ्यावेदन के बाद हुई है। नीलम देवी ने कुटुंबा में केंद्रीय या नवोदय विद्यालय खोलने की मांग करते हुए क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सरकारी शिक्षा संस्थानों की कमी का मुद्दा उठाया था। चिराग पासवान ने शिक्षा मंत्री को लिखे पत्र में कुटुंबा के ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों की शैक्षणिक कठिनाइयों का उल्लेख किया है। पत्र में कहा गया है कि बेहतर शिक्षण संस्थान के अभाव में विद्यार्थियों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जबकि निजी स्कूलों की फीस गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालती है। केंद्रीय मंत्री ने क्षेत्र की सामाजिक एवं शैक्षणिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। पत्र के बाद कुटुंबा में केंद्रीय विद्यालय या नवोदय विद्यालय की स्थापना को लेकर उम्मीदें बढ़ी हैं।

### रफीगंज में सजेगा डांडिया महोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज में डांडिया महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। चरकावां मार्केट स्थित एबीवीपी कार्यालय में आयोजन समिति की बैठक हुई। इस वर्ष डांडिया महोत्सव 16 अक्टूबर को नवरात्रि की षष्ठी तिथि पर आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार, डांडिया दीवाने 2.0 में केवल फैमिली और कपल को प्रवेश मिलेगा। 500 रुपये के पास पर दो लोगों को प्रवेश दिया जाएगा। कुल 200 पास ही जारी किए जाएंगे, जिनका वितरण 5 अक्टूबर से होगा। पास के साथ डांडिया स्टिक, फास्ट फूड और पानी निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इस बैठक में शुभम सिंह, सुमित शौंडिक, रोहित कुमार, विक्की कश्यप, अंकित कुमार, अमन कुमार, छोटू कुमार, अभिषेक, सनी कुमार, राहुल कुमार, अंशु कुमार, गुड्डू चौरसिया उपस्थित रहे।

### दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर बैठक

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के चरकावा रोड स्थित शिव स्थान परिसर में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति की ओर से बीती रात दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अखिलेश्वर प्रसाद ने की, जबकि संचालन वार्ड पार्षद सुबोध कुमार शर्मा, अशोक मेहता एवं डॉ. संदीप कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करने तथा माता रानी के समक्ष दीप ज्योत जलाकर किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच हनुमान चालीसा, इस दौरान गुरु सम्मान का भी आयोजन किया गया जिसमें कलम एवं माता रानी का पट्टा देकर स्वागत किया गया। इसके बाद हनुमान चालीसा पाठ और गणेश आरती का आयोजन हुआ। बैठक में पिछले वर्ष दुर्गा पूजा के दौरान हुए आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। साथ ही आगामी दुर्गा पूजा को भव्य एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर कमेटी के संरक्षक इन्द्रदेव सिंह, सरपंच दयानंद प्रसाद दांगी, विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, सेवानिवृत्त शिक्षक शिक्षक अखिलेश्वर प्रसाद, सिद्धेश्वर प्रसाद, समिति के अध्यक्ष राजाराम चौधरी, कोषाध्यक्ष दिलीप साव, अशोक मेहता विकास कुमार यादव, योगेंद्र यादव, रविंद्र प्रसाद, धनेशचंद यादव, किशोरी मोहन, राजेंद्र कुमार राकेश, कुंदन पटेल, युवा नेता ऋषिकेश कुमार, राजकुमार, अभिषेक कुमार कश्यप, विजय चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### सड़क पर खड़े डंपर से बाइक की टक्कर, तीन घायल

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद से इलाज कराकर बाइक से घर लौट रहे तीन लोग सड़क हादसे में घायल हो गए। घटना खड़वा और चित्रसारी गांव के बीच की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बटूरा गांव निवासी साबित कुमारी, उनकी माता बेबी देवी और पिता अमृत दास बाइक से औरंगाबाद से इलाज कराकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बीच सड़क पर खड़े डंपर से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक डॉ. ए.के. खेसारी ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। घायल परिजनों ने बताया कि सड़क के बीच में डंपर खड़ा होने के कारण बाइक उससे टकरा गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पटोई खुर्द से खैरी मोड़ तक सड़क निर्माण की मांग, विधायक ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** गोह विधानसभा क्षेत्र के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत सिहुली पंचायत के पटोई खुर्द गांव में गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा ने बुधवार को पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात की और सड़क से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में सड़क की जर्जर स्थिति एवं आवागमन में हो रही परेशानियों से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि पटोई खुर्द से खैरी मोड़ तक करीब तीन किलोमीटर सड़क निर्माण की आवश्यकता है। इसके अलावा खुर्द पटोई से खैरी मोड़ तक लगभग चार किलोमीटर तथा सलेमपुर-खैरी से खैरी मोड़ तक करीब तीन किलोमीटर सड़क की स्थिति को लेकर भी ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती है। खासकर ग्रामीणों को रोजमर्रा के काम, स्कूल, बाजार एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कर बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने



की मांग विधायक के समक्ष रखी। विधायक अमरेन्द्र कुशवाहा ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और सड़क निर्माण की दिशा में आवश्यक पहल करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं लोगों के दैनिक जीवन से सीधे जुड़ी हैं। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए संबंधित स्तर पर पहल करने का प्रयास किया जाएगा।

# हिंदी दिवस : कई प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** कन्या इंटर विद्यालय में मंगलवार को हिंदी दिवस पर सामान्य ज्ञान, भाषण एवं स्वरचित कविता वाचन प्रतियोगिता में छात्राओं का उत्साह और उनकी प्रतिभा दिखी। मुख्य अतिथि मुख्यपार्षद अंजली कुमारी, सशक्त स्थायी समिति सदस्य जयगोविन्द प्रसाद, वार्ड पार्षद दिनेश प्रसाद, प्रतिनिधि अमित कुमार, ने उद्घाटन किया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य रवींद्रनाथ ने जबकि संचालन शिक्षक अनुज कुमार पांडेय ने किया। हिंदी भाषा पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित में प्रथम गुड़िया कुमारी, द्वितीय प्रतिमा कुमारी और तृतीय स्थान पर रेशमी कुमारी रही। सभी नवम वर्ग की छात्रा हैं। इसके अलावा प्रतियोगिता में टॉप-10 में स्थान बनाने वाली सभी छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता रूखसाना प्रवीण, अनुप्रिया कुमारी एवं अलीशा कुमारी सफल रही। स्वरचित कविता वाचन प्रतियोगिता में नेहा प्रवीण, अश्विनी कुमारी एवं अंशुप्रिया सदल रही। निर्णायक मंडली में शिक्षक पिंटू कुमार, नन्दू कुमार एवं सत्यम पांडेय शामिल थे। शिक्षा विभाग द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाली दशम वर्ग की छात्रा अनु कुमारी को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अंजली कुमारी ने कहा कि छात्राओं को किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है। वे निडर होकर पढ़ाई करें और समाज एवं देश का नेतृत्व करें। प्रभारी प्रधानाचार्य रवींद्रनाथ ने मांगपत्र अंजली कुमारी को सौंपा। इसमें विद्यालय परिसर में फेवर ब्लॉक लगवाने, एक स्ट्रीट लाइट लगवाने तथा डस्टबिन की व्यवस्था करवाने सहित अन्य आवश्यक मांगें शामिल थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. राजकुमार सिंह, अंजना कुमारी, सुरभि कुमारी, मोहम्मद साबिर आलम, रामजीत कुमार, मनीष कुमार, जयशंकर प्रसाद, सुनील कुमार, अभय कुमार सिंह, पूजा कुमारी, माया कुमारी, लक्की कुमारी, रिजवान अहमद, पूनम कुमारी, प्रभु प्रकाश रंजन, अवध किशोर, राशिद अनवर, लाइब्रेरियन कंचन कुमारी, लिपिक राकेश कुमार, जूही कुमारी, परिचारी बसंती कुमारी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल में हिंदी सम्मान समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** स्थानीय आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल, दोस्ताना अंबा के परिसर में बुधवार को हिंदी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने साहित्यिक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह का उद्देश्य नई पीढ़ी को हिंदी के महत्व से जोड़ना तथा भाषा एवं साहित्य के प्रति रुचि विकसित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला साहित्य सम्मेलन के महामंत्री धनंजय कुमार जयपुरी, शिक्षक दयानंद सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी हसपुरा डॉ. चंदन कुमार, प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, शिक्षक अशोक कुमार, दिनेश गुप्ता, प्रमोद मेहता, ब्रजकिशोर मेहता, संजय कुमार, वेद प्रकाश तिवारी एवं विद्यालय के निदेशक विनय कुमार, प्राचार्य व अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप



प्रज्वलित कर किया। विद्यार्थियों ने वाणी वंदना की प्रस्तुति दी। इसके बाद कविता-पाठ, भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिता में बच्चों ने हिस्सा लिया। 'वैश्विक मंच पर हिंदी की बढ़ती साख' और 'दैनिक जीवन में मातृभाषा की प्रासंगिकता' जैसे विषयों पर विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे। विद्यालय के रंगमंच दल ने कबीर, तुलसी और मुंशी प्रेमचंद के साहित्यिक योगदान पर आधारित लघु नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों की वाहवाही बटोरी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पदक, प्रशस्ति पत्र और पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया। हिंदी शिक्षण को प्रभावी बनाने वाले शिक्षकों को भी विद्यालय प्रबंधन ने सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक विरासत और अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में दैनिक जीवन में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग और भाषा के संरक्षण-संवर्धन का सामूहिक संकल्प लिया गया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। मौके पर प्रवीण कुमार, अवकाश प्राप्त शिक्षक बृजमोहन राम, शिक्षक त्रिपुरारी , रामजीत सिंह समेत विद्यालय के सभी शिक्षक, बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# विश्व ओजोन दिवस पर दाउदनगर महाविद्यालय में सेमिनार आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर महाविद्यालय के प्रेमचंद सभागार में प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. एमएस इस्लाम के निर्देशन एवं संरक्षण में वनस्पति विज्ञान एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विश्व ओजोन दिवस पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य ओजोन परत के संरक्षण, जलवायु परिवर्तन एवं सतत पर्यावरणीय प्रबंधन के प्रति विद्यार्थियों और आमजन को जागरूक करना था। अध्यक्षता भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. देव प्रकाश ने की। उन्होंने ओजोन परत के संरक्षण को महत्वपूर्ण पर्यावरणीय आवश्यकता बताते हुए कहा कि पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान के लिए तकनीकी उपायों के साथ सामूहिक जागरूकता एवं जिम्मेदार नागरिक सहभागिता भी जरूरी है। उन्होंने प्राचीन ज्ञान और आधुनिक तकनीक को एक-दूसरे का सहयोगी बनाने पर जोर दिया। वनस्पति विज्ञान विभाग के सहायक प्राचार्य सह विभागाध्यक्ष डॉ. सुमित कुमार मिश्र ने 'सस्टेनेबल कूलिंग इन अ वार्मिंग वर्ल्ड' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल से किगाली संशोधन तक ओजोन संरक्षण की वैश्विक यात्रा, ऊर्जा-कुशल उपकरणों, निष्क्रिय शीतलन तकनीकों, जलवायु-अनुकूल रेफ्रिजरेंट और सतत शीतलन नीतियों पर चर्चा की। रसायन विज्ञान विभाग के सहायक प्राचार्य सह विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन शेखर ने 'केमिस्ट्री ऑफ ओजोनः निर्माण, प्रतिक्रिया एवं क्षय' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने ओजोन गैस की रासायनिक संरचना, निर्माण एवं क्षय की प्राकृतिक प्रक्रिया, मानवजनित रसायनों के प्रभाव तथा अंटार्कटिका के ऊपर ओजोन क्षय के कारणों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के डॉ. कुणाल किशोर ने किया। उन्होंने विश्व ओजोन दिवस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन दर्शनशास्त्र विभाग के डॉ. रोजी कांत ने किया। सेमिनार में महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# महादेव लाल सर्राफ कॉलेज ऑफ फार्मेसी को चिकित्सा उपकरण निगरानी केंद्र की मान्यता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** महादेव लाल सर्राफ कॉलेज ऑफ फार्मेसी, औरंगाबाद को भारतीय मैटेरियोविजिलेंस कार्यक्रम के तहत चिकित्सा उपकरण प्रतिकूल घटना निगरानी केंद्र के रूप में मान्यता मिली है। भारतीय फार्माकोपिया आयोग के राष्ट्रीय समन्वय केंद्र ने 7 सितंबर 2026 से संस्थान को मेडिकल डिवाइस एडवर्स इवेंट मॉनिटरिंग सेंटर के रूप में नामित करने पर सहमति दी है। इस संबंध में आयोग के सचिव-सह-वैज्ञानिक निदेशक डॉ. वी. कलईसेल्वन ने 7 सितंबर को पत्र जारी किया है। संस्थान एनएस-22-23, बियाडा जसोइया मोड़, बिहार सीमेंट प्लांट के पास स्थित है।

पत्र के अनुसार, संस्थान के प्रोग्राम समन्वयक ने 18 अगस्त 2026 को एडवर्स ड्रग रिएक्शन मॉनिटरिंग सिस्टम में पंजीकरण कराया था, जिसके आधार पर उसे भारतीय मैटेरियोविजिलेंस कार्यक्रम में शामिल किया गया है। अब केंद्र से चिकित्सा उपकरणों से संबंधित प्रतिकूल घटनाओं का आंकड़ा एकत्र कर समय-समय पर राष्ट्रीय समन्वय केंद्र को रिपोर्ट करने की अपेक्षा की गई है। राष्ट्रीय समन्वय केंद्र चिकित्सा उपकरण निगरानी केंद्रों के सुचारु संचालन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, चिकित्सा उपकरणों से संबंधित अद्यतन जानकारी, संसाधन सामग्री तथा तकनीकी और लॉजिस्टिक सहयोग उपलब्ध कराएगा। केंद्र के प्रदर्शन के आधार पर भारतीय फार्माकोपिया आयोग जरूरत पड़ने पर निर्धारित मानकों के अनुसार मैटेरियोविजिलेंस एसोसिएट भी उपलब्ध करा सकता है।

# गणेश जन्मोत्सव पर न्यू एरिया में सांस्कृतिक कार्यक्रम, श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर के न्यू एरिया में गणेश जन्मोत्सव पर शिव गणेश सेवा संस्थान के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल रहा। गणपति बप्पा की भक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भगवान श्री गणेश की आराधना की। श्री गणेश जन्मोत्सव को लेकर न्यू एरिया में उत्सव का माहौल बना रहा। शिव गणेश सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भगवान श्री गणेश के प्रति श्रद्धा और आस्था देखने को मिली। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से धार्मिक वातावरण के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में भक्ति गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और गणेश जी की महिमा से जुड़े आयोजन किए गए। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। आयोजन के दौरान लोगों में उत्साह बना रहा। शिव गणेश सेवा संस्थान के द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों एवं प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में धार्मिक गीतों और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया गया।

# कुटुंबा में प्री टास्क के तहत रात्रि रक्त संग्रह अभियान शुरू, दो पंचायतों में उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चलाए जा रहे प्री ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे के अंतर्गत रात्रि रक्त संग्रह अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह अभियान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुटुंबा के अंतर्गत ग्राम पंचायत घेवरा और ग्राम पंचायत संडा के किशुनपुर गांव में शुरू किया गया। ग्राम पंचायत घेवरा में कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया जितेंद्र पासवान के द्वारा किया गया, जबकि किशुनपुर में ग्राम पंचायत संडा के मुखिया गुलाम सरवर ने अभियान का शुभारंभ किया।

# बड़हरा प्रखंड में जलजमाव से त्रस्त ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

## सरैया बाजार में चार घंटे तक सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड में बाढ़ का पानी उतरने के कई दिन बाद भी गांवों में जलजमाव से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा बुधवार को सड़क पर दिखा। भाकपा-माले के बैनर तले सरैया और पश्चिमी गुंडी पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों ने सरैया बाजार चौक पर आरा-सरैया मुख्य मार्ग को करीब चार घंटे तक जाम कर दिया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

**इन गांवों के लोग हुए शामिल**

प्रदर्शन में झोकीपुर, गलचौर, उदयभानपुर, बेला, घेघटा, जगवलिया सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों का कहना था कि मुख्य सड़क और निचले इलाकों में अब भी दो से तीन फीट पानी जमा है। आने-जाने में परेशानी हो रही है, बच्चों में बीमारी फैलने का डर है।

**क्या हैं ग्रामीणों की मुख्य मांगें**

पंपसेट लगाकर तत्काल जलनिकासी और स्थायी समाधान, बाढ़ राहत सूची में छूटे सभी पात्र पीड़ितों का नाम जोड़ना, डूबे फसलों का सर्वे कर मुआवजा देना, सामुदायिक किचन और प्लास्टिक वितरण में धांधली की जांच

**नेताओं ने कहा : अनदेखी बर्दाश्त नहीं**

माले के राज्य स्थायी समिति सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि प्रशासन सिर्फ कागजों पर राहत बांट रहा है, जमीन पर वास्तविक पीड़ित वंचित हैं। माले नेता विजय यादव ने कहा कि किसानों की धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है, जल्द मुआवजा मिलना चाहिए। इनौस के जिलाध्यक्ष विशाल कुमार ने कहा कि अगर स्थायी जलनिकासी नहीं हुई तो आंदोलन और तेज होगा।

**अधिकारियों के आश्वासन पर टूटा जाम**

जाम की सूचना पर बड़हरा बीडीओ और अंचलाधिकारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने उन्हें मांग पत्र सौंपा। सीओ ने मौके से ही पंपसेट से पानी निकासी शुरू कराने और 15 दिनों के भीतर स्थायी जलनिकासी का प्लान बनाने तथा छूटे लोगों को राहत सूची में जोड़ने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया। प्रदर्शन में नंदजी, विष्णु ठाकुर, भोला यादव, दीपक रवानी, योगेंद्र पासवान, नागा राम, चंद्रावती देवी, लालमुनि देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# लंबित मामलों के निष्पादन का एसडीपीओ ने दिया निर्देश

### बबुरा थाना में एसडीपीओ ने की समीक्षा बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बड़हरा (भोजपुर)।** बबुरा थाना परिसर में बुधवार को सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह ने थाना के लंबित मामलों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने दर्जनों लंबित कांडों का निष्पादन किया और कई मामलों में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में थानाध्यक्ष संजय कुमार एवं केस के अनुसंधानकर्ता पु.अ.नि. अमरेश कुमार, पु.अ.नि. परशुराम सिंह, पु.अ.नि. रंजीत कुमार, पु.अ.नि. सुनीता कुमारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ लंबित कांडों की समीक्षा की गई। एसडीपीओ ने सभी आईओ को लंबित मामलों का त्रुटि रहित और शीघ्र निष्पादन करने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही कुर्की-वारंट के निष्पादन, अपराध पर नियंत्रण और शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई तेज करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित गश्ती और वाहन चेकिंग अभियान जारी रखा जाएगा।

### जीटी रोड सिक्स लेन का निर्माण कार्य नहीं हो सका पूर्ण

**औरंगाबाद।** जीटी रोड के सिक्सलेन निर्माण कार्य अबतक पूर्ण नहीं हो सका है। निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। एनएचएआई ने निर्माण कंपनी को दिसंबर 2026 तक सभी कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य दिया है। अधिकांश सड़क निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और अब केवल कुछ प्रमुख संरचनाओं जैसे वाहन अंडरपास और पब्लिक अंडर पास का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। शिवगंज में वीयूपी, ओरा में पीयूपी बनकर तैयार है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### संकट की घड़ी में...

इस बार जलस्तर 2016 की ऐतिहासिक बाढ़ से भी लगभग एक फीट ऊपर चला गया है। 10 दिनों से अधिक समय तक लगातार पानी में डूबे रहने के कारण केले और मक्के की फसलें पूरी तरह खराब हो गई हैं। लगभग 50 लाख लोग इस विभीषिका से सीधे प्रभावित हुए हैं। लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं, मकानों को क्षति पहुंची है और पशुधन की भी हानि हुई है। उन्होंने कहा कि किसानों की खून-पसीने की कमाई को पानी में डूबते देखना अत्यंत पीड़ादायक है लेकिन अन्नदाताओं को हताश होने की आवश्यकता नहीं है, सरकार उनकी मेहनत और आजीविका की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। शिवराज सिंह चौहान ने संकट के समय में राज्य सरकार की मुस्तैदी की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में प्रशासन दिन-रात राहत और बचाव कार्यों में लगा हुआ है। राज्य सरकार द्वारा तात्कालिक सहायता के रूप में प्रत्येक प्रभावित परिवार के बैंक खाते में 7,000 रुपए की राशि सीधे अंतरित करने का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बोट के जरिए डॉक्टरों और पैरामेडिकल टीमों को भेजकर घर-घर व शिविरों में चिकित्सा सहायता और दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रभावित परिवारों के लिए सुरक्षित आश्रय, स्वच्छ पेयजल, सूखे राशन तथा गर्म भोजन के पैकेटों का सुचारू वितरण सुनिश्चित किया गया है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार अपने राज्य आपदा राहत कोष और संसाधनों से त्वरित मदद पहुंचा रही है लेकिन व्यापक पुनर्निर्माण के लिए केंद्र सरकार पूरी ताकत झोंकेगी। उन्होंने बताया कि आज कृषि एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी प्राथमिक स्थिति देख रहे हैं। इसके तुरंत बाद केंद्र सरकार की ओर से एक विस्तृत अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल बिहार भेजा जाएगा। यह दल राज्य के विभिन्न जिलों में हुए नुकसान-विशेषकर कृषि फसलों, सड़कों, पुल-पुलियों, मकानों और पशुधन की क्षति का विस्तृत आकलन करेगा। राज्य सरकार द्वारा एनडीआरएफ के तहत जो भी औपचारिक प्रस्ताव भेजा जाएगा उसके अनुरूप केंद्र सरकार बिना किसी विलंब के पर्याप्त वित्तीय व भौतिक सहायता जारी करेगी। बाढ़ पीड़ितों को ढांढस बंधाते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं बिहार की आदरणीय जनता जनार्दन को केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री की ओर से आश्वस्त करता हूं कि भले ही यह संकट बहुत बड़ा है लेकिन हमारे हौसले और सेवा का संकल्प उससे भी बड़ा है। इस संकट के पार निकालने में हम राज्य सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। किसी भी पीड़ित परिवार को बेसहारा नहीं रहने दिया जाएगा। दिनभर विभिन्न जिलों के बाढ़ प्रभावित इलाकों, तटबंधों और राहत शिविरों का सघन दौरा करने के पश्चात केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान शाम में मुख्यमंत्री आवास पर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में केंद्रीय एवं राज्य सरकार के सभी संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे। इस क्रम में राहत सामग्री के वितरण, स्वास्थ्य सेवाओं, फसलों के मुआवजे की कार्ययोजना तथा क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की बहाली को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गये।

### भूमिहीनों को घर ...

कराने का प्रयास जारी है। मंत्री ने पीएम आवास के सर्वेक्षण में सामने आई विसंगति की भी समीक्षा के निर्देश दिए। सर्वे में एक करोड़ चार लाख 90 हजार से अधिक नाम सामने आए हैं जबकि वास्तविक पात्र लाभुकों की संख्या करीब 62 से 63 लाख बताई गई है। अधिकारियों को इसकी गहन जांच करने को कहा गया है। बिहार को वर्ष 2026-27 के लिए 11 लाख 18 हजार 937 नए आवासों का लक्ष्य मिला है। मंत्री ने वीबी-जी राम जी योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण के साथ रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे। निर्धारित समय में योजना पूरी नहीं होने पर जुर्माने का भी प्रविधान है।

# परिवार कल्याण पखवाड़ा को लेकर सारथी रथ रवाना

### परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों के प्रति लोगों को करेगा जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में परिवार कल्याण पखवाड़ा को लेकर बुधवार को पीएचसी नावकोठी से जागरूकता सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हिमांशु ने रथ को रवाना करते हुए कहा कि परिवार कल्याण पखवाड़ा का उद्देश्य लोगों को परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों की जानकारी देकर छोटे और सुखी परिवार के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि सारथी रथ प्रखंड की महेशवाड़ा, पहसारा पश्चिमी, पहसारा पूर्वी, डफरपुर, नावकोठी, हसनपुर बागर, रजाकपुर, विष्णुपुर एवं समसा पंचायत के विभिन्न मुहल्लों में भ्रमण करेगा। इस दौरान लोगों को परिवार को सीमित रखने के लिए अपनाए जाने वाले अस्थायी एवं स्थायी साधनों के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। जागरूकता अभियान के दौरान महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी जैसे स्थायी साधनों के साथ अन्य परिवार नियोजन उपायों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की टीम लोगों को परिवार नियोजन से जुड़े भ्रम एवं भ्रांतियों को दूर कर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करेगी। मौके पर बीसीएम उषा कुमारी, सदानंद भारती सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मी मौजूद थे।

# बबुरा फोरलेन सड़क पुल पर 1100 दीयों से सजेगा आशीर्वाद

## होगी मां गंगा की महाआरती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से 17 सितंबर को बड़हरा में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में बबुरा स्थित गंगा फोरलेन पुल पर 1100 दीये जलाकर दीपोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम से पहले मां गंगा की भव्य महाआरती और वेद मंत्रोच्चार भी होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बुधवार को बबुरा हाईस्कूल में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन को यादगार बनाने के उद्देश्य से आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। बबुरा गंगा फोरलेन पुल पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में 1100 दीये प्रज्वलित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आयोजन को भव्य और यादगार बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 25 वर्षों से सेवा के कार्य में जुटे हैं। उनके विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए कार्यकर्ता भी लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में 27 स्थानों पर इस तरह के कार्यक्रम प्रस्तावित हैं, जिसमें बबुरा का आयोजन भी शामिल है। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह ने बताया कि 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के तहत भोजपुर जिले में 11 सार्वजनिक स्थानों पर दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इन सभी स्थानों पर अलग-अलग भाजपा नेता और कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होंगे। बैठक में संजय कुमार सिंह, धनंजय तिवारी, संजय तिवारी, टुनटुन बिंद, धीरज सिंह, यशवंत नारायण, संतोष सिंह सेंटू, सत्येंद्र पांडेय, पिंटू सिंह, नवीन सिंह, संदीप सिंह, उज्ज्वल सिंह, बली सिंह, रघुवीर कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नबीनगर बाजार में जर्जर तार व पोल से हादसे का खतरा

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऊर्जा विभाग सुरक्षित और निर्बाध बिजली आपूर्ति का दावा कर रहा है परंतु नबीनगर नगर पंचायत के मुख्य बाजार क्षेत्र में जर्जर बिजली के तार और पोल लोगों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। बस स्टैंड से शनिचर बाजार तक घनी आबादी के बीच घरों और दुकानों के ऊपर से पुराने और जर्जर तार गुजर रहे हैं।

# कुटुंबा में रात्रि रक्त संग्रह अभियान शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चलाए जा रहे प्री ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे के अंतर्गत रात्रि रक्त संग्रह अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह अभियान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुटुंबा के अंतर्गत ग्राम पंचायत घेवरा और ग्राम पंचायत संडा के किशुनपुर गांव में शुरू किया गया। ग्राम पंचायत घेवरा में कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया जितेंद्र पासवान के द्वारा किया गया, जबकि किशुनपुर में ग्राम पंचायत संडा के मुखिया गुलाम सरवर ने अभियान का शुभारंभ किया। दोनों जगहों पर जनप्रतिनिधियों ने स्वयं मौजूद रहकर लोगों को जागरूक किया और स्वास्थ्य टीम का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर अनिल कुमार सिंह, प्रोग्राम लीड विजय कुमार, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक अक्षय पासवान, लैब टेक्नीशियन, सहायक कर्मी, आशा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि फाइलेरिया रोग की जांच के लिए रात में रक्त लेना अनिवार्य होता है, क्योंकि फाइलेरिया का परजीवी माइक्रोफाइलेरिया रात 10 बजे के बाद ही रक्त में सक्रिय होता है। इसी कारण स्वास्थ्य विभाग की टीम देर शाम घर-घर जाकर लोगों के रक्त के नमूने एकत्र कर रही है। इस सर्वे के बाद यह तय होगा कि क्षेत्र में फाइलेरिया का प्रसार रोका गया है या नहीं। मुखिया जितेंद्र पासवान और गुलाम सरवर ने ग्रामीणों से अपील की वे किसी भी तरह की अफवाह से बचें और निशुल्क होने वाली इस जांच में बढ़-चढ़कर सहयोग करें। वहीं मुखिया ने रक्त देकर अभियान की शुरुआत की। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग ने लक्ष्य रखा है कि अगले कुछ दिनों में चिन्हित गांवों के सभी लोगों का रक्त नमूना एकत्र किया

# मृतक के परिजन को सीओ ने सौंपा चार लाख का चेक

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के भटौरा पंचायत निवासी मृतक अमन कुमार, पिता मुकेश पासवान के परिजन को बुधवार को शिवाजीनगर अंचल प्रशासन की ओर से चार लाख रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। शिवाजीनगर की अंचल अधिकारी अम्रपाली यादव ने मृतक के परिजन को चार लाख रुपये का चेक सौंपा चेक प्रदान करते हुए अंचल अधिकारी ने कहा कि आपदा अथवा दुर्घटना में मृत्यु होने की स्थिति में सरकार की ओर से निर्धारित प्रावधानों के तहत पीड़ित परिवार को सहायता राशि उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में मृतक अमन कुमार के परिजन को सहायता राशि प्रदान की गई है। सहायता राशि मिलने से मृतक के परिवार को आर्थिक संकट की स्थिति में कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। चेक प्रदान किए जाने के दौरान अंचल कार्यालय के सभी कर्मी मौजूद रहे। मौके पर अंचल प्रशासन की ओर से आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई तथा पीड़ित परिवार को हरसंभव प्रशासनिक सहयोग का भरोसा दिलाया गया इस अवसर पर अंचल कार्यालय के कर्मियों ने भी परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रशासन की ओर से कहा गया कि पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के अनुसार मिलने वाली सहायता उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा

आवश्यक सूचना
(नोटिस)


Schedule XLIII - High Court (M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974.]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
एक मतहम शखस को हाजिर करने का इश्तिहार।
(1) नाम व शिनाख्त पता
(2) किया है या करने का उस पर शुब्हा है।
(3) नाम
(4) फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकूर उसपर जारी न हो सके।
(4) मोकाम।
(6) इस अदालत व रूबरू मेरे।
(SPL)
Printed by : Prisoners of B. M. C. Jail, Hotwar, Ranchi, Phone : 0651 - 2276012

नाम–(1) धीरेन्द्र यादव, उम्र–22 वर्ष, पिता–रमेश यादव, सा0–गरबांध थाना–नगर उंटारी, जिला–गढ़वा झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप नगर उंटारी थाना कांड सं0–166/25, दिनांक–21.10.2025, धारा–126(2), 115(2), 118(1), 303(2), 352, 351(2), 351(3), 74, 76, 64, बी0एन0एस0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे हैं। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्रीमती राजश्री अपर्णा कुजुर, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–17.08.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–22.08.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार है। उक्त इश्तिहार में आपको अविलंब माननीय न्यायालय, श्रीमती राजश्री अपर्णा कुजुर, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप अविलंब माननीय न्यायालय, श्रीमती राजश्री अपर्णा कुजुर, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 389913 Police(26-27).D


# लंगुराही जंगल से लकड़ी काटकर जीवन यापन करती हैं महिलाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिले के ग्रामीण एवं वन क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं के सामने आजीविका का संकट बना हुआ है। रोजगार के पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं होने के कारण कई महिलाएं जंगल से लकड़ी लाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करने में जुटी हैं। लंगुराही जंगल से लकड़ी काटकर जीवन यापन करने वाली महिलाओं की दिनचर्या ग्रामीण अर्थव्यवस्था और वन क्षेत्र में रहने वाले परिवारों की चुनौतियों को सामने लाती है। सुबह होते ही महिलाएं घर का कामकाज निपटाकर जंगल की ओर निकल पड़ती हैं। इसके बाद लकड़ी लेकर लौटती हैं और उसे बेचकर परिवार की जरूरतें पूरी करने का प्रयास करती हैं। लंगुराही जंगल के आसपास रहने वाले ग्रामीण परिवारों के लिए जंगल लंबे समय से जीवन का महत्वपूर्ण आधार रहा है। ग्रामीणों की आजीविका खेती, मजदूरी और जंगल से मिलने वाले संसाधनों पर निर्भर रहती है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाएं जंगल से लकड़ी लाकर उसे स्थानीय स्तर पर बेचती हैं। इससे मिलने वाली आमदनी से घर का राशन, बच्चों की पढ़ाई और अन्य घरेलू जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलती है। मदनपुर के गांधी नगर की लक्ष्मी देवी, पार्वती देवी, गुलाब बिगहा निवासी मुन्नी देवी सहित महिलाओं का कहना है कि गांव में नियमित रोजगार के अवसर सीमित हैं। खेती से पूरे साल आमदनी नहीं होती और मजदूरी का काम भी हर दिन उपलब्ध नहीं रहता। ऐसे में जंगल से लकड़ी लाना उनके लिए आय का एक साधन बन गया है। परिवार की आर्थिक स्थिति को संभालने में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। ग्रामीण महिलाओं की दिनचर्या काफी मेहनत भरी है। घर के कामकाज के बाद वे जंगल की ओर जाती हैं। वहां लकड़ी एकत्र करने और उसे घर तक लाने में काफी समय और मेहनत लगती है। लकड़ी को सिर पर या अन्य स्थानीय साधनों से ढोकर घर तक लाया जाता है। इसके बाद उसे बाजार या आसपास के क्षेत्रों में बेचने का प्रयास किया जाता है। इस काम में शारीरिक मेहनत के साथ-साथ जंगल के रास्तों और मौसम की चुनौतियों का सामना भी करना पड़ता है। गर्मी, बारिश और सर्दी के मौसम में भी परिवार की जरूरतों के लिए महिलाओं को काम करना पड़ता है। कई परिवारों में महिलाओं की इस आमदनी का घरेलू खर्च में अहम योगदान रहता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं होने से गरीब परिवारों की परेशानी बढ़ती है। नियमित मजदूरी, छोटे उद्योग, स्वरोजगार और अन्य आय के साधन उपलब्ध हों तो महिलाओं को जंगल पर इस तरह निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने की जरूरत है, ताकि वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकें। महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूह, हस्तशिल्प, लघु उद्योग, पशुपालन, बकरी पालन और अन्य स्वरोजगार योजनाएं आजीविका का विकल्प बन सकती हैं। यदि इन योजनाओं का लाभ जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाया जाए तो ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। बता दें कि लंगुराही जंगल जैसे वन क्षेत्रों का पर्यावरणीय महत्व है। जंगलों से पेड़-पौधे, वन्यजीव और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण जुड़ा हुआ है। ऐसे में वन संरक्षण और जंगल पर निर्भर ग्रामीण परिवारों की आजीविका के बीच संतुलन जरूरी है। महिलाओं के लिए जंगल से लकड़ी लाना उनकी आर्थिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन वन संसाधनों के संरक्षण के लिए लागू नियमों का पालन भी आवश्यक है। इस स्थिति में प्रशासन और वन विभाग के सामने चुनौती यह है कि वन क्षेत्र की सुरक्षा के साथ-साथ वहां रहने वाले परिवारों के लिए वैकल्पिक रोजगार के साधन विकसित किए जाएं।


## कार्यालय, कृषि उत्पादन बाजार समिति, डालटनगंज (पलामू)

### इच्छा की अभिव्यक्ति

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य बाजार प्रांगण में पूर्व से निर्मित 2500 एम0टी0 क्षमता का गोदाम सं0–01 (14160 वर्गफीट) रिक्त है, जिसका आवंटन किया जाना है। पर्षदीय निदेशानुसार कृषि उपज का संव्यवहार करनेवाले भारत सरकार/ झारखण्ड सरकार के सरकारी संस्थान को आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। यदि किसी भी सरकारी संस्थान के द्वारा उक्त गोदाम के आवंटन हेतु आवेदन प्राप्त नहीं होता है तो उस स्थिति में कृषि उपज का व्यवसाय करनेवाले व्यापारी/फर्म को उक्त गोदाम का आवंटन करने पर विचार हेतु प्रबंध निदेशक, झारखण्ड राज्य कृषि विपणन पर्षद, राँची से अनुरोध किया जाएगा एवं अनुमोदन प्राप्त होने के उपरांत समिति/पर्षद के नियम एवं शर्त्तों के अधीन ही आवंटन किया जाएगा, जो आवंटीधारी पर पूर्णरूपेण लागू एवं बाध्यकारी होगा। साथ ही गोदाम जिस अवस्था में है, उसी अवस्था में आवंटन किया जाएगा।

अतः इच्छुक भारत सरकार/झारखण्ड सरकार के अधिकृत सरकारी संस्था एवं कृषि उपज का व्यवसाय करनेवाले व्यापारी/फर्म अपना–अपना आवेदन दिनांक– 30.09.2026 तक कार्यालय काल में समर्पित कर सकते है।

एक से ज्यादा आवेदन प्राप्त होने पर लाटरी से आवंटन किया जाएगा तथा किसी भी आवेदन को अस्वीकृत करने का अधिकार समिति को सुरक्षित रहेगा। अधिक जानकारी हेतु बाजार समिति, कार्यालय में कार्यालय अवधि (अवकाश छोड़कर) में संपर्क किया जा सकता है।

ह0/–
पणन सचिव
कृषि उत्पादन बाजार समिति,
डालटनगंज (पलामू

PR 389903 (District) 26-27 (D)

# बरौनी रिफाइनरी ने विश्व ओजोन दिवस पर किया वॉकाथॉन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरौनी।** बरौनी रिफाइनरी ने विश्व ओजोन दिवस की थीम 'ग्लोबल एक्शन फॉर कूलर प्लैनेट' के तहत ओजोन परत संरक्षण को लेकर जन-जागरूकता अभियान चलाया। 15 सितंबर को विशेष जागरूकता सत्र में ओजोन परत की भूमिका और यूभी किरणों से बचाव पर जानकारी दी गई। 16 सितंबर को टाउनशिप में वॉकाथॉन का आयोजन हुआ, जिसका नेतृत्व कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा ने किया। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक हंसराज गणवीर, भास्कर हजारिका, राजू माशाहारी, ऑफिसर्स एसोसिएशन व बीटीएमयू प्रतिनिधि मौजूद रहे। वॉकाथॉन में 100 से अधिक कर्मचारियों और निवासियों ने भाग लिया। केंद्रीय विद्यालय, बरौनी टाउनशिप में भी जागरूकता सत्र और क्विज का आयोजन हुआ, जिसका संचालन महाप्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता और वरिष्ठ प्रबंधक पी. गिरिधरन ने किया। रिफाइनरी ने हरित और स्वच्छ भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।

## गर्भवतियों, गंभीर रूप से बीमार मरीजों को सुरक्षित एवं समयबद्ध तरीके से स्वास्थ्य संस्थान में पहुंचाएगी एंबुलेंस

## ओजोन दिवस पर संगोष्ठी एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय भूगोल विभाग में बुधवार को 'विश्व ओजोन दिवस' के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया इस। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ अनुरंजन ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ रानी सिंह ने ओजोन परत संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल जो 16 सितम्बर, 1987 को ओजोन संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किया गया, वह विश्व की सबसे सफल प्रयासों में एक है। उन्होंने डब्लुएमओ की नवीनतम रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए बतलाया कि वैश्विक प्रयासों से ओजोन परत में सुधार हो रहा है। डॉ सुनील कुमार सिंह ने ओज़ोन परत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए वृक्षणरोपण के लिए प्रेरित करते हुए रीयूज, रिड्यूस और रिसाइकिल की पद्धति को अपनाने पर जोड़ दिया। अध्यक्षीय वक्तव्य में डॉ अनुरंजन ने ओज़ोन परत की संरचना, अतिविशिष्ट महत्त्व एवं कार्यों पर प्रकाश डाला। मानव के द्वारा विकासात्मक कार्यों एवं उच्च स्तरीय जीवन व्यवस्था के लिए आधुनिक उपकरणों के द्वारा हो रहे प्रदूषण के दूरगामी परिणाम की ओर सभी को सचेत किया। पृथ्वी, पर्यावरण और ओज़ोन मंडल ये सब आपस में मिलकर ही मानव के लिए एक सुरक्षित घर प्रदान करता है। इसमें कोई भी असंतुलन अनेक प्रकार के कयामत को आमंत्रित करता है। मंच संचालन डॉ मनु राज शर्मा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ रश्मि शिखा ने किया। इसी कार्यक्रम के दौरान विभाग में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें तृतीय सेमेस्टर की छात्रा स्तुति कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं तृतीय सेमेस्टर के छात्र शिवम कुमार ने द्वितीय पुरस्कार अपने नाम किया। इस मौके पर विभाग के शोधार्थीगण एवं पीजी के प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# बारिश में सड़क ध्वस्त, महादलित बस्ती का संपर्क टूटा

## स्कूल वाहन के दूर रुकने से बच्चों को परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के विष्णुपुर पंचायत स्थित मनेरपुर जाने वाली सड़क रेन कट के कारण ध्वस्त हो गई है। सड़क टूट जाने से मनेरपुर महादलित बस्ती के करीब एक हजार लोगों का पंचायत और प्रखंड मुख्यालय से संपर्क प्रभावित हो गया है। सड़क के क्षतिग्रस्त होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व पंचायत समिति सदस्य देवेंद्र पासवान ने बताया कि सैदपुर चौक से मनेरपुर तक करीब 2.1 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण वर्ष 2011 में कराया गया था। इसके बाद वर्ष 2025 में पूर्व विधायक सूर्यकांत पासवान के प्रयास से सड़क की मरम्मत कराई गई थी, जिस पर करीब 70 लाख रुपये खर्च हुए थे। लगातार हुई तेज बारिश के कारण रामोतार सहनी के डेरा के समीप सड़क के नीचे की मिट्टी पानी के तेज बहाव में बह गई, जिससे सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह ध्वस्त हो गया। सड़क टूट जाने से सबसे अधिक परेशानी

**ग्रामीणों ने की मरम्मत की मांग**



स्कूली बच्चों को हो रही है। स्कूल वाहन बस्ती तक नहीं पहुंच पा रहा है और करीब एक किलोमीटर दूर ही खड़ा करना पड़ता है। बच्चों को वहां तक पैदल जाना पड़ता है जिससे बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार मनेरपुर बस्ती से बाहर निकलने के लिए कोई दूसरा वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध नहीं है जिसका वे लोग इस्तेमाल कर सके। ग्रामीणों ने शीघ्र सड़क की मरम्मत की मांग की है ताकि उनलोगों की समस्याओं का समाधान हो सके।

# जिले के सभी स्कूलों में जलेगा 'आशीर्वाद का दीया'

## सेवा ही संकल्प अभियान के तहत दीप प्रज्ज्वलन के साथ बनेगा शॉर्ट वीडियो

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** सेवा ही संकल्प अभियान के तहत जिले के सभी सरकारी विद्यालयों और शिक्षा विभाग के कार्यालयों में 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जिले के सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों एवं प्रारंभिक, मध्य, माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। निर्देश के अनुसार 17 सितंबर को विद्यालयों में दीप प्रज्ज्वलित कर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा गया है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों में सरकार की ओर से संचालित लाभकारी योजनाओं तथा विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई विभिन्न सुविधाओं से विद्यार्थियों को मिल रहे लाभ से संबंधित शॉर्ट वीडियो भी तैयार किया जाना है। तैयार वीडियो को संबंधित प्रखंड कार्यालय के ऑपरेटर अथवा लेखा सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी बीईओ एवं प्रधानाध्यापकों को विद्यार्थियों को कार्यक्रम के लिए अधिक से अधिक प्रोत्साहित करते हुए आयोजन को सफल बनाने का निर्देश दिया है। इधर, भगवानपुर प्रखंड में भी कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, भगवानपुर द्वारा ज्ञापांक 365, दिनांक 16 सितंबर 2026 के माध्यम से प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापकों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ आदेश जारी किया गया है। विद्यालयों में दीप प्रज्ज्वलन के साथ विद्यार्थियों को विभागीय योजनाओं से मिल रहे लाभ को रेखांकित करते हुए वीडियो तैयार करने की तैयारी की जा रही है।

# पांडुलिपियां हमारी ऐतिहासिक विरासत की अमूल्य धरोहर : डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित 'ज्ञान भारतम् मिशन' के तहत पूरे देश में महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पांडुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिलाधिकारी कौशल कुमार ने बुधवार को मिथिला संस्कृत स्नातकोत्तर अध्ययन एवं शोध संस्थान का निरीक्षण कर संस्थान में संरक्षित महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पांडुलिपियों के डिजिटाइजेशन कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संस्थान में उपलब्ध पांडुलिपियों की स्थिति, उनके संरक्षण तथा डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से जानकारी ली। उन्होंने डिजिटाइजेशन के लिए अपनाई जा रही तकनीकी प्रक्रिया का भी अवलोकन किया तथा कार्य की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि संस्थान में उपलब्ध सभी महत्वपूर्ण पांडुलिपियों का सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं उच्च गुणवत्ता के साथ डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटाइजेशन का कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरी सावधानी एवं तकनीकी दक्षता के साथ किया जाए, ताकि भविष्य में इन दुर्लभ पांडुलिपियों को डिजिटल माध्यम से सुरक्षित रखा जा सके और आवश्यकता के अनुसार शोधार्थियों एवं अन्य संबंधित लोगों के लिए उपयोगी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पांडुलिपियां हमारी समृद्ध ज्ञान परंपरा, संस्कृति, साहित्य एवं ऐतिहासिक विरासत की अमूल्य धरोहर हैं। इनमें हमारी सभ्यता और ज्ञान-विज्ञान की महत्वपूर्ण जानकारी संरक्षित है। ऐसे में इनके संरक्षण के साथ-साथ आधुनिक तकनीक के माध्यम से डिजिटल स्वरूप में सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि डिजिटाइजेशन के दौरान पांडुलिपियों की सुरक्षा एवं मूल स्वरूप को अक्षुण्ण रखते हुए कार्य किया जाए। उन्होंने संस्थान के अधिकारियों को पांडुलिपियों की सूचीकरण, वर्गीकरण एवं संरक्षण की प्रक्रिया को भी व्यवस्थित रखने तथा डिजिटाइजेशन कार्य को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी चंदन कुमार सहित संस्थान के संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



# 'बदलती विश्व व्यवस्था' पर विशेष ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा कौटिल्य कक्ष में परिवर्तनशील विश्व व्यवस्था में भारत : परमाणु राजनीति, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस एवं पश्चिम एशिया के साथ संबंध तथा उभरती वैश्विक चुनौतियां विषय पर विशेष ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो (डॉ) नावेद जमाल थे। उन्होंने अपनी ऑनलाईन प्रस्तुति के माध्यम से बदलती विश्व व्यवस्था में भारत की शक्ति, सामरिक स्वायत्तता, परमाणु नीति और प्रमुख देशों के साथ उसके संबंधों का विश्लेषण किया।



प्रो जमाल ने कहा कि विश्व व्यवस्था का निर्धारण शक्ति के वितरण, अंतरराष्ट्रीय नियमों, वैश्विक संस्थाओं और उनकी वैधता से होता है। वर्तमान विश्व व्यवस्था अमेरिकी एकध्रुवीय प्रभुत्व से आगे बढ़कर प्रतिस्पर्धात्मक एवं बहुध्रुवीय स्वरूप ग्रहण कर रही है। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बावजूद भारत स्वतंत्र विदेश नीति अपनाकर विश्व व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने भारत की विदेश नीति में आए परिवर्तन की चर्चा करते हुए कहा कि भारत की नीति परंपरागत गुटनिरपेक्षता से आगे बढ़कर अब बहुसंरेखण पर आधारित हो गई है। भारत क्वाड, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे अलग-अलग मंचों से जुड़कर विषय और राष्ट्रीय हित के अनुसार सहयोग कर रहा है। बहुसंरेखण का उद्देश्य किसी एक शक्ति-गुट पर निर्भर होने के स्थान पर विभिन्न देशों के साथ संतुलित संबंध बनाए रखना है। मुख्य वक्ता ने स्पष्ट किया कि रणनीतिक स्वायत्तता का अर्थ अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था से अलग रहना नहीं, बल्कि उसके भीतर स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता बनाए रखना है। इसका वास्तविक निर्धारण राजनीतिक वक्तव्यों से नहीं, बल्कि किसी देश की आर्थिक, औद्योगिक, तकनीकी और सैन्य क्षमता से होता है। भारत जनसंख्या, अर्थव्यवस्था, सैन्य शक्ति, अंतरिक्ष कार्यक्रम और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के आधार पर विश्व की एक महत्त्वपूर्ण शक्ति है, लेकिन प्रति व्यक्ति आय, अनुसंधान एवं विकास, विनिर्माण, ऊर्जा आयात और रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभी भी कई सीमाएँ मौजूद हैं।

परमाणु राजनीति की चर्चा करते हुए प्रो. जमाल ने भारत की विश्वसनीय न्यूनतम निवारण क्षमता, परमाणु हथियारों का पहले प्रयोग नहीं करने की नीति और जवाबी कार्रवाई के सिद्धांत को रेखांकित किया। उन्होंने भारत, चीन और पाकिस्तान के त्रिकोणीय परमाणु संबंधों को दक्षिण एशियाई सुरक्षा के लिए महत्त्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अनिल कुमार चौधरी ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों और भारत की विदेश नीति को समझने के लिए इस प्रकार के अकादमिक व्याख्यान अत्यंत उपयोगी हैं। विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो मुनेश्वर यादव ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए मुख्य वक्ता का अभिनंदन किया। उन्होंने व्याख्यान के विषय को अत्यंत सामयिक बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका का गंभीर अध्ययन आवश्यक है। इस अवसर पर विभागीय प्राध्यापक डॉ मनोज कुमार, डॉ रघुवीर कुमार रंजन और डॉ नीतू कुमारी सहित बड़ी संख्या में शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता की तथ्यपूर्ण एवं विश्लेषणात्मक प्रस्तुति से विद्यार्थियों और शोधार्थियों को बदलती विश्व व्यवस्था तथा उसमें भारत की भूमिका को समझने का महत्त्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ।

## संस्कार भारती बेगूसराय जिला इकाई का गठन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सर्वोदय नगर स्थित संस्कार भारती कार्यालय में जिला इकाई के गठन को लेकर बैठक हुई। इसमें उत्तर बिहार प्रांतीय विशेषज्ञ टोली सदस्य डॉ. अमित रौशन प्रांतीय प्रतिनिधि के रूप में शामिल रहे। डॉ. रौशन की देखरेख में सर्वसम्मति से जिला इकाई का गठन किया गया। रामानुज प्रसाद सिंह को जिला अध्यक्ष, कुमार अभिजीत 'मुन्ना' को महामंत्री, चंदन कुमार 'सोनू' को कोषाध्यक्ष तथा नीरज कुमार 'धीरज', सचिन कुमार और बिट्टू कुमार को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में डॉ. रौशन ने नवनियुक्त सदस्यों को बधाई दी और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की। नवनियुक्त अध्यक्ष रामानुज प्रसाद सिंह ने कहा कि सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी लगन से निभाऊंगा। यह गठन उत्तर बिहार प्रांतीय महामंत्री सुरभित जी के निर्देश पर किया गया।

# दुर्गंधयुक्त पानी से लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र की जीवन रेखा कही जाने वाली बलान नदी जो पिछले कई दिनों से पानी के लिए तरस रही थी, उसमें मंगलवार शाम पश्चिम रसीदपुर की ओर से थोड़ा पानी आया। पानी आने से सूख रही जलकुंभी को तो जीवनदान मिल गया, लेकिन यह पानी इतना काला, गंदा और दुर्गंधयुक्त था कि लोगों का जीना मुहाल हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार यह पानी बदबूदार नाले जैसा था, ठीक सड़े हुए शौच की तरह दुर्गंध दे रहा था। नदी किनारे से गुजरने पर उबकाई आने लगती थी। मंगलवार की पूरी रात आसपास के गांवों के लोग दुर्गंध के कारण सो नहीं सके। कई लोग नाक पर मास्क लगाकर या नाक ढककर सोने को मजबूर हुए। ग्रामीणों का कहना है कि नदी किनारे बसे लोग बेखौफ होकर गीला और सूखा कचरा सीधे नदी में बहा देते हैं। इतना ही नहीं, दर्जनों घरों के शौचालयों को सीधे बलान नदी से जोड़ दिया गया है, जिससे शौचालय साफ करने की झंझट ही खत्म हो जाती है। जब नदी सूखी थी तो सारी गंदगी वहीं जमा हो गई थी, अब थोड़े पानी के साथ वह गंदगी बहकर पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैला रही है। बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि सरकार जल-जीवन और नदी संरक्षण का सिर्फ नारा देती है, जमीन पर ईमानदारी से काम नहीं होता। बलान नदी को बचाने के लिए ठोस और सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

## महिला ने फंासी लगाकर दी जान

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** तेयाय ओपी क्षेत्र के पिढौली गांव विका सुल्तान वार्ड-1 में बुधवार को 33 वर्षीय हिना देवी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका प्रमोद शर्मा की पत्नी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। परिजनों के अनुसार हिना का विवाह 14 साल पहले हुआ था, तीन बेटियां हैं।

## पिस्तौल के साथ दो गिरफ्तार

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मिर्ज़ा टोली में बलिया पुलिस की टाइगर मोबाइल टीम ने अपराध की योजना बना रहे दो युवकों को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने बताया कि निर्देश पर टाइगर मोबाइल ने चिह्नित जगह पर छापेमारी की। पुलिस को देखकर अपराधी भागने लगे, जिन्हें खदेड़कर जवानों ने पकड़ा। तलाशी में एक देसी कट्टा, 6 खोखा और तीन मोबाइल बरामद हुए। गिरफ्तार युवकों की पहचान छोटी बलिया कर्पूरी चौक निवासी बाबू साह उर्फ वीरप्पन और छोटी बलिया ऊपर टोला निवासी शैलेश कुमार के रूप में हुई है।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा को लेकर बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के सफल क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को ई-किसान भवन में पदाधिकारियों और स्वच्छता कर्मियों की संयुक्त बैठक हुई। अध्यक्षता डीसी आफताब आलम ने की।डीसी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन और लोहिया स्वच्छता अभियान राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसे जनभागीदारी से ही सफल बनाया जा सकता है। 2 अक्टूबर तक विभिन्न विभागों के समन्वय से जनजागरूकता अभियान चलेगा।आईसीडीएस, स्वास्थ्य, शिक्षा और जीविका विभाग गांव-मोहल्लों में स्वच्छता का महत्व बताएंगे, स्कूलों-आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को हाथ धुलाई के प्रति जागरूक करेंगे और गीले-सूखे कचरे को अलग कर स्वच्छता मित्र को देने के लिए प्रेरित करेंगे।बैठक में बीडीओ राहुल रंजन, बीपीएम मनोरंजन कुमार, बीएचएम आनंद ईश्वर, सीडीपीओ गुंजन मौली सहित अन्य मौजूद थे।

## पैक्स अध्यक्ष की बैठक

**बलिया।** अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश पर बलिया प्रखंड सभागार में अनुमंडल स्तरीय पैक्स अध्यक्षों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अध्यक्षों ने अपनी-अपनी पैक्स की समस्याओं से एसडीएम अजय यादव को अवगत कराया।सादपुर पूर्वी पैक्स अध्यक्ष मनोज यादव और मनसेरपुर पैक्स अध्यक्ष रजनीकांत सिंह ने पूर्व में हुए घोटाले की जानकारी दी। इस पर एसडीएम ने प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अमरनाथ कुमार को तुरंत जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। मौके पर साहेबपुर कमाल और बलिया के बीडीओ, बीसीओ अमरनाथ कुमार, डंडारी बीसीओ अश्विनी कुमार थे।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से संभावित उम्मीदवार के रूप में डॉ. घनश्याम राय के नाम की चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के आगामी चुनाव के लिए जनता दल (यू) से डॉ. घनश्याम राय के संभावित उम्मीदवार होने की चर्चा शुरू होने से उनके समर्थकों और विभिन्न सामाजिक वर्गों में उत्साह देखा जा रहा है। पार्टी स्तर पर उनके नाम को लेकर संजय झा के साथ चर्चा होने की बात कही गई है। चर्चा के अनुसार, डॉ. राय अत्यंत पिछड़ा वर्ग की अमात जाति से आते हैं और उनकी संभावित उम्मीदवारी को जदयू द्वारा इस वर्ग को प्रतिनिधित्व देने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।



डॉ. घनश्याम राय वर्तमान में मुंगेर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार हैं। इससे पहले वे नालंदा ओपन विश्वविद्यालय और पूर्णिया विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार रह चुके हैं। समस्तीपुर जिले के जीएमआरडी कॉलेज, मोहनपुर में उन्होंने 17 वर्षों तक सहायक प्राध्यापक तथा तीन वर्षों तक प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्य किया। उनके कार्यकाल में कॉलेज में विकास कार्य होने का दावा किया गया है। वे यूआर कॉलेज, रोसड़ा में भी 14 महीने प्रभारी प्राचार्य रहे। शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में डॉ. राय ने सैकड़ों सेमिनार, सम्मेलन और कार्यशालाओं का आयोजन किया है। उनके चार पुस्तकें और 50 से अधिक शोध आलेख प्रकाशित होने की जानकारी दी गई है। शिक्षा और शोध में योगदान के लिए उन्हें आठ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिलने तथा उनके मार्गदर्शन में करीब 10 शोधार्थियों के पीएचडी पूरी करने की बात कही गई है। वे छात्र जीवन से छात्र संगठनों के माध्यम से छात्र हितों से जुड़े रहे हैं। उनके बारे में यह भी बताया गया है कि वे समता पार्टी के गठन के समय से नीतीश कुमार के साथ जुड़े रहे हैं। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के नेतृत्व में पार्टी की राजनीतिक गतिविधियों के बीच दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र को लेकर डॉ. राय के नाम की चर्चा ने क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है।


**मालदा टाउन–आनंद विहार (टी)–मालदा टाउन स्पेशल ट्रेन**

आगामी दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ उत्सव के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 03435/03436 **मालदा टाउन–आनंद विहार (टी)–मालदा टाउन स्पेशल ट्रेन** निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन के दिनों और गठन के अनुसार चलेगी:–

| मालदा टाउन–आनंद विहार (टी) | | | (03435) (03436) | आनंद विहार (टी)–मालदा टाउन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| सोम | – | 09.30 | मालदा टाउन | 22.30 | – | बुध |
| | 12.42 | 12.52 | भागलपुर जंक्शन | 18.10 | 18.20 | |
| | 13.50 | 13.55 | जमालपुर जंक्शन | 16.13 | 16.18 | |
| | 15.15 | 15.20 | किऊल जंक्शन | 15.20 | 15.25 | |
| | 18.15 | 18.20 | गया जंक्शन | 11.40 | 11.45 | |
| मंगल | 13.40 | – | आनंद विहार (टी) | – | 14.50 | मंगल |

**उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें** दोनों दिशाओं में मार्ग में न्यू फरक्का, बड़हरवा जंक्शन, साहिबगंज जंक्शन, पीरपैंती, कहलगांव, सुल्तानगंज, अभयपुर, शेखपुरा, वारिसलीगंज, नवादा, तिलैया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सूबेदारगंज, गोविंदपुरी और टूण्डला जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन के दिन/तिथियाँ: मालदा टाउन से :** 03435 दिनांक 12.10, 19.10, 26.10, 02.11, 09.11, 16.11, 23.11 और 30.11.2026 (सोमवार) को= 08 ट्रिप और **आनंद विहार (टी) से:** 03436 दिनांक 13.10, 20.10, 27.10, 03.11, 10.11, 17.11, 24.11 और 01.12.2026 (मंगलवार) को = 08 ट्रिप। **गठनः** एसी 2 टियर–2, एसी 3 टियर–6, शयनयान श्रेणी–7, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस)–4, एलएसएलआरडी–1, पैंट्री कार–1 (ताली और चाबी के तहत) एवं पावर कार–1 = 22 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सेवा संकल्प अभियान को बनाएं ऐतिहासिक : त्रिविक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** सेवा संकल्प अभियान के तहत औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के बूथ, पंचायत एवं मंडल अध्यक्षों एवं महामंत्रियों के साथ आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में औरंगाबाद के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ अभियान की तैयारियों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से प्रस्तावित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न सेवा गतिविधियों और जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। अभियान के तहत विभिन्न बूथों एवं घरों में 'आशीर्वाद का दीप' जलाने की योजना भी बताई गई है। विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने बूथ स्तर तक कार्यक्रमों के समन्वय, कार्यकर्ताओं की सहभागिता और अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी, विधानसभा प्रभारी दीपक कुमार, सुबोध कुमार सिंह, रंजय अग्रहरि, सुनील कुमार सिंह, राम रूप सिंह एवं चंदन कुमार सिंह, सुजीत सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी सेवा संकल्प कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक व्यवस्थित रूप से संचालित करने तथा अधिकाधिक कार्यकर्ताओं और आम लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करना रहा।

## विभिन्न अपराधों में 42 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशानुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 42 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 21 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में चार, मद्य निषेध अधिनियम के तहत आठ तथा अन्य मामलों में 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 52.70 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है।

## औरंगाबाद के पूर्व एसपी संजय ए. लाटकर बने परमाणु ऊर्जा विभाग में डीजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व पुलिस अधीक्षक और झारखंड कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी संजय ए. लाटकर को केंद्र सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) की मंजूरी के बाद कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने उन्हें परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) में महानिदेशक (डीजी) स्तर की जिम्मेदारी दिए जाने संबंधी अधिसूचना जारी की है। रणनीतिक महत्व वाले परमाणु ऊर्जा विभाग में उन्हें सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों का नेतृत्व करना होगा। संजय आनन्द लाटकर झारखंड कैडर के वर्ष 1995 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। बिहार और झारखंड में अपने लंबे पुलिस सेवा काल के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी निभाई है। वे औरंगाबाद के अलावा अरवल, धनबाद, गिरिडीह और गुमला के पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय में भी उन्होंने आईजी अभियान और एडीजी अभियान जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। औरंगाबाद के पूर्व एसपी रहे संजय ए. लाटकर की परमाणु ऊर्जा विभाग जैसे रणनीतिक महत्व वाले संस्थान में नियुक्ति को उनके लंबे पुलिस अनुभव और सुरक्षा प्रबंधन में विशेषज्ञता से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के रूप में देखा जा रहा है। औरंगाबाद में एसपी के रूप में उनकी सेवाओं को देखते हुए स्थानीय स्तर पर भी इस नियुक्ति को लेकर विशेष चर्चा है।

## किशोरी बरामद, आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** किशोरी को बहला-फुसला कर भगाकर ले जाने वाले आरोपी को एनटीपीसी खैरा पुलिस ने खैरा बाजार से गिरफ्तार किया है। साथ ही नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर लिया है। इसके खिलाफ एनटीपीसी खैरा थाना में एक नाबालिग लड़की के परिजनों ने दो सितंबर को प्राथमिकी दर्ज कराया था जिसमें बताया कि उसकी नाबालिग बेटी (उम्र 15 वर्ष) 31 अगस्त से लापता है। खोजबीन के दौरान जानकारी मिली है कि गांव का ही एक लड़का उसे बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है। इस दौरान उसका कहीं पता नहीं चल रहा है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर एक टीम का गठन किया। टीम ने आरोपी के मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया और लोकेशन की जानकारी ली। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस को अपहता और आरोपी को खैरा बाजार में होने की जानकारी मिली जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर अपहता को सकुशल बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपहता के साथ पुणे (महाराष्ट्र) चला गया था। थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद तत्काल खैरा बाजार से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम में सहभागिता पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आज सभी जिलाधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ 'सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान' के सफल क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा सहित संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान 'सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान' के अंतर्गत आगामी कार्यक्रमों एवं निर्धारित गतिविधियों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव द्वारा अभियान के उद्देश्यों, गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आमजन की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर को प्रथम गतिविधि के रूप में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम की तैयारियों एवं सफल आयोजन को लेकर सभी संबंधित जिला पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा सभी जिलावासियों एवं सामाजिक संगठनों से अपील की गई है कि 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें और इस जनभागीदारी के महत्वपूर्ण हिस्सेदार बनें। सभी के सामूहिक प्रयास एवं सहभागिता से 'सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान' को जन-जन तक पहुँचाने और इसे एक सफल एवं सकारात्मक जन-अभियान बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

## पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर की दीया जलाने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने 17 सितंबर को शाम 6 से 7 बजे के बीच लोगों से अपने-अपने घरों में 'आशीर्वाद का दीया' जलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दीप जलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना करते हुए उन्हें शुभाशीष दें। श्री सिंह ने कहा कि 'जनसेवा से देशसेवा' नरेन्द्र मोदी के जीवन का मूल ध्येय रहा है। सरकार के प्रमुख के रूप में जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को समर्पित उनकी 25 वर्षों की यात्रा अभूतपूर्व रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व ने देश को नई दिशा और सामर्थ्य प्रदान किया है। उनके दिए सामूहिक संकल्प के परिणामस्वरूप देश 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। पूर्व सांसद ने कहा कि देश की इस प्रगतिशील यात्रा और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के प्रति अपनी आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं व्यक्त करने के लिए 17 सितंबर को शाम 6 से 7 बजे के बीच घरों में दीप जलाएं। उन्होंने कहा कि यह छोटा सा प्रयास कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ विकसित भारत के संकल्प के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।

## हत्या मामले में दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय के चतुर्थ जिला जज दिव्या वशिष्ठ ने हसपुरा थाना में दर्ज एक कोड में सज़ा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए दो अभियुक्तों को सज़ा सुनाई है। एपीपी विंदेश्वरी प्रसाद तांती ने बताया कि थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी प्राथमिक अभियुक्त मुंडा शाह और मोईन शाह को भादंवि धारा 302/149 में आजीवन कारावास की सजा और एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर तीन महीने का अतिरिक्त कारावास होगा। वहीं धारा 147/149 में एक साल की सजा सुनाई है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी। हत्या की इस घटना में 10 सितंबर को अभियुक्त मुंडा शाह और मोईन शाह को दोषी ठहराया गया तथा बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया जबकि अन्य अभियुक्त राजा शाह, शमसुर शाह, शहबूब शाह, ननछदा शाह को दोषमुक्त कर दिया गया। आज सजा की बिंदु पर सुनवाई के क्रम में एपीपी ने अधिकतम सज़ा की मांग की तो बचाव पक्ष ने कहा कि अभियुक्त मजदूर और साईं है, कम सज़ा और कम से कम जुर्माना का अनुरोध करते हैं। दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया है।





देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर बहुत-बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं

विजय यादव

महामंत्री

भारतीय जनता पार्टी (किसान मोर्चा), पटना जिला ग्रामीण

पूर्व अध्यक्ष-भाजपा, मसौढ़ी (पटना)



विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

प्रभु इंजीनियरिंग एण्ड एग्रीकल्चर मैन्युफैक्चरिंग वर्क्स

जीटी रोड, फारम चौक, औरंगाबाद (बिहार)

प्रो.-शैलेन्द्र कुमार

विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

शिव प्रभु एग्रो

जेल के सामने, जीटी रोड, फार्म के पास, औरंगाबाद

मो.-9931070606, 6206707234

प्रो.-गीता कुमारी

विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

रोहतास डेयरी प्रोजेक्ट

डिहरी ऑन-सोन (रोहतास) बिहार



COMFED Sudha

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी

विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

नगमतिया मोटर वर्क्स

पुरानी जीटी रोड, औरंगाबाद

अधिकृत विक्रेता : भारत पेट्रोलियम

केवल पेट्रोल के लिए संपर्क करें

बिहार सरकार

श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग

संदेश

बिहार के सभी श्रमिक भाईयों–बहनों, कारीगरों, शिल्पकारों एवं निर्माणकर्मियों को विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। भगवान विश्वकर्मा सृजन, कौशल, श्रम और नवाचार के प्रतीक हैं। यह पर्व हमारे श्रमिकों के परिश्रम, हुनर और सृजनशीलता के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर भी है।

किसी भी राज्य की विकास यात्रा में श्रमिक वर्ग की भूमिका आधारशिला के समान होती है। बिहार सरकार असंगठित, निर्माण एवं प्रवासी श्रमिकों के कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों को विस्तार देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। श्रम सुधारों को धरातल पर उतारने में बिहार ने अग्रणी भूमिका निभायी है। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक श्रमिक को सम्मानजनक कार्य, सुरक्षित कार्य–परिवेश, समय पर पारिश्रमिक और सामाजिक सुरक्षा का अधिकार प्राप्त हो।

मुझे विश्वास है कि श्रमिकों की मेहनत, हुनर और आत्मविश्वास बिहार को विकास एवं समृद्धि की नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। इस पावन अवसर पर सभी लोगों के लिए सुख, समृद्धि, सुरक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता हूँ।

(विजय कुमार चौधरी)
उप मुख्यमंत्री, बिहार

PR No.- 011902 (LRD)D. 2026-27

बिहार सरकार

श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग

संदेश

सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा के पावन अवसर पर मैं प्रदेश के समस्त श्रमिक भाइयों एवं बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ। यह पर्व हमें उन असंख्य हाथों का सम्मान करने की प्रेरणा देता है, जो अपने परिश्रम से राज्य और राष्ट्र के निर्माण में दिन–रात जुटे रहते हैं।

असंगठित, निर्माण और प्रवासी क्षेत्र के श्रमिकों को सम्बल देने के लिए बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना, बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाएँ तथा बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना जैसी अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं।

राज्य सरकार श्रम सुधारों को लागू करने के पूर्णतः प्रतिबद्ध है। बिहार उन अग्रणी राज्यों में शामिल है जिन्होंने भारत सरकार की चार नई श्रम संहिताओं – मजदूरी संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशाएं संहिता तथा सामाजिक सुरक्षा संहिता की नियमावलियों को समय पर अधिसूचित किया है।

नई श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन से श्रमिकों, उद्योगों तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों सभी को समान रूप से लाभ प्राप्त होगा। श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की व्यापक पहुँच, कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी बेहतर मानक, पारदर्शी सेवा शर्तें तथा शिकायत निवारण की सशक्त व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। वहीं उद्योगों एवं उद्यमों को श्रम कानूनों के अनुपालन में सरलता, डिजिटलीकरण आधारित प्रक्रियाएँ, प्रशासनिक दक्षता, निवेश–अनुकूल वातावरण तथा बेहतर औद्योगिक संबंधों का लाभ मिलेगा। राज्य सरकार का विश्वास है कि श्रमिक कल्याण एवं औद्योगिक विकास एक–दूसरे के पूरक हैं तथा नई श्रम संहिताओं के प्रभावी संचालन से बिहार में रोजगार सृजन, निवेश संवर्धन, औद्योगिक प्रगति एवं समावेशी आर्थिक विकास को नई गति प्राप्त होगी।

मैं विश्वकर्मा पूजा के इस पावन अवसर पर आपके सुखद, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

(बिजेंद्र प्रसाद यादव)
उप मुख्यमंत्री, बिहार

PR No.- 011901 (LRD)D. 2026-27

बिहार सरकार

श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग

संदेश

प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी विश्वकर्मा पूजा का आयोजन पूरे राज्य में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सृजन एवं श्रम के आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा की पूजा के इस पावन अवसर पर मैं राज्य के सभी श्रमिक भाइयों एवं बहनों को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई देता हूँ।

प्रवासी श्रमिकों के कल्याण के लिए बिहार सरकार ने हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्रवासी श्रमिकों की दुर्घटना में मृत्यु होने की स्थिति में अनुदान राशि को बढ़ाकर ₹4 लाख किए जाने तथा राज्य के बाहर अथवा विदेश में कार्यरत श्रमिकों की दुर्घटना मृत्यु की स्थिति में पार्थिव शरीर को उनके गृह राज्य तक पहुँचाने का सम्पूर्ण व्यय सरकार द्वारा वहन किए जाने का प्रावधान किया गया है।

राज्य सरकार द्वारा विभिन्न श्रम कानूनों के प्रावधानों का दृढ़तापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही कानून के अनावश्यक बोझ को कम करने के लिए बिहार दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम, 2025 को निरसित कर दिया गया है।

राज्य सरकार श्रम सुधारों को लागू करने हेतु प्रतिबद्ध है। यह गर्व का विषय है कि बिहार उन अग्रणी राज्यों में शामिल है, जिसमे भारत सरकार द्वारा अधिसूचित चार नवीन श्रम संहिताओं, अर्थात् मजदूरी संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशाएं संहिता, 2020 तथा सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के क्रियान्वयन की दिशा में समयबद्ध पहल करते हुए इनके नियमावलियों को अधिसूचित किया है। श्रम संहिताओं का उद्देश्य श्रम कानूनों को सरल, पारदर्शी, तकनीकी रूप से सक्षम एवं अधिक प्रभावी बनाते हुए श्रमिकों को बेहतर सामाजिक सुरक्षा, समय पर मजदूरी, सुरक्षित कार्यस्थल एवं अधिकारों की समुचित सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

राज्य सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, निर्माण श्रमिकों एवं प्रवासी श्रमिकों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना, बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना एवं बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की विभिन्न सहायता योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों एवं उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

विभाग द्वारा प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण, कौशल विकास, रोजगार मार्गदर्शन, सामाजिक सुरक्षा से आच्छादन एवं उनके हितों की रक्षा के लिए भी निरंतर कार्य किया जा रहा है। साथ ही बाल श्रम उन्मूलन, बंधुआ मजदूरी की रोकथाम तथा श्रमिकों के लिए प्रवर्त्तन तंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु विशेष अभियान संचालित किए जा रहे हैं। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि हमारे श्रमिक भाई–बहन अपनी मेहनत, कौशल और समर्पण से बिहार एवं राष्ट्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। श्रमिकों का परिश्रम ही समृद्ध बिहार के निर्माण की आधारशिला है।

पुनः विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ मैं आपके उत्तम स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता हूँ।

(अरूण शंकर प्रसाद)
मंत्री,
श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग

PR No.- 011900 (LRD)D. 2026-27